THE CONCISE SANSKRIT DICTIONARY

SANSKRIT . HINDI . ENGLISH

Meharchand Lachhmandas Publications

THE

CONCISE SANSKRIT DICTIONARY

(SANSKRIT - HINDI - ENGLISH)

Compiled by
Dr. Ram Sagar Tripathi

Chaukhambha Publications
4262/3, Ansari Road, Darya Ganj,
New Delhi - 110 002
Phones : 23268639, 23259050
E-mail : cpub@vsnl.net

Meharchand Lachhmandas Publications
NEW DELHI 110 002 **INDIA**

First Edition : 1990
6th Reprint : October, 2000

Published by R.K. Naahar, Meharchand Lachhmandas Publications,
1 Ansari Road, Daryaganj, New Delhi - 110 002.

Printed at Cambridge Press, Delhi.
Laser typeset by Meharchand Lachhmandas Publications, New Delhi

प्राक्कथन

भारतीय कोश साहित्य का इतिहास वैदिक युग के अत्यधिक चिर अतीत में पहुँचता है जब मार्ग दर्शन के उद्देश्य से निघण्टु (शब्द पुस्तकों) की रचना की जाती थी। इस समय इस प्रकार का केवल एक निघण्टु शेष है जिसके साथ यास्क लिखित निरुक्त और व्युत्पत्ति भी सम्मिलित है। बाद के कोशग्रन्थों का निघण्टु साहित्य से किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं है और उनके बीच एक लम्बा अन्तराल है। दोनों साहित्यों की निरन्तरता व्याकरण के कतिपय धातुपाठ, गणपाठ इत्यादि संग्रहों में पाई जाती है; हाँ, कहीं-कहीं टीका ग्रन्थों में कात्यायन, वाचस्पति, व्याडि इत्यादि कतिपय प्राचीन लेखकों के विवरण और उद्धरण अवश्य मिल जाते हैं।

बाद के कोश ग्रन्थ प्रायः कवियों द्वारा कवियों के लिये लिखे गये थे। यही कारण है कि इस प्रकार के कोश ग्रन्थ अधिकांश रूप में पद्यों में ही है जिनमें अधिकतर श्लोक का प्रयोग किया गया है और कभी-कभी आर्या छन्द भी उपलब्ध हो जाता है। बाद के युग के ये कोश ग्रन्थ शैली, क्षेत्र, उद्देश्य और शब्द संग्रह के क्रम इत्यादि कई दृष्टियों से एक दूसरे से भिन्न हैं। इस प्रकार उनका वर्गीकरण अनेक प्रकार के भेदों में किया जा सकता है। कुछ तो पर्यायात्मक हैं जिनमें एक ही पद्य में सभी पर्यायवाचक शब्द संकलित कर दिये जाते हैं और कुछ भिन्नार्थ शब्दात्मक होते हैं जिनमें एक शब्द के सभी अर्थ इस प्रकार संकलित कर दिये जाते हैं कि शब्द प्रथमा विभक्ति में रक्खा जाता है और अर्थ के लिये सप्तमी विभक्ति का प्रयोग किया जाता है। इन दोनों प्रकारों को नामानुशासन की संज्ञा दी जाती है जिसका अर्थ है शब्दों की शिक्षा। कभी-कभी एक प्रकार दूसरे के क्षेत्र का अतिक्रमण करता है। संयोजन की दृष्टि से ये कोश ग्रन्थ कई प्रकारों में विभाजित किये जा सकते हैं। किन्हीं में क्रम व्यवस्था प्रथम अक्षर के अनुसार की जाती है; दूसरों में उनका व्यवस्थापन अन्तिम अक्षर के अनुसार किया जाता है; किन्हीं और में दोनों प्रकारों को एक साथ अपनाया जाता है। कतिपय कोश ग्रन्थ केवल शब्द और अर्थ तक सीमित नहीं होते; किन्तु उनमें लिङ्ग निर्देश भी किया जाता है। कुछ कोशों में शब्द और उनके लिङ्ग साथ-साथ दिये जाते हैं जबकि दूसरों में लिङ्ग निर्देश के लिये एक पृथक् परिशिष्ट जोड़ दिया जाता है। अनेक बार शब्दों की क्रम योजना लिङ्ग के अनुसार पृथक्-पृथक् की जाती है। कुछ कोशों में क्रमयोजना अक्षरों की संख्या के अनुसार की जाती है।

कोशकारों के उज्ज्वल तारामण्डल में ५ वीं शताब्दी के अमरसिंह सर्वाधिक देदीप्यमान नक्षत्र हैं। ये विद्वानों और छात्रों में समान रूप में सर्वाधिक प्रतिष्ठित रहे हैं। उनके अमरकोश पर उच्चकोटि की श्रमसाध्य लगभग ५० टीकायें प्रकाश में आई हैं। कतिपय दूसरे उन्नत कोशग्रन्थ निम्नलिखित हैं: –

१-पुरुषोत्तमदेव का त्रिकाण्डशेष

२-पुरुषोत्तमदेव की हारावली

३-शाश्वत का अनेकार्थसमुच्चय

४-हलायुध की अभिधानरत्नमाला

५-यादव प्रकाश की वैजयन्ती

६-धनञ्जय की नाममाला

७-मंख का अनेकार्थ कोश (जिसमें उनकी स्वयं की लिखी टींका भी सम्मिलित है।)

८-हेमचन्द्र जैनाचार्य के कतिपय शब्द कोश जिनमें अभिधान चिन्तामणि माला (संक्षेप में इसे अभिधान चिन्तामणि कहा जाता है), निघण्टु शेष, अनेकार्थ सङ्ग्रह इत्यादि का समावेश किया जा सकता है (इनमें कतिपय ग्रन्थों पर लेखक ने स्वयं टीकाएं लिखी हैं)।

ऊपर जिन कोशों का उल्लेख किया गया है उनके अतिरिक्त ऐसे कोशों की एक बहुत लम्बी सूची है जो हाल में प्रकाश में आये हैं। ये कोशग्रन्थ भी अनेक प्रकार के हैं– छोटे, बड़े, सामान्य विषयों पर, विशिष्ट विषयों पर, जैसे बौद्ध साहित्य के विषय में, नृत्य और संगीत के विषय में, इत्यादि।

निकटवर्ती वर्तमान समय में कई बहुमूल्य कोश इस प्रकार के भी लिखे गये हैं जिनमें वर्णानुक्रम से शब्दसंग्रह करने की यूरोपीय पद्धति अपनाई गई है। इनमें विश्वकोश की श्रेणी के दो बृहदाकार कोश सम्मिलित हैं– राधाकान्तदेव का शब्दकल्पद्रुम और तारानाथ तर्कवाचस्पति का वाचस्पत्यम्। ये दोनों कोश १९वीं शताब्दी में लिखे गये थे।

कतिपय कोश ग्रन्थ छात्रों के उपयोग के मन्तव्य से भी लिखे गये। वे या तो इतने विशाल हैं कि सुविधाजनकरूप में उनका उपयोग नहीं किया जा सकता, या इतने छोटे हैं कि वे छात्रों की आवश्यकता पूरी नहीं करते। उदाहरण के लिये इस क्षेत्र का सर्वाधिक प्रतिष्ठित कोश आप्टे का है जो यह दावा करता है कि यह कोश स्कूल और कालेज के छात्रों के उपयोग के लिये लिखा गया है। किन्तु यह कोश अत्यन्त विस्तृत है और स्वयं को सामान्य छात्र की आवश्यकता तक सीमित रखने की अपेक्षा उसे परिपूर्णता तक पहुँचाने का लक्ष्य बनाकर लिखा गया अधिक प्रतीत होता है। इसके अतिरिक्त इसमें पारिभाषिक शब्दावली का भी समाहार किया गया है जिससे स्नातक स्तर तक के छात्र का सामना नहीं होता। अतएव ऐसे कोश की आवश्यकता अब भी बनी हुई है जो केवल प्रसिद्ध अर्थों के साथ परिनिष्ठित सौन्दर्यपरक साहित्य के शब्दों तक ही सीमित हो।

इसी उद्देश्य को लेकर यह शब्द कोश प्रस्तुत किया गया है। इसमें नित्य उपयोग में आने वाले लगभग १०,००० शब्द संकलित किये गये हैं और इसमें किसी विशेष वैज्ञानिक क्षेत्र की शब्दावली को सम्मिलित नहीं किया गया है। साथ ही हिन्दी और अंग्रेजी में उनके सर्वाधिक प्रसिद्ध अर्थ ही दिये गये हैं जिससे दोनों माध्यमों की आवश्यकता पूरी हो सके। व्याकरण की विस्तृत टिप्पणियों और व्युत्पत्तियों को बचाया गया है। शास्त्रीय शब्दों के संक्षेपों और संकेत चिन्हों को दे दिया गया है जो शब्दों के मध्य आवश्यक वैयाकरण संबन्धों को निर्दिष्ट करते हैं जिससे छात्र शब्दरचना का कुछ आशय समझ सकें। इससे शब्द के वास्तविक अर्थ को समझने में भी सहायता मिलती है। प्रारम्भ में वैयाकरण रचना की कुछ टिप्पणियाँ दे दी गई हैं।

कोश के मुख्य कलेवर में ऐतिहासिक, पौराणिक और भौगोलिक शब्द सम्मिलित नहीं किये गये हैं; किन्तु उनको संक्षिप्त टिप्पणियों के साथ अन्त में परिशिष्ट के रूप में दे दिया गया है। हिन्दी और अंग्रेजी के अनुच्छेदों का संस्कृत में अनुवाद करने में सहायता देने के लिये दो परिशिष्ट दे दिये गये हैं–एक हिन्दी वर्णानुक्रम के अनुसार और दूसरा अंग्रेजी वर्णानुक्रम के अनुसार। संस्कृत के बहुत से अव्यय शब्द हैं जिनके रूप चलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती और जिनका प्रयोग क्रियाविशेषण इत्यादि रूप में होता है; उनको भी उनके अर्थों के वर्णानुक्रम से देवनागरी और रोमन वर्णमाला के अनुसार पृथक्-पृथक् दे दिया गया है जिससे संस्कृत में अनुवाद करने में कुछ सहायता मिलेगी। अलंकार और छन्द इसमें सम्मिलित नहीं किये गये हैं क्योंकि छात्र उनका ज्ञान पृथक् रूप में प्राप्त करते हैं। जिन छात्रों को लेखकों के विषय में जानने की रुचि है उनके लिये प्रसिद्ध ग्रन्थकारों का संक्षिप्त टिप्पणियों के साथ एक अतिरिक्त परिशिष्ट में उल्लेख कर दिया गया है।

आशा की जाती है कि लेखक के इस प्रयास से स्नातक स्तर तक के छात्र लाभ प्राप्त करेंगे।

रा.सा. त्रिपाठी

PREFACE

The history of Indian lexicographical literature goes back to a very remote past in Vedic age when Nighaṇṭus (word books) were prepared for guidance; only one of such Nighaṇṭus now survives along with etymological interpretations and derivatives (Nirukta and Vyutpatti) by Yāska. The later dictionaries have no connection with Nighaṇṭu literature and have wide gulf with it. The continuity of both the literatures is preserved only by a few grammatical collections such as Dhātupāṭha and Gaṇapāṭha, etc. Of course several references of old writers such as Kātyāyana, Vācaspati, Vyāḍi, etc. are sometimes available in commentaries.

The later dictionaries were written generally by poets for poets. That is why such dictionaries are in verses, mostly in ślokas and at times in Ārya metre. These dictionaries of later period differ from each other in many ways in method, scope, objectives and the order of collection of words. Thus they can be classified in manifold varieties. The synonymical ones are those in which all the synonyms are collected in one couplet. Hononymical ones are those in which the meanings of a word are collected in such a way that the word stands in nominative and its meanings stand in locative. These two kinds are called Namanusasana or the teaching of words. Sometimes one variety trespasses into the other. From the point of view of arrangement these dictionaries can be divided into several kinds. In some the words are arranged according to the first syllable and in others they are arranged according to the final syllable; in some both the methods are followed simultaneously. Several dictionaries are not limited to words and their meanings only, but they give genders also. In some the words and genders are given side by side, while in others a separate appendix is added for genders. Many times the words are arranged separately according to their genders. In some dictionaries the words are arranged according to the number of syllables.

In a long galaxy of lexicons, Amara-Simha (about 5th century A.D.), is the most prominent. He has been most popular among scholars as well as students. On his Amarakośa about 50 elaborate commentaries have come into light. A few other prominent lexicons are as follows:-

1-Trikaṇḍaśeṣa of Puruṣottama Deva

2-Hāravalī of Purusottama Deva

3-Anekārtha Samuccaya of Sasvata

4-Abhidhāna Ratnamālā of Halāyudha

5-Vaijayantī of Yādava Prakāśa

6-Nāmamālā of Dhananjaya

7-Anekārtha Kośa of Mankha (with commentary of the author himself).

8-Several dictionaries of Jainacarya Hemacandra. Such as Abhidhāna Cintāmaṇimālā (briefly called Abhidhāna Cintāmani), Nighaṇṭu-Śeṣa, Anekārtha-saṅgraha, etc. (The author himself wrote commentaries on a few of them).

Besides those mentioned above, there is a very long list of those which have come into light recently. Such dictionaries are also of many kinds--big and small, general and on a particular topic, such as Bauddha literature, dance, music, etc.

In recent times some valuable dictionaries have been written on modern lines following the European type of alphabetical arrangement. Among them the two encyclopaedic dictionaries–the Śabda-Kalpadruma of Radhakant Deva and the Vācaspatyam of Taranatha Tarkavacaspati were written in the 19th century.

Some dictionaries have also been written for the use of students. They are either very big for handling or too small to fulfil the need of students. For example, Apte's dictionary, the most popular one in this field claims to have been written for 'High School' and 'College' students, but this is a too big dictionary aiming at comprehensiveness rather than limiting itself to the need of a common student. Besides, it covers the technical field also with which a student upto B.A. standard has rarely a confrontation. Therefore the need for having a small dictionary limited to classical ornate literature with only popular meanings still exists.

The present book has been written with this very aim. Here about 10,000 words of daily usage and not of any particular branch have been selected and their most popular meanings have been given in Hindi as well as in English to fulfil the need of both the mediums. Detailed grammatical derivations and etymological notes have been avoided. Signs and abbreviations pointing out important grammatical connections among the words have been provided so that a student may have some idea of word formation. It also helps to grasp the real meaning of a word. Short notes of grammatical formations have been given in the beginning.

Historical, mythological and geographical words have not been included in the main body of the dictionary; but they have been ap-

pended in the end with short notes. In order to facilitate the students in translating Hindi and English passages into Sanskrit the two other appendices have been provided, one according to Hindi alphabetical order and the second in Roman alphabetical order. There are many Sanskrit indeclinable words (Avyayas) which are used as adverbs, prepositions, etc. They have been separately appended according to Devanāgarī and Roman alphabetical order to give some help in translation into Sanskrit. Rhetoric and prosody have not been included as the students get their knowledge separately. A separate appendix with short notes on prominent authors has also been appended for the interested students.

It is hoped that the students of under-graduate level will be benefitted by this effort of the author.

R.S.TRIPATHI

आभार प्रदर्शन

दिल्ली विश्वविद्यालय के आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में रीडर श्री के.सी. दत्त ने एक छोटे संस्कृत शब्दकोश को लिखने का परामर्श दिया जो वहन और उपयोग में सरल हो और स्नातक स्तर तक छात्रों की आवश्यकता पूरी कर सके। प्रस्तुत कृति में उक्त परामर्श कार्यान्वित हुआ है। इसके अतिरिक्त भी आपका परामर्श समय-समय पर मिलता रहा है। कुछ भागों का निरीक्षण श्यामलाल कालेज में अंग्रेजी के वरिष्ठ प्राध्यापक डा. गांगुली ने किया है। वे लेखक के एक ऐसे मित्र हैं जो सहयोग का हाथ बढ़ाने के लिये सर्वदा प्रस्तुत रहते हैं। इन दोनों मित्रों के प्रति आभार और धन्यवाद प्रकट करना लेखक का दायित्व है।

मेहरचन्द लछमनदास पब्लिकेशन्स् के स्वत्वाधिकारी श्री राजेन्द्रकुमार नाहर ने लेखक के अनजाने ही छोटी-छोटी स्लिपों से उतार कर प्रेस कापी तैयार की और उसके संशोधन के लिये विचार विमर्श करने में पर्याप्त समय लगाया। इस कार्य में उनके सुपुत्र श्री अतुल नाहर ने भी उनको पर्याप्त योगदान दिया। उनके इस परिश्रम और प्रकाशन की तत्परता के लिये लेखक उनका आभारी है। विशेषरूप से लेखक श्री अतुल नाहर को धन्यवाद देना अपना कर्त्तव्य समझता है जिनका माध्यमिक शिक्षा की तैयारी का भी व्यस्त समय इस कार्य में लगा है।

Acknowledgements

The proposal of Mr. K.C. Datta, Reader, Modern European Languages Department of Delhi University to prepare a small Sanskrit dictionary which may prove easy to handle and may suffice for requirements of students of undergraduate level has been materialised in the present work. At times his advice has also been obtained. The scanning of some portions was done by Dr. A.K. Ganguli, Senior Lecturer in English Department in Shyam Lal College. He is always prompt to stretch a cooperative hand towards the author, who owes to both these friends his gratitude and thankfulness.

Shri Rajendra Kumar Naahar, the publisher and owner of M/s Meharchand Lachhmandas Publications prepared the press copy from small slips even without the author's knowledge and then devoted much time in discussion with the author to remove its mistakes. In this work his son, Master Atul Naahar gave much cooperation to him. For his labour and promptness in publishing he deserves author's thanks, specially Master Atul Naahar who though busy in preparation for higher secondary examination could find time to help his father in this undertaking.

CONTENTS

संकेत

Signs, Abbreviations

A. आत्मनेपद
abl. अपादानकारक ablative
abs. भाववाचक abstract
acc. कर्मकारक accusative
adj. विशेषण adjective
adv. क्रियाविशेषण adverb
com. दो में अधिक comparative degree
comp. समास compound
con. संबद्ध connected
caus. प्रेरणार्थक causative
dat. सम्प्रदानकारक dative
dual. केवल द्विवचन में in dual form
f. स्त्रीलिंग feminine
g. समूह group
hav. वाला having.
ind. अव्यय indeclinable
ins. करणकारक instrumental
loc. अधिकरणकारक locative
m. पुल्लिङ्ग masculine
mad. से बना made of
n. संज्ञा noun
neu. नपुंसकलिङ्ग neuter gender
n.v. नामधातु nominal verb
opp. विरोधी opposite
P. परस्मैपद
pl. केवल बहुवचन में plural only
pp. क्रिया से विशेषण past participle
p.p. संज्ञा से बनी क्रियाओं से विशेषण past participle of verbs made of nouns
pass. कर्मवाच्य passive voice
pre. उपसर्ग prefix
pre.p. वर्तमान कृत्प्रत्यय present participle
pro. सर्वनाम pronoun
sub. कर्ता subject
sup. सर्वाधिक superlative
syn. पर्यायवाचक synonym
U. उभयपदी
v.n. क्रियात्मक संज्ञा verbal noun
w.d. करने योग्य worthy to be done
o- केवल किसी शब्द के पहले लगकर only prefixed to some word
-o केवल किसी शब्द के बाद में लगकर only suffixed with some word

टिप्पणी : –

१-विशेषण प्रायः किसी चिह्न से रहित दिखलाये गये हैं। आवश्यक होने पर ही चिह्न का प्रयोग किया गया है। Generally adjectives are shown without sign which are used only when they are necessary.

२-पुंल्लिङ्ग के साथ ':' और अदन्त नपुंसकलिङ्ग के साथ 'म्' का प्रयोग किया गया है। आवश्यक होने पर ही इनके चिह्न दिये गये हैं। Masculine genders are shown with ':' and neuter gender ending on 'अ' is shown with म्. Signs are used only when necessary.

व्याकरणगत टिप्पणियाँ

उपयोगी प्रत्यय

प्रत्यय क्या हैं?

प्रत्यय का अर्थ है धातु या शब्द के अन्त में लगाया जाने वाला एक वर्ण या कई वर्ण ।

प्रत्यय का उपयोग

संस्कृत प्रत्यय-प्रधान भाषा है। इनके ज्ञान से शब्द के शुद्ध रूप समझने, नई शब्द रचना करने, शब्द का वास्तविक अर्थ समझने और उनकी प्रयोगविधि को जानने में सहायता मिलती है।

प्रत्यय के प्रकार

प्रत्यय के बहुत से प्रकार हैं। किन्तु दो प्रकार अधिक महत्वपूर्ण और अधिक उपयोगी हैं : –

(१) धातु से जुड़ने वाले प्रत्यय जिन्हें 'कृदन्त' कहा जाता है और (२) शब्द से जुड़ने वाले प्रत्यय जिनसे दूसरा शब्द बन जाता है; इन्हें 'तद्धित' कहते हैं। जिस धातु या शब्द से प्रत्यय जोड़े जाते हैं उसे प्रकृति कहा जाता है।

प्रत्यय के भाग

प्रत्येक प्रत्यय के प्रायः दो भाग होते हैं–मुख्य भाग जो प्रकृति में जुड़ता है और अनुबन्ध जो प्रकृति में जुड़ते तो नहीं हैं किन्तु उनका उपयोग किसी नियम के निर्देश के लिये किया जाता है।

क्रियापरक प्रत्यय

विशिष्ट नियम

धातु से प्रत्यय करने में निम्नलिखित तीन नियम विशेष रूप से याद रखने चाहिएँ : –

(१) जब प्रत्यय में ण् या ञ् का अनुबन्ध हो और धातु के अन्त में स्वर हो तो अन्तिम स्वर इ, उ, तथा ऋ को क्रमशः ऐ, औ तथा आर् हो जाते हैं। यदि धातु की समाप्ति व्यञ्जन से हो तो उपान्त्य (अन्तिम अक्षर से पहले) अ, इ, उ और ऋ को क्रमशः आ, ए, ओ और अर् हो जाते हैं।

(२) जब प्रत्यय में क् या ङ् का अनुबन्ध हो तब धातु में कोई परिवर्तन नहीं होता, किन्तु यदि उसमें प् का एक अतिरिक्त अनुबन्ध हो और धातु ह्रस्वान्त हो तो प्रत्यय के साथ एक त् और जुड़ जाता है।

(३) यदि उपर्युक्त दोनों नियम लागू न हो रहे हों तो अन्त में स्थित इ, उ और ऋ क्रमशः ए, ओ और अर् हो जाते हैं।

उदाहरण

(१) कृ धातु से ण्यत्* प्रत्यय 'कृ+य' इस स्थिति में ण् अनुबन्ध होने से (१–य)** ऋ के लिये आर् हो जाता है। इस प्रकार 'क्+आर्+य' कार्यम् शब्द बन जाता है।

---

* कटे हुए अक्षर अनुबंध हैं।

** कोष्ठक में नियम संख्या एवं संयोज्य अंश दिये गये हैं।

(२) कृ धातु से क्यप् (२–य). 'कृ+य' क् अनुबन्ध होने के कारण ऋ अपरिवर्तित। साथ में अतिरिक्त प् अनुबन्ध के कारण एक त् और जुड़कर 'कृत्यम्' शब्द बन जाता है।

(३) कृ+तव्यत् (३–तव्य) दोनों नियम लागू न होने से 'ऋ' के लिये 'अर्'=कर्तव्यम्।

(४) लिख्+घञ् (१–अ) 'लिख्+अ' उपान्त्य में 'इ' के लिये 'ए'=लेखः।

कतिपय विशिष्टतापूर्ण क्रियायें

कर्मवाच्य

कर्तृवाच्य क्रियाओं में विकरणों (मध्यवर्ती प्रत्ययों) के अनुसार भेद हो जाता है। उसी आधार पर उसके भ्वादि, अदादि इत्यादि १० वर्ग बनाये गये हैं जिनका निर्देश कोश में यथास्थान कर दिया गया है। किन्तु कर्मवाच्य में सभी धातुओं का एक ही विकरण होता है और सभी धातुओं के आत्मनेपद के समान रूप चलते हैं।

कर्मवाच्य का विकरण यक् (२–य) श्रूयते, पठ्यते, नीयते, गम्यते इत्यादि इसका प्रयोग–कर्ता में तृतीया और कर्म में प्रथमा जैसे–

कर्तृवाच्य–रामः देवदत्तं पश्यति।

कर्मवाच्य–रामेण देवदत्तः दृश्यते।

भाववाच्य

संस्कृत में अकर्मक क्रियाओं में भी कर्मवाच्य का प्रयोग होता है तब इसे भाववाच्य कहा जाता है। यह केवल क्रिया का बोधक होता है :–

कर्तृवाच्य–रामः स्वपिति (राम सोता है)।

भाववाच्य–रामेण सुप्यते (राम द्वारा सोने का कार्य किया जा रहा है)।

विशेष–भाववाच्य में सभी रूप नहीं चलते। यह केवल अन्यपुरुष एकवचन में प्रयुक्त होता है।

प्रेरणार्थक क्रिया

जब कर्ता से भिन्न कोई अन्य व्यक्ति कर्ता का प्रेरक होता है तब उसमें प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग होता है। इसमें दो कर्ता होते हैं– एक प्रेरक और दूसरा मुख्य। अतएव इसमें दो विकरण भी होते हैं–णिच् और शप् (१–इ; ३–अ)। तब स्थिति इस प्रकार बनती है–(पठ्+इ+अ) नियम लागू करने पर (पाठ्+ए+अ) पाठयति, लेखयति, दर्शयति इत्यादि। प्रयोग–'रामः पठति; तं देवदत्तः प्रेरयति इति देवदत्तः रामं पाठयति' अर्थात् राम पढता है; देवदत्त प्रेरणा देता है अतः देवदत्त राम को पढाता है। इसी प्रकार 'देवदत्तः रामेण पत्रं लेखयति'। (इसमें प्रेरक क्रिया में प्रथमा होती है और मुख्य क्रिया में द्वितीया या तृतीया होती है। हिन्दी में मुख्य क्रिया में जहाँ 'को' का प्रयोग हो जैसे 'राम को पढाता है' वहाँ द्वितीया और जहाँ 'से' का प्रयोग हो वहाँ तृतीया होती है जैसे 'राम से पत्र लिखाता है)'

नामधातु

जहां संज्ञा का प्रयोग क्रिया के रूप में किया जाय वहाँ नामधातु कहा जाता है। यह दो प्रकार का होता है–आत्मनेपद और परस्मैपद।

(अ) **आत्मनेपद** जहाँ व्यक्ति स्वयं को वैसा समझ कर व्यवहार करे जैसे 'राम सिंह बन रहा है।' इस अर्थ में क्यङ् (य) प्रत्यय होता है और प्रत्यय से पहले अर्थात् प्रकृति के अन्तिम

वर्ण को दीर्घ हो जाता है; जैसे– 'रामः सिंहायते' (राम शेर बन रहा है)।

(आ) **परस्मैपद** जहाँ दूसरे को वैसा समझा जाय। वहाँ क्यच् होता है और वहाँ अन्तिम वर्ण 'अ' को ई और 'इ' 'उ' को दीर्घ होकर परस्मैपद के रूप चलते हैं। जैसे– 'रामः देवदत्तं सिंहीयति' अर्थात् राम देवदत्त से ऐसा व्यवहार करता है जैसे मानो देवदत्त एक शेर हो। यदि इसका प्रयोग अकर्मक रूप में किया जाए तो इसका अर्थ होता है– इच्छा करना या वैसा व्यवहार करना जैसे– 'रामः कवीयति' अर्थात् राम कवि बन रहा है या कवि बनने की इच्छा कर रहा है।

कृदन्त (अपूर्ण क्रिया)

(अ) क्रियात्मक क्रिया

जब अपूर्ण क्रिया किसी पूर्ण क्रिया का उद्देश्य बतलाती है।

प्रत्यय–तुमुन् (३–तुम्) कर्तुम्, हन्तुम्, पठितुम् इत्यादि।

उदाहरण– 'रामः पठितुं वाराणसीं गच्छति' यहाँ पूर्ण क्रिया गमन का उद्देश्य है पढ़ना।

कभी कभी इसका प्रयोग क्रियात्मक संज्ञा के रूप में भी होता है जैसे– 'गन्तुं देहि' अर्थात् जाने दो यहाँ 'गन्तुं' यह 'देहि' का कर्म है।

(आ) विधि क्रिया

यह आदेश, उद्बोधन, अनुनय और प्रार्थना को प्रकट करती है। इसमें निम्नलिखित प्रत्यय होते हैं :–

(१) तव्यत् (३–तव्य) कर्तव्यम्, गन्तव्यम्, नेतव्यम्, सेवितव्यम् इत्यादि।

(२) तव्य (३–तव्य) उक्त उदाहरण।

(३) अनीयर् (३–अनीय) गमनीयम्, मननीयम्।

विशेष–यदि र् या ष् के बाद न आता है तो उसे ण् हो जाता है (यदि बीच में चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, ल, श, स को छोड़कर अन्य वर्ण आ भी जायँ तो भी र् और ष् के बाद न के लिये ण् हो ही जाता है)।

उदाहरण– कृ–करणीयम्; हृ–हरणीयम्।

(४) यत् (३–य) यह स्वरान्त धातु से जुड़ता है– चि–चेयम्; जि–जेयम्। (दीर्घ आ को ए) दा–देयम्; ध्या–ध्येयम्।

(५) ण्यत् (१–य) ऋ या हलन्त से कृ–कार्यम्; हृ–हार्यम्; पठ्–पाठ्यम्; लिख्–लेख्यम्।

(६) क्यप् (२–य) कुछ धातुओं से– कृ-कृत्यम्; वृष्-वृष्यम्।

इन प्रत्ययों का पूर्ण क्रिया के रूप में कर्मवाच्य में प्रयोग हो जाता है जैसे– 'त्वया अधर्मो न कर्तव्यः' =तुम्हारे द्वारा अधर्म नहीं किया जाना चाहिए।

इनका प्रयोग क्रियात्मक संज्ञा या क्रियात्मक विशेषण के रूप में भी हो जाता है। संज्ञा के रूप में– 'इदं तव कार्यं नास्ति'= यह तुम्हारा कार्य नहीं है। विशेषण के रूप में– 'अयं तव मननीयो विषयः' = यह विषय तुम्हारे मनन करने योग्य है।

(इ) सत्प्रत्यय

ये प्रत्यय वर्तमान काल में कार्य की निरन्तरता को प्रकट करते हैं जो जाते हुए, खाते हुए,

इत्यादि अर्थों को प्रकट करते हैं। ये प्रत्यय मुख्य रूप से दो होते हैं :–

(१) शतृ (३–अत्) इस का रूप और प्रयोग प्रायः वर्तमान काल अन्यपुरुष बहुवचन से मिलता जुलता है जैसे–पठत्, भवत्, गच्छत्, कुर्वत् इत्यादि। (पुं० में पठन्, पठन्तौ, पठन्तः; स्त्री० में पठन्ती इत्यादि और नपुं० में पठत् इत्यादि)।

(२) शानच् (३–आन, एक म् और जुड़कर मान) सेवमानः, क्रियमाणः इत्यादि। विशेष–शतृ प्रत्यय परस्मैपद धातुओं से होता है और शानच् प्रत्यय आत्मनेपद धातुओं से होता है। इनके दोनों रूप होते हैं– अंशतः क्रिया रूप जिससे ये अपने कर्म इत्यादि को ग्रहण करते हैं और अंशतः शब्दरूप जिससे ये शब्द विभक्तियों को स्वीकार करते हैं। उदाहरण- 'पुस्तकं पठन्तं रामं पश्यामि' पुस्तक पढते हुए (पढने वाले) राम को देखता हूँ। यहां 'पठन्तं' का कर्म है पुस्तकम्, अतः यह क्रिया रूप है और 'पुस्तकं' में स्वयं द्वितीया के एकवचन का प्रयोग हुआ है, अतः यहाँ शब्दरूप है।

(ई) स्यत् प्रत्यय

इसमें सभी नियम सत् प्रत्यय के ही लागू होते हैं। केवल भविष्य का चिह्न 'स्य' और जोड़ दिया जाता है। उदाहरण– वनं **यास्यन्** रामः दशरथम् अपश्यत् (राम ने, जो वन को जा रहा होगा, दशरथ को देखा)।

(उ) निष्ठा प्रत्यय– (यह भूतकाल में होता है)

(१) कर्मवाच्य–क्त (२–त) कृतम्, भूतम् इत्यादि। उदा०–क्रिया रूप में 'इदं पत्रं रामेण लिखितम्' –यह पत्र राम द्वारा लिखा गया। विशेषण रूप में 'रामेण लिखितं पत्रं मया प्राप्तम्' –राम के द्वारा लिखा गया पत्र मैंने प्राप्त किया।

(२) कर्तृवाच्य– कृतवत् (पुं० कृतवान्; स्त्री० कृतवती; नपुं० कृतवत्) 'रामः वनं गतवान्' –राम वन को गया। विशेष–संस्कृत में निष्ठा प्रत्यय के रूपों में अत्यधिक भिन्नता है। कोश में यथास्थान निर्देश किया गया है।

क्तवत् (२– तवत्)

(ऊ) समानकर्तृक पूर्वकालिक क्रिया

जब एक ही कर्ता एक या अनेक कार्यों को पहले पूरा करके अन्तिम कार्य करता है तब पहले कार्यों में इसका प्रयोग होता है। प्रत्यय क्त्वा (२–त्वा) उदाहरण– 'देवदत्तः स्नात्वा, भुक्त्वा, पीत्वा ग्रामं व्रजति' – देवदत्त स्नान कर, भोजन कर, पान कर गाँव को जाता है।

यदि क्रिया के पहले को उपसर्ग या शब्द जुड़ा हो तो क्त्वा में ल्यप् में बदल जाता है। (२–य) प्रकृत्य, अनुभूय, मन्दीकृत्य इत्यादि। यदि पहले 'अ' हो तो 'त्वा' ही रहता है जैसे अभूत्वा, अपठित्वा इत्यादि।

(ए) संज्ञार्थक प्रत्यय

धातु से संज्ञा बनाने के लिये अनेक प्रत्यय हैं जिनमें निम्नलिखित तीन अधिक महत्वपूर्ण हैं :–

(१) पुंलिंग में घञ् (१–अ) लिख्–लेखः, पठ्–पाठः, हस्–हासः इत्यादि।

(२) स्त्रीलिंग–क्तिन् (२–ति) कृ–कृतिः, भू–भूतिः, नी–नीतिः (धातु के अन्तिम म् या न् का लोप हो जाता है जैसे– गम्–गतिः, यम्–यतिः, नम्–नतिः)।

(३) नपुं०– ल्युट् (३–'यु', यु को 'अन' हो जाता है) गम्–गमनम्, पठ्–पठनम् इत्यादि।

(ऐ) धातु से कर्ता अर्थ में प्रत्यय

(१) तृच् (३–तृ) कृ–कर्तृ (कर्ता), नी–नेतृ (नेता)।

(२) ण्वुल् (१–वु जो 'अक' में बदल जाता है) कृ–कारकः, पठ्–पाठकः, लिख्–लेखकः।

तद्धित प्रत्यय

(शब्दों से जुड़कर अन्य शब्द बनाने वाले प्रत्यय)

इनके लिये केवल एक नियम याद रखना चाहिए कि ण्, ञ् अथवा क् के अनुबन्ध होने पर पूर्व स्वर को वृद्धि हो जाती है अर्थात् अ, इ, उ और ऋ को क्रमशः आ, ऐ, औ तथा आर् हो जाते हैं।

(अ) भावार्थक प्रत्यय (भाववाचक संज्ञा बनाने के लिये)

(१) त्व = मनुष्यत्वम्, पशुत्वम्, तत्वम्, महत्वम् इत्यादि।

(२) तल् (केवल स्त्रीलिंग में) मनुष्यता, पशुता, महत्ता इत्यादि।

(३) अण् = मृदु–मार्दवम्, लघु–लाघवम्।

(४) इमनिच् = मृदु–म्रदिमन् (म्रदिमा) इसी प्रकार गुरु–गरिमा, मधुर–मधुरिमा इत्यादि।

(५) ष्यञ् = जड–जाड्यम्, शुक्ल–शौक्ल्यम्।

(आ) मत्वर्थीय – ये प्रत्यय किसी वस्तु को रखने वाले के अर्थ में होते हैं : –

(१) मतुप् (मत्) 'धीमत्' बुद्धिवाला (पुं० धीमान्; स्त्री० धीमती; नपुं० धीमत्) इसी प्रकार बुद्धिमान् इत्यादि। (यदि शब्द का अन्त 'अ' से हो या अन्त में किसी स्वर के साथ म हो तो मतुप् के 'म' को 'व' हो जाता है जैसे ज्ञानवान्, लक्ष्मीवान् इत्यादि)।

(२) इन् = दण्ड से दण्डिन् (दण्डी), संन्यास से संन्यासिन् (संन्यासी), धन से धनिन् (धनी)।

(३) ठन् (ठ को इक हो जाता है) जैसे दण्ड का दण्डिकः, धनिकः इत्यादि।

(इ) तुलनात्मक प्रत्यय

एकातिशायन– यह दो प्रत्ययों से प्रकट होता है।

(१) तरप् (तर) लघु–लघुतरः अर्थात् दो में अपेक्षाकृत छोटा।

(२) ईयसुन् (ईयस्) लघु–लघीयस् (पुं० लघीयान्; स्त्री० लघीयसी; नपुं० लघीयः)।

(ई) सर्वातिशायन

(१) तमप् (तम) लघुतमः अर्थात् सबसे छोटा।

(२) इष्ठन् (इष्ठ) लघु–लघिष्ठः।

GRAMMATICAL NOTES

Important Suffixes

What is suffix ?

The word suffix means a syllable or more to be added in the end of a root or a word to give it a new form and meaning,

The use of the study of a suffix

Sanskrit is a suffix dominated language; the study of them leads to the understanding of the correct form of a word, the formation of a word, the meaning and usage of it.

The kinds of suffixes

Suffixes may be divided in several kinds; but mainly two of them are most important and most useful:-

1- Verbal suffixes which are added to roots; and

2- Word suffixes which are added to words and called तद्धित. The root or word, to which a suffix is added, is called प्रकृति.

The parts of suffixes

In Sanskrit, suffixes have generally two portions:-

1- Main portion to be added; and 2- Adjuncts to point out some rule.

Verbal suffixes

In Verbal suffixes the following three rules are most important to be remembered:-

1- When a suffix has ञ् or ण् as an adjunct the ending vowel of a root gets वृद्धि- the substitution of इ, उ and ऋ by ऐ, औ and आर् respectively, as well as the last but one syllable of the root becoming आ, ए, ओ and अर् for अ, इ, उ and ऋ respectively.

2- When the suffix has क् or ङ् as adjunct the root remains unchanged; but if there is an additional adjunct of प् an additional त् is also added to the main suffix provided the root ends on short vowel.

3- In cases not covered by the above two rules, the ending vowel इ, उ and ऋ become ए, ओ and अर् respectively.

Examples

(i) The root कृ followed by ण्यत्* comes under rule first (1:य) ** on

* Crossed letters are adjuncts.

** In brackets the number of the rule and the main portion to be added.

account of adjunct ण्. Thus in the position कृ+य, ऋ becomes आर् and the word कार्य is formed.

(ii) कृ+क्यप् (2:य) the position grows to be कृ+य. Due to adjunct क् according to rule 2 there is no change in root कृ; but due to additional adjunct प् a syllable त् is added to suffix 'य' and thus the word कृत्य is formed.

(iii) कृ+तव्यत् (3:तव्य) as there is no jurisdiction of rules (i) and (ii), the third rule changes ऋ into अर् and the word कर्तव्य is formed.

(iv) लिख्+घञ् (1:अ) due to adjunct ञ् the first rule is applicable and in the position 'लिख्+अ' the syllable 'इ', the last but one syllable, becomes ए. Thus the word लेख is formed.

Some special finite verbs

(i) कर्मवाच्य (passive voice)

In active voice according to विकरण (inserted conjugational affix) the roots have been divided into 10 groups as भ्वादि etc. These have been given in the dictionary at proper places. But in passive voice there is no such division and all the roots have only one विकरण and only Atmanepada is used in all roots.

Passive voice Vikaraṇa यक् (2:य) श्रूयते, नीयते, पच्यते। As a rule the subject of passive voice is put in instrumental (तृतीया) and the object in Prathama.

Active voice- रामः देवदत्तं पश्यति।

Passive voice- रामेण देवदत्तः दृश्यते।

(ii) भाववाच्य (impersonal voice)

In English, the passive voice is not used in intransitive verbs. But in Sanskrit, intransitive verbs have also passive voice; they are called Bhāvavācya (impersonal voice) and express only an action.

Example:-

Active voice- 'रामः स्वपिति' = Rāma sleeps.

Impersonal voice- 'रामेण सुप्यते' = The act of sleeping is performed by Rāma.

Conjugation of Bhāvavācya is not comprehensive. It is used only in third person, singular number.

(iii) प्रेरणार्थक क्रिया (causative verb)

When besides acting agency there is also a directing personality, then the causative verb is used. It has two subjects: one directing and the other acting. Therefore, it has also two Vikaraṇas णिच् and शप्

(1:इ; 3:अ); then the position grows to be (पठ्+इ+अ) according to the first rule इ becomes ऐ and subsequently आय् following Sandhi rules. Then the word पाठयति is formed. In the same way लेखयति, दर्शयति, etc. can also be explained.

Usage- रामः पठति; तं देवदत्तः प्रेरयति इति रामः देवदत्तं पाठयति = Rāma studies; Devadatta directs him to study; therefore Devadatta makes Rāma study. In the same way 'देवदत्तः रामेण पत्रं लेखयति'.

Note- The directing authority is used in प्रथमा, but there is some problem with the case ending of acting agency. It is used either in accusative as in the first examples or in instrumental case as in the second example.

(iv) नामधातु (nouns used as verbs)

The word नामधातु means nouns in the form of roots; such roots are used both ways- Ātmanepada and Parasmaipada.

(A) Ātmanepada- when one acts in supposition of some other person in himself:-

क्यङ् (य is added as affix and the only change that the preceding vowel becomes long is made here). Example-'रामः सिंहायते' = Rāma acts as a lion. In the same way मृगायते, रामायते. etc.

(B) Parasmaipada- when one treats others as though he may be some other personality:-

क्यच् (here य is added as affix to the word and preceding अ is changed into ई and other preceding vowels become long). Example- 'रामः देवदत्तं सिंहीयति' = Rāma treats Devadatta in the way as though he may be treating a lion.

If it is used as intransitive then it means to desire as 'रामः कवीयति' = Rāma desires to be a poet.

कृदन्त (incomplete verbs)

(a) Infinitive mood (क्रियात्मक क्रिया)

When an incomplete verb indicates purpose of some other finite verb:-

तुमुन् (3:तुम) कर्तुं, गन्तुं, पठितुम् etc. (It expresses merely future action not limited by subject or object; therefore it is called infinitive. It is significant to note that in English it is expressed by preceding 'to' while in Sanskrit its sign is suffix 'तुम्'. It is also used as a verbal noun in the same way as used in English; but unlike English here it is used very rarely. Example- 'गन्तुं देहि'. Here गन्तुं is used as an object of the finite verb देहि.

(b) Imperative mood (विधि क्रिया)

It indicates command, exhortation, entreaty or prayer. The following suffixes are used to express in this sense:-

(i) तव्यत् (3:तव्य) कर्तव्यम्, गन्तव्यम्, नेतव्यम्, पठितव्यम्.

(ii) तव्य – the same as above

(iii) अनीयर् (3:अनीय) गमनीयम्, मननीयम्.

Note – न becomes ण if preceded by र् or ष् provided चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, ल, श and स are not in between; thus कृ–करणीयम्, हृ–हरणीयम्.

(iv) One or two of the following:-

(a) यत् (3: य) from roots ending in vowels चि-चेयम्, जि-जेयम् (long आ becomes ए) दा-देयम्, ध्या-ध्येयम्.

(b) ण्यत् (1:य) from roots ending on ऋ or consonant- कृ-कार्यम्; हृ-हार्यम्; पठ्-पाठ्यम्; लिख्-लेख्यम्.

(c) क्यप् (2:य) from selected roots: कृ-कृत्यम्, वृष्-वृष्यम्.

These suffixes are used as finite verbs in passive voice- 'त्वया अधर्मो न कार्यः' = Unjust action should not be performed by you.

It is also used as verbal noun or verbal adjective.

As noun- इदं तव कार्यं नास्ति= It is not your duty.

As adjective- अयं मननीयो विषयः = This topic is worthwhile to be meditated upon.

(c) Participles or verbal adjectives

They have dual character – partly as verb they accept their own object etc. and partly as substantives they undergo case-termination. Therefore they are called participles.

(c1) *Present participle* (सत् प्रत्यय)

(i) शतृ (3:अत्) from Parasmaipada roots पठत् = reading, भवत् = being, कुर्वत् = doing.

It generally resembles with third person plural number of present tense (m.पठन्; f.पठन्ती; neu.पठत्, etc.).

(ii) शानच् (3: आन with special addition of य् as prefix to the suffix and renders it as मान). It is enjoined only with Ātmanepada roots. Examples सेवमानः, एधमानः, क्रियमाणः- These two suffixes correspond to the English suffix 'ing'.

(c2) *Future participle* (स्यत् पत्यय)

The same as present participle with the only difference that it has the sign of future tense 'स्य' in addition to शतृ and शानच् as shown above. Examples– दास्यन्, गमिष्यन्, सेविष्यमाणः etc.

Note- There is a general rule that स् of a suffix is always changed into ष् provided it is preceded by a vowel other than अ short or long. Mark above examples: It is स्य after दा; but after इ it is ष्य.

Usage of future participle- वनं यास्यन् रामः दशरथम् अपश्यत्= Rāma, who would be going to forest, visited Daśaratha.

(c3) *Past participle* (निष्ठा प्रत्यय)

(i) In passive voice क्त (2: त) –कृतम् (done), भूतम् (been), लिखितम् written.

Usage as finite verb- 'इदं पत्रं रामेण लिखितम्' = This letter has been written by Rama.

As adjective- 'रामेण लिखितम् पत्रं मया प्राप्तम्' = The letter written by Rāma has been received by me.

(ii) In active voice क्तवत् (2: तवत्) कृतवत्= has done (m. कृतवान्; f.कृतवती; neu.कृतवत्). Usage- रामः वनं गतवान्= Rāma has gone to the forest.

As an adjective- 'वनं गतवन्तं रामं सीता अन्वगच्छत्= Sītā followed Rāma who had gone to the forest.

(c4) *Perfect participle* (पूर्वकालिक क्रिया)

When the same doer having completed one or more actions begins a subsequent action, then it is used.

Suffix क्त्वा (2:त्वा) देवदत्तः स्नात्वा भुक्त्वा, पीत्वा ग्रामं व्रजति=Devadatta having taken bath, having taken food, having drunk goes to the village.

If a root is preceded by a prefix or a word other than negative 'अ' then क्त्वा is changed into ल्यप् (2: य due to प् adjunct becomes त्य after short vowel) प्रकृत्य, अनुभूय, मन्दीकृत्य.

(d) Gerund: verbal nouns.

For this purpose there are many suffixes; but three are more important:-

Masculine- घञ् (1:अ) लिख्-लेखः, पठ्-पाठः, हस्-हासः.

Feminine- क्तिच् (2:ति) कृतिः, भूतिः, नीतिः. म् or न् are dropped गम्-गतिः, नम्-नतिः, यम्-यतिः.

Neuter- ल्युट् (3:यु changing itself to अन) गमनम्, पठनम्, etc.

(e) Subject suffixes

The subjects formed by roots: –

(i) तृच् (3:तृ) कृ–कर्तृ (कर्ता), नी–नेतृ (नेता).

(ii) ण्वुल् (1:वु changing itself to be अक) कृ-कारकः, पठ्-पाठकः, लिख्-लेखकः.

Suffixes of words (तद्धित)

These suffixes are added to words for formation of new words from them. The rules of verbal suffixes are not applicable here. Only one rule should be remembered that the suffixes with ञ्, ण् or क् change the first vowel of the word into वृद्धि· अ, इ, उ, ऋ are changed into आ, ऐ, औ and आर respectively.

(a) Formation of abstract noun by suffixes corresponding to 'ness' or 'hood' in English; such as kindness, manhood, etc.

(i) त्व = मनुष्यत्वम्, पुंस्त्वम्, etc.

(ii) तल् (त always in feminine ता) मनुष्यता, पशुता, etc.

(iii) अण् (अ) मृदु-मार्दवम्, लघु-लाघवम्.

(iv) इमनिच् (इमन्) मृदु-म्रदिमन् (म्रदिमा), शुक्ल-शुक्लिमा, गुरु-गरिमा, मधुर-मधुरिमा

(v) ष्यञ् (य) जड-जाड्यम्, शुक्ल-शौक्ल्यम्.

(b) मत्वर्थीय (possessive suffix)

This has the sense of 'having'

(i) मतुप् (मत्) धीमत्, भानुमत्, बुद्धिमत् (m.बुद्धिमान्; f.बुद्धिमती; neu.बुद्धिमत्).

If the base ends with अ or म् having some vowel then म् of मतुप् is changed into व– ज्ञानवान्, लक्ष्मीवान्.

(ii) इन् = दण्ड-दण्डिन् (m.दण्डी) in the same way संन्यासिन्, धनिन्, etc.

(iii) ठन् (ठ changing into इक) दण्ड-दण्डिकः, धन-धनिकः.

(c) Comparative degree (तुलनात्मक प्रत्यय)

Comparison between two: It is expressed by two suffixes- (i) तरप् (तर) लघुतरः = smaller, and (ii) ईयसुन् (ईयस्) लघीयस् (m.लघीयान्; f.लघीयसी; neu.लघीयः).

(d) Superlative degree:-

तमप् (तम) लघुतमः = smallest.

इष्ठन् (इष्ठ) गरिष्ठः = greatest.

Note – In Sanskrit there are two sets for expressing degree तर-तम as well as ईयसुन्-इष्ठन्. Comparative degree corresponds to the English 'er' in first set, while superlative इष्ठ in second group corresponds to the English 'est'.

Transliteration table

अ	a	ङ्	ṅ	न्	n
आ	ā	च्	c	प्	p
इ	i	छ्	ch	फ्	ph
ई	ī	ज्	j	ब्	b
उ	u	झ्	jh	भ्	bh
ऊ	ū	ञ्	ñ	म्	m
ऋ	ṛ	ट्	ṭ	य्	y
ए	e	ठ्	ṭh	र्	r
ऐ	ai	ड्	ḍ	ल्	l
ओ	o	ढ्	ḍh	व्	v
औ	ou	ण्	ṇ	श्	ś
क्	k	त्	t	ष्	ṣ
ख्	kh	थ्	th	स्	s
ग्	g	द्	d	ह्	h
घ्	gh	ध्	dh	: (विसर्ग)	ḥ

अ

अ प्रथम वर्ण; ओङ्कार की प्रथम ध्वनि; first letter; beginning sound of ओङ्कार; (०–) निषेधार्थक शब्दांश जो व्यञ्जन से शुरू होने वाले शब्दों के पहले जुड़ता है (दे. नञ्); negative particle prefixed to words beginning with a consonant (see नञ्).

अ: विष्णु; Viṣṇu.

अंश: टुकड़ा; भाग; part; share.

अंशु: किरण; a ray.

अंशुकम् एक उत्तम वस्त्र; पत्ता; a fine cloth; a leaf.

अंशुमालिन् (अंशुमाली) सूर्य; the sun.

अंस: खण्ड; भाग; कन्धा; part; portion; shoulder. **अंसफलक**: रीढ़ का ऊपरी भाग; the upper part of spine.

अंहस् (अंहः, अंहसी, इत्यादि) पाप; sin.

अकल जिसके खण्ड न हो सकते हों; ब्रह्म; having no parts; the Supreme Spirit.

अकल्प अनियन्त्रित; अतुलनीय; दुर्बल; unrestrained; having no comparison; weak.

अकस्मात् *ind.* अचानक; बिना कारण; suddenly; without cause.

अकाण्ड आकस्मिक; unexpected. *adv.* **अकाण्डे** आकस्मिक रूप से; unexpectedly.

अकाल *adj.* असामयिक; समय से पहले; untimely; premature. *n.* **अकाल**: गलत समय; not a proper time.

अकिञ्चन बहुत गरीब; utterly destitute.

अकुण्ठ *adj.* कुण्ठित न होने वाला; not blunted. *adv.*– बेरोकटोक; having no obstruction.

अकुप्यम् ऐसी धातु जिसमें कोई खोट न हो, अमिश्रित शुद्ध की हुई धातु; not a base metal.

अकूपार: समुद्र; सूर्य; कूर्मावतार; sea; the sun; incarnation of Viṣṇu in the form of Lord Tortoise.

अक्त *adj.* सना हुआ; लिपा हुआ; anointed; smeared with.

अक्ष: *n.m.* पहिये का धुरा; तराजू की डंडी; जुआ खेलने के पासे; १६ मासे की कर्ष नामक एक तोल; बहेड़ा; माला के दाने; an axis; beam of a balance; a dice for playing with; a weight equal to 16 māsās called कर्ष; a plant named Terminalia Belerica; the seeds of which rosaries are made.

अक्षम् *neu.* ज्ञानेन्द्रिय; सोचर नमक; नीला थोथा; the organ of sense; Sochal salt; blue vitriol.

अक्षत *adj.* जिसको चोट न लगी हो; जो टूटा न हो; uninjured; unbroken. **अक्षत**: बिना टूटे धोये हुए चावल; unbroken and washed rice. **अक्षतम्** कोई धान्य; corn of any kind. **अक्षता** लड़की जिसका पुरुष सहवास न हुआ हो; a virgin.

अक्षम *adj.* असमर्थ; असहिष्णु; powerless; non-forbearing.

अक्षमा *n.f.* अधैर्य; ईर्ष्या; असहनशीलता; impatience; jealousy; intolerance.

अक्षर *adj.* अविनाशी; indestructible. **अक्षर**: शिव; विष्णु; Śiva; Viṣṇu. **अक्षरम्** वर्णमाला का वर्ण; a letter of an alphabet.

अक्षरश: *ind.* प्रत्येक अक्षर के साथ; पूर्णरूप से; to every syllable; completely, literally.

अक्षि *neu.* (अक्षि, अक्षिणी, अक्षीणि, इत्यादि) आँख; the eye.

अक्षुण्ण *adj.* अखण्ड; unbroken.

अक्षोट: अखरोट; a walnut.

अक्षौहिणी *f.* एक बड़ी सेना जिसमें २१८७० रथ, २१८७० हाथी, ६५६१० घोड़े और १०९३५० पैदल सैनिक होते हैं; a big army having a fixed number of chariots, horses, elephants and foot-soldiers.

अखिल *adj.* समस्त; entire, complete.

अगः वृक्ष; पर्वत; a tree; a mountain.

अगदः औषधि; medicine.

अगारम् *n.neu.* घर; a house.

अगुरु *adj.* भारी नहीं; हलका; not heavy; light. *n.m.neu.*– अगर; the fragrant aloe wood.

अग्निः *m.* आग; पाचन शक्ति; fire; digestive power.

अग्र *adj.* प्रथम; प्रमुख; first; foremost. *n.neu.* **अग्रम्** प्रमुख स्थल; topmost point. *adj.* **अग्रिम** अगला; foremost.

अग्रजः ज्येष्ठ भाई; elder brother.

अग्रणीः, -नीः *m.* नेता; leader.

अग्रहायणः, -नः नया वर्ष; अगहन (मार्गशीर्ष) मास; new year; a month named Mārgaśīrṣa.

अग्रे *ind.* आगे; सामने; उपस्थिति में; subsequently; in front of; in presence of.

अघम् पाप; sin.

अघोर भयानक नहीं; not terrible. *n.m.* **अघोरः** शिव का एक रूप; one of Śiva's forms.

अघोष *adj.* ध्वनिहीन; soundless. *n.m.* **अघोषः** नाद रहित; कठोर ध्वनि वाले अक्षर; letters having hard sound [these are क ख च छ ट ठ त थ प फ श ष स].

अङ्कः गोद; संख्या; धब्बा; एक प्रकार का रूपक; नाटक या रूपक का एक खण्ड; चिह्न; lap; number; a stain; a kind of drama; an act of a drama; a mark.

अङ्कुरः अंखुआ; a sprout coming out of seed.

अङ्कुशः हाथी को हांकने की लोहे की नोकदार छड़ी; नियन्त्रक; a goad to control an elephant; controller.

अङ्ग *ind.* संबोधक अव्यय; स्वीकृति सूचक अव्यय–'अच्छा श्रीमन्' इस अर्थ में; a particle of address; a vocative particle meaning 'well sir'. *n.* **अङ्गम्** शरीर; घटक अवयव; body; constituent part of some whole thing.

अङ्गदम् बाजूबन्द; a bracelet.

अङ्गनम्, -णम् आँगन; a courtyard.

अङ्गना (सुन्दर) स्त्री; a (beautiful) woman.

अङ्गहारः नृत्य में अंग संचालन; bodily movement in dance.

अङ्गारः, -रम् कोयला; charcoal.

अङ्गारकः, -कम् मंगलग्रह; Mars.

अङ्गिका चोली; a bodice.

अङ्गीकारः, -करणम् स्वीकृति; acceptance.

अङ्गीकृत *adj.* स्वीकृत; accepted.

अङ्गुली अंगुली; a finger.

अङ्गुलीयकम् अंगूठी; a finger ring.

अङ्गुष्ठः अंगूठा; thumb or toe.

अङ्घ्रि, अंह्रिः पैर; a foot.

अचल *adj.* स्थिर; steady. *n.* **अचलः** पर्वत; mountain.

अचला *f.* पृथ्वी; the earth.

अचिरम् *adv.* शीघ्र; without delay. *syn.* अचिरात्.

अच्छ *adj.* अच्छा; fine.

अच्युतः विष्णु; name of Viṣṇu.

अज *adj.* न जन्मा हुआ; unborn. *n.* **अजः** ब्रह्मा; बकरा; name of Brahmā; he-goat.

अजगरः अजगर, साँप; a mountainous snake, a python.

अजगवम् पिनाक (शिव का धनुष); name of

Śiva's bow (Pināka).

अजर्यम् मिंत्रता; friendship.

अजस्रम् *ind.* लगातार; constantly.

अजा बकरी; she-goat.

अजिनम् बाघ, हिरण या हाथी की खाल का आसन; a seat of hairy skin of tiger, antelope or elephant.

अजिरम् आँगन; a courtyard.

अजिह्म *adj.* सीधा-सच्चा; ईमानदार; straightforward; honest.

अजीगर्त: साँप; a serpent.

अज्ञ *adj.* न जानने वाला; ignorant. *syn.* अज्ञान.

अञ्च् (भ्वा· U. अञ्चति, अञ्चते) झुकना; चाहना; प्राप्त होना; to tend towards; to wish; to get.

अञ्चल: , -लम् वस्त्र का छोर; the corner of a cloth.

अञ्चित मुड़ा या झुका हुआ; curved or bent.

अञ्ज् (रुधा· U. अनक्ति, अङ्क्ते) लेप करना; मलना; सजना; to anoint; to smear; to adorn.

अञ्जनम् काजल; collyrium or black pigment for painting eyes.

अञ्जलि: अंजुली या दोनों हथेलियों को मिलाकर बनाया हुआ संपुट; a cavity formed by joining palms of hands.

अञ्जस *adj.* (*f.* अञ्जसी) सीधा; सरल; honest; upright. *ind.* अञ्जसा ठीक तरह से; properly.

अञ्जीर: , -रम् अंजीर; a species of fig tree.

अट् (भ्वा· P. अटति, -त: , -न्ति) घूमना; to roam about. *n.* अटनम् भ्रमण; wandering.

अटवि: , –वी जंगल; a forest.

अणिमन् (अणिमा) सूक्ष्मता; minuteness of atomic nature.

अणु *adj.* पतला; सूक्ष्म; fine; minute. अणु: अणु; atom. *com.* अणीयस् (अणीय:) अपेक्षा अधिक सूक्ष्म; more minute.

अण्ड: , अण्डम् अंडा; an egg.

अतदर्हम् *ind.* अनुचित रूप से; अनधिकृत रूप से; unjustly; unauthorisedly.

अतर्कित *adj.* अनसोचा; unexpected.

अतस् (*ind.* अत:) इसलिये; यहां से; therefore; from this place or time.

अतसी अलसी; common flax linseed.

अति *pre.* बहुत अधिक [यह विशेषण या क्रिया-विशेषण से पहले लगता है]; very much [it is prefixed to adjectives or adverbs].

अतिक्रम: सीमा का उल्लंघन; crossing the limits. *adj.* अतिक्रान्त पार किया हुआ; gone beyond.

अतिगव *adj.* बहुत मूर्ख; very stupid.

अतिचार: मर्यादा का उल्लंघन; transgression of limits.

अतितराम् *adv.com.* अपेक्षाकृत अधिक; more. *sup.* अतितमाम् सबसे अधिक; exceedingly much.

अतिथि: मेहमान जिसके आने की संभावना न की गई हो; unexpected guest.

अतिदेश: एक वस्तु की विशेषता का दूसरे के लिये निर्देश; transference of one's attributes to another.

अतिपत्र: सागौन का वृक्ष; a teak tree.

अतिपात: समय का बीत जाना; अतिक्रमण; passing away of time; transgression.

अतिप्रसङ्ग: , -प्रसक्ति: अत्यधिक लगाव; excessive attachment.

अतिभाव: उत्कृष्टता; superiority.

अतिमात्र *adj.* अत्यधिक; excessive. *ind.* अतिमात्रम् अत्यधिक रूप में; excessively.

अतिमुक्तः, **-क्तकः** माधवी लता; a creeper named Mādhavī.

अतिरथः रथों का अद्वितीय योद्धा; unrivalled warrior fighting from his chariot.

अतिरभसः तेज गति; हड़बड़ी; great speed; rashness.

अतिरेक: अधिकता; excess.

अतिवाद: झिड़की; भर्त्सना; abusive or insulting language; admonition.

अतिविषा अतीस नामक औषधि; name of a medicinal plant.

अतिवृत्तिः अतिक्रमण करना; surpassing.

अतिव्याप्तिः किसी नियम का अवांछित लक्ष्य में विस्तार; extension of a rule to the things not wanted to be included in it.

अतिशयः बाहुल्य; excess.

अतिसर्गः दान; परित्याग; gift; discharge.

अतिसर्जनम् देना; वियोग; giving away; separation.

अतिसारः, **अतीसारः** दस्त; dysentery.

अतीत बीता हुआ; past.

अतीन्द्रिय इन्द्रियों से परे; beyond the senses.

अतीव *ind.* बहुत अधिक; very much.

अतुल अद्वितीय; unique.

अत्ता मां; बड़ी बहन; सास; mother; elder sister; mother-in-law.

अत्तिः, **अत्तिका** बड़ी बहन; elder sister.

अत्यन्त अत्यधिक; excessive. *ind.adv.* अत्यन्तम् अत्यधिक रूप में; excessively.

अत्ययः समाप्ति; उपसंहार; end; conclusion.

अत्यर्थम् *adv.* अत्यधिक; exceedingly.

अत्याचारः कठोर बर्ताव; cruel behaviour.

अत्यारूढ बहुत ऊपर चढ़ा हुआ; ascended too high. *n.*अत्यारूढम्, *f.*अत्यारूढिः बहुत ऊँची पदवी; बहुत अधिक उन्नति; a very high position; great elevation or rise.

अत्याहितम् बड़ी विपत्ति; दुर्भाग्य; a great calamity; misfortune.

अत्युक्तिः बढ़ा चढ़ाकर कहना; exaggeration.

अत्र *ind.* यहां; इस विषय में; here; in this case.

अत्रत्य *adj.* इस स्थान का; belonging to this place.

अत्रप *adj.* निर्लज्ज; shameless.

अत्रिजः चन्द्रमा; the moon.

अथ, **अथो** *ind.* मंगलसूचक शब्द (जो किसी रचना के आदि में प्रयुक्त होता है); अब; तब; इसके बाद; यदि; और; भी; auspicious word (a word used for an auspicious beginning); now; then; after this; if; and; so also.

अथकिम् *ind.* और क्या; निश्चय ही; जी हां; what else; certainly so; yes.

अथवा *ind.* या; or.

अद् (अदा. P. अत्ति, अत्तः, अदन्ति) खाना; to eat.

अदक्षिण बायां; पुरोहितों को बिना दक्षिणा का; उदारता का अभाव; प्रतिकूल; left; without presents to the priests; lack of generosity; unfavourable.

अदभ्र *adj.* थोड़ा नहीं; बहुत; not scanty; plentiful.

अदस् *pro.* = (*m.* असौ, अमू, अमीः *f.* असौ, अमू, अमूः, *neu.* अदः, अमू, अमूनि) वह (परोक्ष दूरस्थ); that (which is distant and not visible).

अदेशः गलत जगह; wrong place.

अदोहः दुहने के अयोग्य समय; न दुहना; the time which is not fit for milking; not milking.

अद्धा *ind.* सचमुच; स्पष्टतः; निश्चय से; sure-

ly; clearly; indeed.

अद्भुत *adj.* आश्चर्यजनक; wonderful.

अद्य *ind.* आज; today.

अद्यतन *adj.* आज का; of today.

अद्रिः पहाड़; mountain.

अद्वय दो नहीं; not two. **अद्वितीय** बेजोड़; unique. **अद्वैतम्** ब्रह्म को एक मानने का सिद्धान्त; एकता; Monism (principle of non-duality of Brahman); oneness.

अधम नीच; निकृष्ट; mean; vile.

अधमर्ण *adj.* कर्जदार; one who is under debt (*opp.* उत्तमर्ण).

अधर नीचा; घटिया; low or mean; inferior. **अधरः** नीचे का होंठ; a lower lip. **अधरोष्ठ** होंठ; lips.

अधस् *ind.* (अधः) तले; नीचे; below; under [यह पञ्चमी के साथ आता है; it is used with ablative वृक्षादधः].

अधस्तन *adj.* नीचे स्थित; situated beneath. *ind.* **अधस्तात्** नीचे; तले; down; below [संबन्ध कारक के साथ; with genitive वृक्षस्याधस्तात्].

अधि *ind.pre.* [उपसर्ग के रूप में; as prefix with verb] ऊपर; over, above.[क्रियाविशेषण के रूप में; as adverb] आगे बढ़कर; over, onward.

अधिक ज्यादा; परिमाण से बढ़कर; more; surpassing in quantity.

अधिकरणम् आधार; सप्तमी विभक्ति; base; locative case.

अधिकारः प्रभुत्व; power, authority.

अधिकृत अधिकार प्राप्त; authorised.

अधिकृत्य *ind.* के विषय में; regarding.

अधिक्षेपः गाली; दोषारोपण; अपमान; abuse; blame; insult.

अधिगम् (भ्वा. अधिगच्छति) प्राप्त करना; to obtain. *n.* **अधिगमः, -मनम्** प्राप्ति; acquisition.

अधिज्य डोरी तना हुआ (धनुष); a strung bow.

अधित्यका पहाड़ का ऊँचा स्थान; highland.

अधिदेवः, -देवता इष्टकुल देवता; tutelary deity. *syn.* **अधिदैवम्, अधिदैवतम्.**

अधिपः, -पतिः स्वामी; राजा; lord, king.

अधिमासः मलमास, लौंद का महीना; a lunar month (intercalary month).

अधिराज् (-राट्) महाराज; a supreme ruler. **अधिराजः** महाराज; emperor.

अधिरूढ *p.p.* सवार; चढ़ा हुआ; mounted; increased.

अधिरोहः चढ़ने वाला (महावत आदि); rider.

अधिवासः आवास; residence.

अधिविन्ना *f.* स्त्री जिसके रहते पति दूसरा विवाह कर ले; a superseded wife whose husband has married again though she is alive.

अधिवेतृ (अधिवेत्ता) पति जो एक स्त्री के रहते दूसरा विवाह कर लेता है; husband who supersedes his wife though she is alive.

अधिश्रयणम्, -श्रपणम् गरम करना; उबालना; warming; boiling. **अधिश्रयणी** चूल्हा; अंगीठी; an oven; a fire-place.

अधिष्ठानम् आधार; आवास; नियंत्रण शक्ति; support; residence; controlling power. *pp.* **अधिष्ठित** स्थित; विद्यमान; standing on; remaining in.

अधीतिः *f.* अध्ययन; study.

अधीतिन् *adj.* (अधीती) खूब पढ़ा लिखा; proficient in [सप्तमी के साथ प्रयोग होता है; is used with locative such as अधीतीव्याकरणे].

अधीन आश्रित; dependent.

अधीयानः विद्यार्थी; a student.

अधीर उद्विग्न; अस्थिर; excited; unsteady.

अधीशः, अधीश्वरः सर्वोच्च स्वामी; पूर्णसत्ता सम्पन्न राजा; supreme lord; sovereign ruler.

अधुना *ind.* अब; इस समय; now; at this time.

अधृष्य अजेय; घमण्डी; invincible; proud.

अधोक्षजः विष्णु या कृष्ण का नाम; the name of Viṣṇu or Kṛṣṇa.

अधोऽधः *ind.* नीचे और नीचे; lower and lower [द्वितीया के साथ; with the second case–लोकम् अधोऽधः].

अध्यक्ष प्रधान; अधीक्षक; presiding authority over a meeting or head of some organisation; a superintendent.

अध्यधि *ind.* ऊपर ऊंचे; on high [कर्म के साथ प्रयुक्त होता है; is used with objective case such as अध्यधिलोकम्].

अध्ययनम् पढ़ना; reading, study.

अध्यवसानम् प्रयत्न; दो वस्तुओं को मिलाकर एक रूप कर देना; effort, determination; absorption of one thing into the other.

अध्यवसायः प्रयत्न; दृढ़ निश्चय; effort; determination.

अध्यात्म *adj.* आत्मा और परमात्मा से संबद्ध; related to soul and Supreme Spirit.

अध्यात्मिक आत्मतत्त्व से संबद्ध; belonging to element of soul. *f.* **अध्यात्मिकी**. *syn.* **आध्यात्मिक**.

अध्यापक पढ़ाने वाला; a teacher.

अध्यापनम् पढ़ाना; teaching.

अध्यापयितृ (अध्यापयिता) अध्यापक; a teacher.

अध्यायः पुस्तक का एक खण्ड; a chapter of a book.

अध्यायिन् (अध्यायी) अध्ययनशील; studious.

अध्यारूढ सवार; चढ़ा हुआ; ऊपर उठा हुआ; mounted; ascended; elevated.

अध्यारोपः भ्रमवश एक वस्तु को दूसरी वस्तु समझना; एक वस्तु का दूसरी पर आरोप; erroneously considering one thing to be another; attribution of one thing to the other.

अध्यारोपणम् बीज बोना; sowing the seeds.

अध्यासः मिथ्या आरोप; false attribution.

अध्याहारः, -हरणम् अर्थ को पूरा करने के लिए कहीं से दूसरे शब्द का सहारा लेना; to get a word from somewhere else to complete the meaning.

अध्रुव अस्थायी; परिवर्तनशील; unsteady; transient.

अध्वन् (*m.* अध्वा) रास्ता; path.

अध्वनीन, अध्वन्य मार्ग के लिये हितकारक; good for a journey.

अध्वरः यज्ञ; religious sacrifice. **–रः, –रम्** आकाश: sky.

अध्वर्युः ऋत्विक; पुरोहित; officiating priest in a sacrifice.

अनघ पापरहित; sinless.

अनङ्ग अशरीरी; bodiless. **अनङ्गः** कामदेव; Cupid.

अनडुह् (*m.* अनड्वान्) बैल; a bull.

अनति *ind.* बहुत अधिक नहीं; not much. **अनतिः** नम्र न होना; arrogance.

अनद्यतन आज का नहीं; not of today.

अनधिक अधिक नहीं; जिससे अधिक कुछ और न हो; पूर्ण; not much; which is not surpassed by anything; complete.

अनध्यायः, -ध्ययनम् पढ़ाई से छुट्टी; holiday in study.

अनन्त अंतरहित; endless. **अनन्तः** विष्णु; Viṣṇu.

अनन्तर जिसमें देश या काल का कोई व्यवधान न हो; having no interval (of space or time). *adv.* **अनन्तरम्** तुरन्त बाद; immediately after. **आनन्तर्यम्** व्यवधान का न होना, निकटता; immediate proximity.

अनन्य वही; एकमात्र; having no other; unique.

अनन्वयः एक अलंकार जिसमें वस्तु की तुलना उसी से की जाती है; a figure of speech in which a thing is compared with itself (such as गङ्गा is like गङ्गा).

अनपाय हानि या क्षति से रहित; free from loss or decay.

अनपेक्ष उदासीन; indifferent. *adv.* **अनपेक्षम्** लापरवाही से; carelessly.

अनपेत दूर न गया हुआ; अलग न हुआ; not gone off; not deviating from [पञ्चमी के साथ, with ablative].

अनपोढ दूर न किया गया; not removed.

अनभिज्ञ अनजान; ignorant.

अनभ्र बिना बादलों के; cloudless.

अनयः अन्याय; injustice.

अनर्गल बेरोक; बे-लगाम; unhindered; unchecked.

अनर्घ, अनर्घ्य अनमोल; बेशकीमती; invaluable; priceless.

अनर्थ *adj.* हानिकारक; harmful. *n.* **अनर्थः** अनुपयुक्त वस्तु; विपत्ति; दुर्भाग्य; useless substance; calamity; misfortune. *adj.* **अनर्थक** अनुपयुक्त; सारहीन; useless; insignificant.

अनर्ह *adj.* अनधिकारी; अयोग्य; not deserving; not fit.

अनलः आग; पाचनशक्ति; fire; digestive power.

अनल्प जो थोड़ा न हो; not a little.

अनवच्छिन्न जो किसी तत्त्व के द्वारा सीमित न हो; which is not bounded by some primary substance.

अनवद्य जिसकी निन्दा न की जा सके; that which cannot be blamed.

अनवधान ध्यान न देने वाला; inattentive. **अनवधानम्** असावधानता; carelessness.

अनस् *neu.* (अनः) गाड़ी; a cart.

अनसूय, -यक ईर्ष्या-द्वेष-रहित; free from malice, not envious. *n.f.* **अनसूया** ईर्ष्या का अभाव; absence of malice.

अनागत *pp.* न आया हुआ; not arrived. **अनागतम्** भविष्य; future.

अनागस् *adj.* (अनागः) निष्पाप; निर्दोष; sinless; blameless.

अनाचारः खोटा व्यवहार; bad behaviour.

अनातुर स्वस्थ; healthy.

अनात्मन् (अनात्मा) जिसमें आत्मा न हो अर्थात् आत्मारहित; आत्मभावरहित; जिसने स्वयं पर नियंत्रण नहीं रक्खा; entirely lacking soul; not spiritual; lack of discipline over one's self.

अनादि जिसका प्रारम्भ न हो; नित्य (सर्वदा रहने वाला); having no beginning; eternal.

अनाप्त अप्राप्त; not obtained. **अनाप्तः** अकुशल; unskilful.

अनामय नीरोग, स्वस्थ; free from disease, healthy.

अनायास बिना तकलीफ़; without difficulty.

अनारत सतत; continuous. *adv.* **अनारतम्** निरन्तर; continuously

अनार्जव कुटिल; बेईमान; crooked; dishonest. **अनार्जवम्** कुटिलता; crookedness.

अनार्तव जो ऋतु के अनुकूल नहीं; which is not according to season. **अनार्तवा** कन्या जो अभी तक रजस्वला नहीं हुई; a girl

who has not attained puberty.

अनार्य असज्जन; कमीना; an ignoble person; scoundrel.

अनास्था अविश्वास; want of faith.

अनाहत आघातरहित; कोरा; unbeaten; new.

अनिगीर्ण न निगला हुआ; not swallowed.

अनिमित्त बिना कारण; without cause.

अनिमेष टकटकी लगाये; seeing steadfastly or intently.

अनिरुक्त स्पष्ट व्याख्या रहित; not clearly explained.

अनिरुद्ध न रोका हुआ; स्वच्छन्द; unobstructed; uncontrolled.

अनिर्वचनीय अवर्णनीय; indescribable.

अनिर्वृत्तिः बेचैनी; विकलता; uneasiness; anxiety.

अनिलः वायु; air.

अनिशम् *ind.adv.* लगातार; continuously.

अनिष्ट न चाहा हुआ; unwanted. **अनिष्टम्** दुर्भाग्य; misfortune.

अनीकः, -कम्, -किनी *f.* सेना; an army.

अनीश असमर्थ; unable.

अनीह इच्छारहित; listless. *f.* **अनीहा** उदासीनता; indifference.

अनु *ind.* पीछे; आसपास [संज्ञा शब्दों के पहले या पीछे जुड़ता है; 'पश्चात्' अर्थ में अव्ययीभाव समास बनाने में इसका उपयोग होता है]; behind; nearby [it is used as prefix or suffix with nouns such as अनुविष्णु संसारः, जयमनु प्रावर्षत्; also used to form adverbial compound in the sense of 'after'].

अनुकम्पा दया; pity.

अनुकरणम् नकल करना; imitation.

अनुकूल मनोवांछित चाहा हुआ; agreeable.

अनुक्रमः क्रम का अनुसरण; following an order.

अनुक्रोशः दया; करुणा; compassion; pity.

अनुग पीछे चलने वाला, अनुसरण करने वाला; follower. **अनुगतिः** पीछे चलना; following.

अनुगम् (भ्वा. P. अनुगच्छति) पीछे चलना; to follow. *n.m.* **अनुगमः** अनुसरण; following. *pp.* अनुगत.

अनुगुण समान गुणों वाला; having similar qualities.

अनुग्रहः मेहरबानी; दया; favour; kindness.

अनुचरः पीछे चलने वाला; follower.

अनुज छोटा भाई; younger brother.

अनुजीविन् (*m.* अनुजीवी) आश्रित; dependant.

अनुज्ञा सहमति; अनुमति; consent; permission.

अनुतापः पश्चात्ताप; repentance.

अनुत्तम जिससे उत्तम कोई न हो, सर्वश्रेष्ठ; having no superior, exceeding all.

अनुत्तर प्रधान; निरुत्तर; chief; without an answer.

अनुत्थानम् प्रयत्न का अभाव; absence of exertion.

अनुत्सेकः घमण्ड या अहंकार का अभाव; absence of haughtiness or pride.

अनुदकम् जल का अभाव, सूखा; want of water, drought [छन्द की पूर्ति के लिए 'अनूदक' शब्द का प्रयोग भी प्रायः देखा जाता है; the word अनूदक is also used for compliance of metric rules].

अनुदिनम् *ind.* प्रतिदिन; daily.

अनुदेशः पहले आये हुए किसी तत्त्व की ओर संकेत; pointing back towards something preceded.

अनुध्यानम् विचार, मनन; thought, meditation.

अनुनयः मनाना; प्रार्थना; propitiation,

conciliation; request.

अनुनासिक नासिका के सहयोग से उच्चरित वर्ण; a nasal sound.

अनुपदम् *ind.adv.* पीछे-पीछे; जल्दी; to follow step by step; quickly.

अनुपदिन् (*m.* अनुपदी) पीछा करने वाला; तलाश करने वाला; following; seeking after.

अनुपधि छलरहित; without fraud.

अनुपपत्तिः सिद्ध न होना; no conclusive argument.

अनुपम अतुलनीय; श्रेष्ठ; unequalled; best.

अनुपमेय, -मित बेजोड़; matchless.

अनुपलब्धिः *f.* प्रत्यक्ष न होना; non-perception. **अनुपलम्भः** अप्राप्ति; non-receipt.

अनुपस्थित जो हाज़िर न हो; not present. *n.f.***अनुपस्थितिः** गैरहाज़िरी; absence.

अनुपहत जो टूटा या फटा न हो; अक्षत; नया (कपड़ा); that which is not broken; not injured; new (cloth).

अनुपाख्य जो स्पष्ट रूप से दिखलाई न दे या जिसका वर्णन न किया जा सके; not clearly visible or which cannot be explained.

अनुपातः, अनुपतनम् पीछे जाना; एकदम आक्रमण; अनुपात; going after; pounce upon at once; proportion.

अनुपानम् दवा के साथ या बाद में ली जाने वाली या पी जाने वाली वस्तु; that which is taken or drunk with or after a medicine.

अनुपूर्वम् पहले के सिलसिले में; following the one preceding.

अनुपेत रहित; जिसका उपनयन (जनेऊ) न हुआ हो; not endowed with; whose sacred thread ceremony is not yet performed.

अनुप्रासः वर्णों की समानता का शब्दालंकार; repetition of similar letters, alliteration.

अनुबद्ध बंधा हुआ; फलस्वरूप आने वाला; tied to; following in the train or sequence.

अनुबन्धः बँधान; लगातार होते रहना; संबन्ध; परिणाम; tie; uninterrupted succession; connection; result.

अनुभवः प्रत्यक्ष ज्ञान; knowledge derived from personal experience.

अनुभावः वैभवशक्ति; भावना को प्रकट करने वाली चेष्टाएं; majestic lustre; gestures expressive of feelings.

अनुभाषणम् खंडन के लिये कही बात की पुनरावृत्ति; केवल पुनरावृत्ति; repeating what has been said for refuting it; mere repetition.

अनुभूति *f.* अनुभव; knowledge from personal observation.

अनुमतिः स्वीकृति; रज़ामंदी; permission; agreement.

अनुमरणम् विधवा का सती होना; मृत्यु का अनुसरण करना; widow's burning herself along with the dead body of her husband; following in death.

अनुमानम्, अनुमितिः अटकल; किसी हेतु से परिणाम निकालना; guess; inferring or drawing conclusion from given means.

अनुमेय अनुमान के योग्य; inferable.

अनुमोदनम् समर्थन; supporting.

अनुयात्रम्, -त्रा अनुयायी वर्ग; अनुगमन; retinue; following.

अनुयात्रिकः अनुयायी; सेवक; a follower; an attendant.

अनुयोगः प्रश्न पूछना; निन्दा; याचना; धार्मिक चिन्तन; enquiry; censure; solicitation; religious meditation.

अनुरक्त प्रेम करने वाला; loving.

अनुरक्तिः प्रेम, स्नेह; love, attachment.

अनुरञ्जक प्रसन्न करने वाला; gratifying; pleasing. *n.*अनुरञ्जनम् प्रसन्न करना; giving delight.

अनुरणनम् निरन्तर होने वाली प्रतिध्वनि; एक अर्थ से उत्पन्न दूसरा व्यंग्यार्थ; continuous echo; a meaning suggested by what is actually stated–it is called व्यङ्ग्यार्थ 'the suggested meaning'.

अनुरागः प्रेम, स्नेह; love, attachment.

अनुरात्रम् *adv.* रात में; हर रात; by night; in every night.

अनुराधा एक नक्षत्र का नाम; name of a star.

अनुरूप सदृश; मिलता-जुलता; like; in accordance with.

अनुरोधः, -धनम् आग्रहपूर्वक प्रार्थना; लिहाज़; solicitation; regard.

अनुलेपः उबटन; an anointment.

अनुलोम सीधी तरतीब; natural order. *adv.*अनुलोमम् सीधी तरतीब में; in proper order.

अनुल्वण न कम न ज्यादा; साफ नहीं; moderate; not clear.

अनुवंशः वंशावली; genealogical table. अनुवंशम् कुल से; by birth.

अनुवर्तनम् अनुसरण करना; obedience.

अनुवर्तिन् (*m.* अनुवर्ती) आज्ञाकारी; obedient.

अनुवाकः दोहराना; वेद का एक भाग; repetition; a sub-division of Veda.

अनुवादः आवृत्ति; व्याख्या; उल्था करना; repetition; explanation; reproduction in other words, translation.

अनुवासः, -सनम् सुगन्धित करना; स्निग्ध करना; पिचकारी; perfuming; to make oily; a syringe or oily enema.

अनुवासित *pp.* सुगन्धित किया गया; perfumed.

अनुविद्ध *pp.* छिदा हुआ; पिरोया हुआ; pierced; strung.

अनुवृत्तिः आज्ञा पालन; चालू रहना; obedience; continuance.

अनुव्रत श्रद्धावान्; संलग्न; devoted to; attached to.

अनुशयः पश्चात्ताप; खेद; द्वेष; repentance; regret; jealousy.

अनुशयान खेद प्रकट करता हुआ; regretting.

अनुशासनम् उपदेश; आदेश; सिद्धान्त; instructions; command; precept.

अनुशीलनम् निरन्तर या बार-बार अभ्यास या अध्ययन; constant or repeated practice or study.

अनुश्रवः वैदिक परम्परा; Vaidika tradition.

अनुषक्त *pp.* संबद्ध; संलग्न; connected; adhering to.

अनुष्टुभ् ३२ अक्षरों का एक सर्वाधिक प्रसिद्ध छन्द; a most popular metre of 32 syllables.

अनुष्ठानम् कार्य करना; धर्म का कार्य करना; put into practice; religious observance. *w.d.*अनुष्ठेय करने योग्य; worthy to be done.

अनुष्यन्दः पिछला पहिया; a hind wheel.

अनुसन्धानम् खोज; research.

अनुसरणम् पीछे चलना; going after.

अनुसारः पीछे जाना; परिणाम; रिवाज; following; consequence; custom.

अनुस्यूत बँधा हुआ; नियमित रूप से मिला हुआ; fastened to; closely linked to.

अनुस्वारः नासिका के सहयोग से निकलने वाली

ध्वनि जिसे वर्ण के ऊपर बिन्दु लगाकर प्रकट किया जाता है; nasal sound which is indicated by a dot on a letter.

अनूक: वंश; स्वभाव; चरित्र; race; temperament; character.

अनूचान: बड़ा विद्वान्; a great scholar.

अनूढ *pp.* अविवाहित; न ले जाया गया; unmarried; not carried. *f.*अनूढा अविवाहित कन्या; unmarried girl.

अनूदकम् see अनुदकम्.

अनून कम नहीं; घटिया नहीं; not less; not inferior.

अनूप अधिक जल वाले स्थान; जल के निकट के स्थान; marshy place, moorland; place near water.

अनूर्जित शक्तिहीन; powerless.

अनृजु जो सीधा न हो; कुटिल; दुष्ट; not gentle; crooked; wicked.

अनृणम् जिस पर ऋण न हो; free from debt.

अनृत असत्य; false. **अनृतम्** धोखा; झूठ; deception; falsehood.

अनेक एक नहीं; बहुत से; not one; many.

अनेकधा *ind.* अनेक प्रकार से; in many ways.

अनेकश: *ind.* बारंबार; frequently.

अनेनस् *adj.* (*neu.*अनेन: ; *m.*अनेना:) पापरहित; sinless.

अनेकान्त अनिश्चित; uncertain. *syn.***अनैकान्त**, **अनैकान्तिक**.

अनैकान्त, **-कान्तिक** see अनेकान्त.

अनैक्यम् एकता की कमी; want of unity.

अनोकह: पेड़; tree.

अनौचित्यम् अनुचित होना; inappropriateness.

अनौजस्यम् शक्ति का अभाव; want of vigour or energy.

अनौद्धत्यम् अहंकार न होना; विनय; शान्ति; freedom from pride; modesty; tranquillity.

अनौरस गोद ली गई सन्तान; adopted son or daughter.

अन्त (*m.* अन्त:) छोर; समाप्ति; परिणाम; edge or border; end; conclusion. *ind.*अन्ते अन्त में; in the end.

अन्तक: यमराज; मृत्यु; god of death; death.

अन्तकर अन्त करने वाला; killer.

अन्तत: *ind.* आखिर; finally.

अन्तर् *ind.* [क्रियाओं के साथ जुड़ता है; is prefixed to verbs such as अन्तर्भवति] मध्य में; अन्दर; in between; inside, among.

अन्त:करणम् हृदय; आत्मा; मन; heart; soul; mind.

अन्त:पुरम् रनिवास; women's apartment.

अन्त:पुरिक:, -का रनिवास तक जाने वाला दूत–कंचुकी; chamberlain.

अन्तर *adj.* भीतर का; निकट; interior; near. **अन्तरम्** भीतर का; सूराख; मध्य का समय या जगह; the interior; a hole; intermediate time or space. (–०) [संज्ञा शब्द के अन्त में जुड़ता है और सदा नपुंसकलिंग रहता है–उसके पहले जुड़ने वाला शब्द चाहे जिस लिंग का हो; is suffixed to nouns and remains neuter gender irrespective of the gender of previous word such as देशान्तरम्] दूसरा; other.

अन्तरत: *ind.* आन्तरिक; in the interior.

अन्तरतम सर्वाधिक निकटवर्ती; सर्वाधिक अन्दरूनी; nearest; innermost.

अन्तरा*ind.adv.* बीच में; in between (त्वां मां च अन्तरा).

अन्तरात्मन् (अन्तरात्मा) आत्मा; हृदय; तत्त्व; soul; heart; substance.

अन्तराय: विघ्न; hurdle.

अन्तरालम् बीच का स्थान; intermediate space.

अंन्तरिक्षम् आकाश; sky.

अन्तरित बीच में डाला गया; छिपाया गया; gone within; hidden.

अन्तरीप: , -पम् भूमि का नुकीला भाग जो समुद्र में दूर तक चला गया हो; portion of land stretching out into the sea, cape.

अन्तरीयम् नीचे का वस्त्र; undergarment.

अन्तरेण *ind.* [द्वितीया के साथ आता है; used with accusative] विषय में; सिवाय या अतिरिक्त; with reference to; without.

अन्तर्गत भीतरी; शामिल किया हुआ; inner; included.

अन्तर्धा (अन्तर्दधाति, *pp.*अन्तर्हित) बीच में रखना; छिपाना; to put inside; to conceal.

अन्तर्धानम् लुप्त होना, गायब होना; hiding, disappearance.

अन्तर्धि: ओझल होना; गोपन; disappearance; concealment.

अन्तर्भाव: अन्दर आ जाना; inclusion.

अन्तर्य भीतरी; inner.

अन्तर्यामिन् (अन्तर्यामी) भीतर का हाल जानने वाला; ईश्वर; knowing innermost reality; God.

अन्तर्वत्नी गर्भवती स्त्री; a pregnant woman.

अन्तिक *adj.* समीप; सामने; सामीप्य; near; in the presence of; vicinity. अन्तिकम् निकटता; nearness.

अन्तिम आखिरी; final.

अन्ते अन्त में; in the end.

अन्त्यज: नीची जाति वाला; born in the low caste.

अन्त्रम् आंत; intestine.

अन्दु, अन्दू: जंज़ीर; हाथी के पैर की जंज़ीर; नूपुर; a chain or fetter; a chain for elephants' feet; an ornament for ankles called Nūpura.

अन्ध अंधा; blind. अन्धम् अंधेरा; darkness.

अन्धकार धुंधला; dim. अन्धकार: अंधेरा; darkness.

अन्धतमसम्, -तामसम् घना अंधेरा; thick darkness.

अन्धतामिस्र: गहन अन्धकार; thick gloom.

अन्धु: कुआं; a well.

अन्नम् भात; सामान्य भोज्य पदार्थ; boiled rice; food in general.

अन्नकूट: भात का ढेर; a heap of boiled rice.

अन्नपूर्णा दुर्गा देवी का एक रूप; प्रचुरता की देवी; a form of goddess Durgā; the goddess of plenty.

अन्नप्राशनम् बच्चे को पहले-पहल अन्न खिलाने का संस्कार; first time rice feeding ceremony of a child.

अन्नमय अन्न से बना; made of food or grain. अन्नमयम् अन्न की अधिकता; plenty of food.

अन्य दूसरा; भिन्न; other; different. *ind.*अन्यत: दूसरे से; from another.

अन्यतम बहुतों में एक; कोई एक; one in many; someone.

अन्यतर दो में एक; one in two.

अन्यत: *ind.adv.* दूसरी ओर से; दूसरे स्थान से; from another side; from elsewhere.

अन्यत्र *ind.* दूसरे स्थान पर; दूसरे अवसर पर; सिवाय; elsewhere; at another time; except.

अन्यथा *ind.* वरना; नहीं तो; इसके विपरीत; otherwise; if not; in another way.

अन्यदा *ind.* दूसरे समय पर; दूसरे मामले में; at another time; in any other case.

अन्यदीय किसी दूसरे से संबन्ध रखने वाला; belonging to another.

अन्यादृश दूसरे प्रकार का; परिवर्तित; अनोखा; of some other kind; changed; strange.

अन्याय न्यायरहित; unjust. *n.m.* **अन्यायः** अवैध कृत्य; any unjust action.

अन्येद्युः *ind.* दूसरे दिन; अगले दिन; on the other day; on the next day.

अन्योन्य एक दूसरे को; परस्पर; for each other; mutual.

अन्वक्ष दिखलाई पड़ने वाला; तुरन्त बाद में आने वाला; visible; following immediately. *ind.* **अन्वक्षम्** तुरन्त बाद में; सीधे; immediately; directly.

अन्वयः अर्थानुसार शब्द योजना; वंश; logical arrangement of words according to sense; progeny.

अन्वर्थ शब्दार्थ के अनुसार संकेत ग्रहण; सार्थक नाम; sense of a word according to meaning; meaningful name.

अन्ववसर्गः मनचाही करने की अनुमति; permission to act at will.

अन्ववायः वंश; family.

अन्वहम् *ind.* प्रतिदिन; everyday.

अन्वादेशः पहले कहे हुए का पुनः कथन; referring to what has been previously mentioned.

अन्वारोहणम् सती होना; ascending the funeral pyre to get cremated with husband's body

अन्वित सहित; accompanied by.

अन्विक्षणम् खोज; प्रतिबिंब; search; reflection.

अन्वेषः, -षणम्, -षा खोजना; searching.

अन्वेषक ढूंढने वाला; searching for.

अप् (केवल बहुवचन; only *pl.* आपः इत्यादि) जल; water.

अप *pre.* दूर, ह्रास, विरोध, वर्जन आदि अर्थों में धातु के साथ; as a prefix to a verb, it means–away from, deterioration, opposition, exclusion.

अपकर्तृ (अपकर्ता) हानिकारक; कष्टदायक; injurious; offensive.

अपकर्षः नीचे की ओर खींचना; घटाना, कम करना; हानि; drawing down; reduction; loss.

अपकारः दूसरे का बुरा करना; चोट; ओछा काम; doing evil to others; damage; mean or hostile act.

अपकारक हानि पहुंचाने वाला; बुरा करने वाला; causing injury; evil-doer.

अपकृष्ट नीचे खींचा गया; नीच; अधम; brought down; low; vile.

अपक्रमः *m.* अलग चले जाना; पीछे लौटना; परे जाना; going away; turnimg back; going off.

अपक्रिया *f.* अपकार; harmful act.

अपक्षेपः नीचे फेंकना; throwing down.

अपघन, -नाः अंग; limb. *adj.* **अपघन** बादलों से रहित; cloudless.

अपचयः ह्रास; decrease.

अपचारः प्रस्थान; कमी; अपराध; बुरा काम; departure; deficiency; offence, crime; fault.

अपचितिः *f.* हानि; व्यय; प्रायश्चित्त; loss; expenditure; atonement.

अपटी छोटा पर्दा; कनात; a small screen; a screen surrounding a tent.

अपतानकः पेशियों में सिकुड़न, मूर्च्छा और दौरे का एक रोग; a disease resulting in spasmodic contraction with occasional convulsive fits.

अपत्यम् सन्तान; an offspring.

अपत्रप निर्लज्ज; shameless.

अपथ गलत राह; अविषय; improper way; not being the subject of.

अपथ्य रोगी के लिये हानिकारक खाद्य; harmful diet for patient.

अपदम् स्थान का अभाव; बुरा स्थान; बिना विभक्ति का शब्द; want of abode; bad abode; a word without case termination.

अपदेशः बहाना; pretext.

अपद्वारम् बगल का दरवाज़ा; a side door.

अपध्वंसः अधःपतन; लांछन; degradation; disgrace.

अपनयः हटा देना; taking away.

अपभय, अपभी निडर; fearless.

अपमानः बेइज़्ज़ती; humiliation.

अपमृत्युः असमय मृत्यु; untimely death.

अपयशस् (*neu.* अपयशः) बदनामी; ill repute.

अपर पिछला; घटिया; दूसरा; से भिन्न; hinder; inferior; other; different from. *ind.* अपरम् इसके अतिरिक्त; besides.

अपरतिः विच्छेद; असंतोष; cessation; dissatisfaction.

अपरत्र *ind.* और कहीं; at another place.

अपरागः प्रेम का अभाव; शत्रुता; want of love; enmity.

अपराधः जुर्म; offence, crime. **अपराधलव** छोटा अपराध; a small fault. *m.* **अपराधिन्** अपराधी; guilty.

अपरान्त पश्चिमी तटीय प्रदेश; western coastal region.

अपराह्णः तीसरा पहर; afternoon.

अपरिग्रहः दरिद्रता; poverty.

अपरूप कुरूप; ugly.

अपरेद्युः *ind.* अगले दिन; on the following day.

अपरोक्ष प्रत्यक्ष; visible.

अपर्णः बिना पत्तों वाला; leafless.

अपर्याप्त ना काफ़ी; असीमित; insufficient; unlimited.

अपर्वन् (अपर्व) जोड़ का अभाव; जो पर्व का दिन न हो; without a joint; a day which is not a Parva.

अपलापः, -पनम् कही बात को छिपाने के लिए दूसरी तरह कह देना; सचाई को छिपाना; evasion; excuse.

अपवर्गः पूर्ति; नियम का अपवाद; मोक्ष; उपहार; छोड़ना; completion; exception of rule; final beatitude; gift; discharge.

अपवादः निन्दा; कुतर्क; सामान्य नियम का लागू न होना; abuse; bad argument; exception to general rule.

अपवारणम् व्यवधान; an intervention.

अपवारितम्, -कम् नाटक में चुपके से कहना; asides in a drama.

अपविद्ध त्यागा हुआ; नीच; rejected, thrown off; mean. **अपविद्धः** पुत्र जिसे माता-पिता ने त्याग दिया हो और अन्य अपरिचित व्यक्ति ने गोद ले लिया हो; a son rejected by parents and adopted by a stranger.

अपव्ययः अनावश्यक अधिक ख़र्च; extravagant expenditure.

अपशब्दः अशुद्ध शब्द; wrong word.

अपश्चिम अन्तिम [इस शब्द का प्रयोग 'पश्चिम' या अन्तिम के अर्थ में ही होता है—अर्थात् जिसके पश्चिम या बाद में और कुछ न हो]; last [this word is used in the sense of पश्चिम or last–as such it means that 'after which there is nothing'].

अपसदः नीच [प्रायः समास के अन्त में 'क्षत्रियापसदः']; अनुलोम दोगली सन्तान; mean [generally in the end of compound as क्षत्रियापसदः]; mixed bred children born from a lower caste woman.

अपसरः प्रस्थान; पलायन; departure; retreat.

अपसरणम् पीछे लौटना; retreat.

अपसव्यम् दायाँ; दायें कंधे पर जनेऊ; right;

putting sacred thread on right shoulder.

अपसिंद्धान्तः गलत निर्णय; wrong conclusion.

अपस्मारः मिरगी रोग; epilepsy. **अपस्मृतिः** स्मृतिभ्रंश; forgetfulness.

अपहरणम् चुराना; stealing.

अपहसितम् प्रायः आंसुओं से युक्त अकारण हंसी; आंसुओं से युक्त हंसी; silly or causeless laughter often with tears; laughter generally with tears.

अपहस्तित दूर फेंका हुआ; परित्यक्त; thrown away; discarded.

अपहारः चुराना; stealing.

अपह्नवः छिपाना; मुकर जाना; concealment; denial of truth.

अपह्नुतिः *f.* सत्य को छिपाकर असत्य की स्थापना; इस अर्थ को प्रकट करने वाला एक अलंकार; concealment of truth and ascribing untruth to it; a figure of speech having this sense.

अपाकरणम् दूर कर देना; कारोबार को समेट लेना; removing away; liquidation of business.

अपाङ्गः आंख की कोर; the outer cover of the eye.

अपात्रम् अयोग्य याचक; unworthy recipient.

अपादानम् ले जाना, जहाँ से कुछ अलग हो; पंचमी विभक्ति का आधार; taking away, whence a thing is separated; notion of ablative.

अपानः गुदा से निकलने वाली श्वास वायु; expiration from anus.

अपानम् गुदा; anus.

अपांनिधिः समुद्र; ocean.

अपाम्पतिः समुद्र; ocean.

अपायः वियोग; हानि; नाश; departure; harm; destruction.

अपार जिसका पार न हो; अत्यधिक; boundless; abundant.

अपार्थ, -र्थक निरर्थक; meaningless.

अपावरणम्, अपावृत्तिः *f.* उद्घाटन; ढकना; छिपाना; opening; covering; concealing.

अपि *ind.pre.* वाक्य के प्रारम्भ में-प्रश्न का द्योतक 'अपि गमिष्यसि?' 'क्या जाओगे?'; संज्ञा या क्रिया इत्यादि के बाद 'भी' 'अधिकता' 'और' का अर्थ देता है; used in the beginning of a sentence - indicates a question 'अपि गमिष्यसि?' 'Will you go?'; after noun, verb, etc. it means 'also' 'more' 'and'. (इसी प्रकार 'यद्यपि–अगर्चे' 'तथापि–तो भी' 'किमपि–कोई भी' 'अपिच–और भी' इत्यादि; in the same way 'यद्यपि–though' 'तथापि–even then' 'किमपि–anything' 'अपिच– even more', etc.).

अपिच्छिल जो गंदला न हो; not muddy.

अपिधानम् (पिधानम्) ढकना; छिपाना; ढक्कन; covering; concealing; cover; lid.

अपिनद्ध see पिनद्ध.

अपिहित (पिहित) बन्द; ढका; shut; covered.

अपुंस्का बिना पति की स्त्री; a woman without a husband.

अपूपः पुआ, मालपुआ; a sweet cake of flour.

अपूर्ण अधूरा; imperfect.

अपूर्व जैसा पहले न हुआ हो; अनोखा; unprecedented; extraordinary. *n.* **अपूर्वम्** भाग्य; fortune.

अपेक्षा आशा; चाह; लिहाज; expectation; desire; regard. *p.p.* **अपेक्षित** चाहा हुआ; जिसकी इच्छा की जाय; desired; hoped.

अपोगण्डः बालिग (मनु के अनुसार कम से कम

१६ वर्ष का); अत्यन्त डरपोक; adult (at least 16 years of age according to Manu); very timid.

अपोढ दूर हटाया गया; removed from.

अपोह: हटाना; दूर करना; removing; driving away.

अपौरुष, अपौरुषेयम् कायर; ईश्वरकृत; cowardly, timid; not of the authorship of man, of divine origin.

अप्रगल्भ मुग्ध; शर्मीला; shy; not arrogant.

अप्रजस् (अप्रजाः), **अप्रजात** सन्तानहीन; having no issue.

अप्रतिपत्तिः अस्वीकृति; कार्य का पूरा न होना; निश्चय का अभाव; non-acceptance; non-performance; absence of determination.

अप्रतिबन्ध बेरोकटोक; unobstructed.

अप्रतिभ मन्दबुद्धि; dull.

अप्रतिम अद्वितीय; excellent.

अप्रतिहत बेरोकटोक; unchecked.

अप्सरस् *f.* (अप्सराः) स्वर्गवासिनी सुन्दरतम रमणियां; nymphs.

अबन्ध्य जो बंजर या व्यर्थ न हो; not barren or useless.

अबला स्त्री; woman.

अबाध बाधारहित; unobstructed.

अब्ज पानी में उत्पन्न हुआ; grown in water. **अब्जम्** कमल; lotus. **अब्जः** चन्द्रमा; moon.

अब्दः मेघ; वर्ष; cloud; year.

अब्धिः जलधि; समुद्र; receptacle of water; ocean.

अब्रह्मण्यम् (नाटकों में) 'अनर्थ हो गया' 'रक्षा करो' इत्यादि की पुकार में आता है; exclamation–'a horrible or disgraceful deed has been committed', 'help', etc.(it is used in dramas).

अभया हरड़; myrobalan.

अभावः न होना; non-existence.

अभि *pre.* (a) उपसर्ग जो निम्नलिखित अर्थ देता है; a prefix meaning–I. की ओर; to, towards–अभिगच्छ II. के लिये; के विरुद्ध; for; against–अभिपत् III. पर; ऊपर; on; upon–अभिसिञ्च IV. ऊपर से; परे; over, above; across–अभितनोति V. अधिकता से; excessively. (b) अव्ययीभाव में या स्वतन्त्ररूप से; in अव्ययीभावः compound or independently meaning–की ओर; निकट; पर, ऊपर; to; near; on–such as अभ्यग्नि, अग्निमभि. (c) पृथक् पृथक् such as वृक्षम् वृक्षम् अभिसिञ्चति.

अभिक, अभीक कामुक; lover.

अभिख्या शोभा; छवि; beauty; splendour.

अभिगम्य पास जाने योग्य; accessible.

अभिगीत (*pp.* of गै) गाया हुआ; sung.

अभिघातः चोट; प्रहार; blow; stroke.

अभिचारः मारण इत्यादि बुरे मन्तव्य में जादू का प्रयोग; employment of spells with malevolent purpose.

अभिजनः कुटुम्ब; family.

अभिजात कुलीन; of noble descent.

अभिज्ञ जानने वाला; कुशल; knowing; clever.

अभिज्ञानम् निशानी; token for recognition.

अभितस् (अभितः) *ind.* चारों ओर (द्वितीया के साथ); around (with accusative such as ग्रामम् अभितः).

अभिताप मन या शरीर की बहुत अधिक गर्मी; अत्यधिक पीड़ा; extreme heat of mind or body; a great distress or pain.

अभिधा नाम; सीधा अर्थ देने की शब्द की शक्ति; name; word's power to give a direct meaning.

अभिधानम् कथन; नाम; statement; name.

अभिनय: भाव-व्यञ्जक चेष्टाएं; acting.

अभिनिवेश: दृढ़ लगन; ज़िद; devotion; clinging to wordly desire.

अभिनेतृ (अभिनेता) नाटक का पुरुष पात्र; actor. **अभिनेत्री** नाटक की स्त्री पात्र; actress.

अभिनेय, -नेतव्य *w.d.* अभिनय के योग्य; worthy for acting.

अभिप्राय: लक्ष्य; उद्देश्य; मतलब; aim; purpose; meaning.

अभिभव:, -भूति: हार; अपमान; defeat; disrespect.

अभिभूत *pp.* जिस पर विजय प्राप्त की गई है या जो दबाया गया है; overcome. *n.f.* **अभिभूति:** पराभव; predominance.

अभिमत *pp.* इष्ट; सम्मत; desired; agreeable.

अभिमान: अहंकार, स्वाभिमान; विश्वास; arrogance, pride, feeling of being honourable; belief.

अभिमुखम् सामने; facing.

अभियुक्त व्यस्त; जिस पर हमला किया गया हो; जिस पर मुकदमा चलाया जाए; absorbed fully; one who has been attacked; one who has been sued.

अभियोक्तृ (अभियोक्ता) मुद्दई; plaintiff.

अभिराम सुन्दर; मनोहर; beautiful; lovely.

अभिरुचि: इच्छा; desire.

अभिरूप सुन्दर; विद्वान्; beautiful; learned.

अभिलाव: कटाई; reaping, mowing.

अभिलाष:, -षा *f.* इच्छा; desire.

अभिवाद:, -दनम् मिलने पर सम्मान में कहे गये शब्द या हाथ जोड़ने इत्यादि की क्रिया; salutation.

अभिविधि: सीमा जिसमें सीमा का विस्तार शामिल रहता है; boundary in which the whole range of it is included.

अभिव्यक्ति: प्रकट होना; manifestation.

अभिशंसक: दोषारोपण करने वाला; accusing.

अभिशस्ति: *f.* दुर्भाग्य; अभिशाप; मांगना; misfortune; curse; begging.

अभिषङ्ग: पूरा लगाव; हार; क्लेश; अपमान; complete attachment; suffering; humiliation; insult.

अभिषव: यज्ञ में सोमरस निकालना; धर्म कार्य में स्नान; यज्ञ; extraction of Somarasa in a sacrifice; bathing during religious ceremonies; a religious sacrifice. **अभिषवम्** कांजी; sour gruel.

अभिषेचनम्, अभिषेक: मूर्ति की प्रतिष्ठा और राजतिलक के समय पवित्र जल का छिड़काव और उससे स्नान; सामान्य छिड़काव तथा स्नान; bathing or sprinkling of sanctified water at the time of installation of a deity or coronation of a king; general sprinkling and bathing.

अभिष्टव: प्रशंसा; स्तुति; praise; eulogy.

अभिष्यन्द: बहाव; आँख का रोग जिसमें पानी बहता है; अधिकता; flowing; oozing of water from eyes in a disease; surplus.

अभिष्वङ्ग: अत्यधिक आसक्ति; intense attachment.

अभिसन्धा *f.* धोखा; सन्धि करना; भाषण; deceit; making peace; speech. *syn.* **अभिसन्धि:**. *neu.* **अभिसन्धानम्**.

अभिसार: प्रेम करने के लिये संकेत स्थान; संकेत स्थान पर जाना; rendezvous for love making; amorous visit.

अभिसारिका जो स्त्री प्रिय से मिलने संकेत स्थान पर जाती है; a lady who goes to ren-

dezvous to meet her lover.

अभिहित *pp.* रक्खा गया; कहा गया; put; said.

अभीक कामी; निर्भय; lover; fearless.

अभीक्ष्णम् *ind.* बारंबार, पुनः पुनः; लगातार; अत्यन्त; frequently; constantly; exceedingly.

अभीप्सित, अभीष्ट चाहा हुआ, इच्छित; desired for. *n.* **अभीप्सितम्, अभीष्टम्** इच्छा; desire.

अभीरः अहीर; a cowherd.

अभुजिष्या स्वतन्त्र स्त्री जो दासी न हो; an independent woman who is not a slave.

अभूमिः उचित स्थान नहीं; जो विषय नहीं बन सकता; not a proper place; no object for.

अभ्यङ्ग, अभ्यञ्जनम् मालिश; massaging.

अभ्यनुज्ञा *f.* सहमति; अनुमति; consent; permission.

अभ्यन्तर भीतरी; समूह का अंग; interior; being a part of a body or group.

अभ्यर्ण पास का; near. **अभ्यर्णम्** पड़ोस; neighbourhood..

अभ्यर्थनम् मांगना; begging.

अभ्यर्हित सम्मानित; प्रतिष्ठित; honoured; revered.

अभ्यवहारः भोजन ग्रहण करना; भोजन; taking food; food.

अभ्यस्त अभ्यास किया हुआ; बार-बार पढ़ा हुआ; practised; studied repeatedly.

अभ्यागत मेहमान; आया हुआं; guest; visitor.

अभ्यागमः पहुँच; रोग; रण; approach; disease; battle.

अभ्याघातः अचानक आक्रमण; sudden attack.

अभ्याश पास का; near. **अभ्याशः, -शम्** सामीप्य; vicinity.

अभ्यास बार-बार दोहराना; आवृत्ति; repeating again and again; practice.

अभ्युक्षणम् छिड़कना; sprinkling.

अभ्युच्चयः वृद्धि; increase.

अभ्युत्पतनम् उछाल; sudden leap upon.

अभ्युदयः उन्नति; rise.

अभ्युपगमः स्वीकृति; प्रतिज्ञा; admission; promise.

अभ्युपेत *pp.* सामने या पास आया हुआ; स्वीकृत; approached; agreed.

अभ्युषः, अभ्यूषः, अभ्योषः बाटी; a sort of cake or bread.

अभ्रम् बादल; cloud. *adj.* **अभ्रङ्कष** गगनचुम्बी; very high.

अभ्रंलिह बादलों को चूमने वाला; बहुत ऊँचा; reaching upto the clouds; very high.

अमत न माना हुआ; not approved.

अमर देवता; god, deity.

अमरावती इन्द्र की नगरी; the capital of Indra.

अमर्ष रोष; anger.

अमा, अमावास्या कृष्णपक्ष का १५ वां दिन जिसमें सूर्य और चन्द्र एक राशि पर रहते हैं; the 15th day of dark fortnight in which the sun and moon are in the same zodiac.

अमात्यः मंत्री; minister.

अमित असीम; unlimited.

अमित्र मित्र नहीं; शत्रु; not a friend; enemy.

अमुक यह-वह; फलाँ; so and so; that one.

अमुत्र वहां; परलोक में; at that place; in

the next world.

अमूल्य अनमोल; कीमती; priceless; precious.

अमृतम् सुधा; जल; अमरता; मोक्ष; यज्ञशेष; nectar; water; immortality; salvation; remains of Yajna.

अमृतांशुः चन्द्रमा; the moon.

अमोघ अचूक; जो व्यर्थ न हो; निश्चित; unfailing; not vain; sure.

अम्बकम् आँख; पिता; an eye; father.

अम्बरम् आकाश; वस्त्र; sky; cloth.

अम्बष्ठः धोबी; ब्राह्मण पिता और वैश्य माता से उत्पन्न सन्तान; washerman; an offspring of a Brāhmaṇa from a Vaiśya woman.

अम्बा, अम्बिका माता [आदर में प्रयुक्त किया जाता है–भद्र माता]; mother [is used in respect–good mother].

अम्बु जल; water.

अम्बुजम् कमल; lotus.

अम्बुदः मेघ; cloud.

अम्बुधिः सागर; sea.

अम्बुरुहः, -रुहम् कमल; lotus.

अम्बूकृत मुंह से थूक उछालते हुये कहे गये शब्द; indistinct sound created with foaming mouth.

अम्भस् (*neu.* अम्भः) जल; water. [अम्भोज, अम्भोधि etc. are formed like अम्बुज etc.].

अम्ल खट्टा; sour. *n.* **अम्लम्** खटाई; acidity.

अय् (भ्वा. A. अयते) जाना; to go. (उद् के साथ P. उदयति) उगना; to grow.

अयनम् आना जाना; राह; घर; सूर्य का मार्ग; coming going; path; house; sun's course (उत्तरायण, दक्षिणायन).

अयस् (*neu.* अयः) लोहा; iron. **अयस्कारः** लुहार; blacksmith.

अयि, अये, अरे *ind.* कोमल प्रेमपूर्ण संबोधन; gentle or friendly addressing words–'Oh','O'.

अयुज् विषम संख्या; odd number.

अयुतम् दस हजार; ten thousand.

अरः, अरम् पहिये के आरे; spoke of a wheel.

अरणिः यज्ञ की लकड़ी जिसे घिस कर आग उत्पन्न की जाती है; a piece of wood used in religious sacrifice for kindling fire by rubbing.

अरण्यम् जंगल, वन; forest.

अरम् *ind.adv.* ठीक-ठीक; झटपट; suitably; readily.

अररम् किवाड़; fold of a door.

अरविन्दम् कमल; lotus.

अरिः शत्रु; enemy.

अरिष्टम् दुर्भाग्य; विशिष्ट पेय; misfortune; a kind of drink.

अरुण कुछ लाल; सुनहरा; reddish; golden. *n.* **अरुणः** उषःकाल; ललाई; सूर्य का सारथी; dawn; redness; charioteer of the sun.

अरुन्तुद मर्मस्थानों को पीड़ा देने वाला; inflicting wounds on vital parts.

अरुस् (*m.* अरुः) घाव; मदार; wound; the Madara tree.

अरे *ind.* छोटों के लिये संबोधक अव्यय; an indeclinable for addressing youngers. *ind.* **अरेरे** छोटों को घृणा या क्रोधपूर्ण संबोधन; an address to youngers with contempt or anger.

अरोक निष्प्रभ; without brilliance.

अर्कः सूर्य; वनस्पति विशेष; the sun; a particular plant.

अर्गलः, -ला, -ली *f.*, **-लम्** आगल; किवाड़ की कुंडी; a bolt, bar; latch of a door.

अर्घ कीमत; मूल्य; अतिथि की आवभगत; value; price; hospitable recep-

tion of a guest.

अर्घ्य मूल्यवान्; valuable. **अर्घ्यम्** किसी देवता या विशिष्ट व्यक्ति के लिये सादर भेंट या पूजा; a respectful offering or oblation to a god or venerable person.

अर्च् (भ्वा. U. अर्चति, अर्चते) पूजा करना; स्तुति करना; to worship; to adore. *n.f.*अर्चा. *n.neu.*अर्चनम्. *pp.*अर्चित.

अर्चिः किरण; ज्वाला; ray; flame.

अर्ज् (भ्वा. P. अर्जति) उपार्जित करना; ग्रहण करना; to earn; to procure.

अर्जुन सफ़ेद; चमकीला; इस नाम वाला एक वृक्ष; मध्यम पाण्डव; white; shining; tree terminalia; younger brother of Yudhiṣṭhira and Bhīma.

अर्तिः पीड़ा, दर्द, दुःख; pain, sorrow, grief [such as शिरोऽर्तिः].

अर्थ् (चुरा. A. अर्थयते) प्रार्थना करना; to request. *pp.*अर्थित [generally used with अभि–अभ्यर्थयते].

अर्थः लक्ष्य; कारण; तात्पर्य; वस्तु या विषय; कार्य; व्यापार; प्रयोजन; उपयोग; रीति; विष्णु; धन; aim; cause; meaning; a thing or object; work; business; use; manner; name of Viṣṇu; wealth.

अर्थतः *ind.* सचमुच; really.

अर्थवादः प्रयोजन का कथन; प्रशंसामात्र (कल्पित कथा द्वारा किसी उच्च सिद्धान्त का समर्थन); statement of a purpose; mere praise (supporting a high moral by an imaginary story).

अर्थात् *ind.* आशय यह है कि; so to say, as a matter of fact.

अर्थान्तरम् दूसरा अर्थ; another meaning.

अर्थापत्तिः परिस्थितियों के आधार पर अनुमान लगाना; a guess according to circumstances.

अर्थिन् (*m.* अर्थी) अभिलाषी; किसी वस्तु को मांगने वाला; desirous; beggar of something.

अर्थिसात् *ind.* याचकों के आधीन; at the disposal of beggars.

अर्द् (भ्वा. P. अर्दति) दुःख देना; प्रहार करना; वध करना; मांगना; to torment; to afflict, to strike; to kill; to beg. *pp.*अर्दित.

अर्ध, अर्द्ध आधा; half. **अर्धम्, अर्धः** आधा भाग; half part.

अर्धचन्द्रः आधे चन्द्रमा के आकार वाला; बाहर निकाल देने के लिये घेंचा (गले में हाथ डालकर बाहर निकाल देना); having the shape of half-moon; seizing by throat (for turning out).

अर्धर्चः आधी ऋचा; half-verse of Ṛgveda.

अर्धावभेदकः आधा शीशी दर्द; hemicrania (head pain in half-part).

अर्धोरुकम् आधी टांग तक पहुंचने वाला पेटीकोट; a petticoat reaching halfway down to thigh.

अर्पणम् देना; वापिस देना; giving; giving back.

अर्बुदः, अर्वुदः आबू पहाड़; mount Abu. **अर्बुदम्** एक करोड़; one crore.

अर्भकः बच्चा, बालक; a child.

अर्यः स्वामी; वैश्य; lord; a Vaiśya.

अर्यमन् (*m.* अर्यमा) सूर्यदेव; पितरों में मुख्य; Sun-god; chief of forefathers.

अर्वन् *m.* घोड़ा; a horse.

अर्वाञ्च् *ind.* (अर्वाक्) इस ओर; पहले (स्थान या समय की दृष्टि से); नीचे की ओर; पश्चात्; on this side; before (in time and place); downward; subsequently.

अर्वाचीन आधुनिक; के बाद का; modern; later than.

अर्शस् (*neu.* अर्शः) बवासीर; piles.

अर्ह् (भ्वा. P. अर्हति) योग्य होना; पूजा करना;

to deserve; to worship. *adj.*अर्ह योग्य; अधिकारी; उचित मूल्य का; worthy; entitled to; having due price. *n.m.*अर्हः मूल्य; price. *n.f.*अर्हा, *n.neu.*अर्हण पूजा; worship.

अर्हत् (अर्हन्) योग्य; अधिकारी; बौद्धों के उच्चतम पुरोहित; जैनों के पूज्य तीर्थकर; worthy; deserving; highest rank in Buddhist hierarchy; a superior divinity in Jainas. **अर्हन्त** बौद्ध भिक्षु; Bauddha mendicant.

अर्हन्ती पूजा के योग्य होने का गुण; the quality of being worshipped.

अलम् *ind.* काफी [चतुर्थी या तुमुन् प्रत्यय के साथ–अहं रामाय अलम्– 'मैं राम के लिये काफी हूँ']; आवश्यकता नहीं [तृतीया या क्त्वा प्रत्यय के साथ–अगमनेन अलम् 'जाने की आवश्यकता नहीं']; बहुत, अत्यधिक; sufficient for [with dative or infinitive]; no use of [with instr. or gerund];much excessively.

अलकः बाल; the hair.

अलक्तः, **-क्तकः** महावर; a red dye for ladies' feet.

अलगर्दः पानी का साँप; water serpent.

अलङ्कारः आभूषण; शब्द और अर्थ के शोभाधायक धर्म; ornament; figure of speech. *f.*अलङ्कृतिः, अलङ्क्रिया, *neu.*अलङ्करणम् आभूषित करना; the act of decorating.

अलम्बुषः वमन; हथेली; vomiting; stretched palm.

अलर्कः पागल कुत्ता; मदार; a mad dog; name of a plant.

अलस आलसी; idle.

अलातः, **-तम्** अंगारा; firebrand.

अलाबुः, **-बूः** तुम्बी; तुम्बी का बना पात्र; the bottle-gourd; a vessel made of bottle-gourd.

अलिः भौंरा; a black bee.

अलिन्दः दरवाज़े के पास का चबूतरा; terrace in front of the door.

अलीक असत्य; झूठ; untrue; false. *n.*अलीकम् माथा; झूठ; forehead; untruth.

अल्प तुच्छ; थोड़ा; मरणशील; विरल; trifling; a little; mortal; rare.

अल्पप्राण वे अक्षर जिनमें थोड़ी श्वास वायु से उच्चारण हो जाता है; the letters which are pronounced by a little breath, these are स्वर, य, र, ल, व, क, ग, ङ, च, ज, ञ, ट, ड, ण, त, द, न, प, ब, म.

अल्पमात्रम् थोड़ा-सा; a little.

अल्पशः थोड़े अंश में; थोड़ा-थोड़ा करके; जब तब; in a small degree; little by little; now and then.

अल्ला माता; a mother [संबोधन; vocative–हे अल्ल].

अव् (भ्वा. P. अवति) रक्षा करना; to protect.

अव *pre.* नीचे; दूर; फासले पर; down; off; away [विभिन्न अर्थों में उपसर्ग – कभी कभी 'अ' छोड़ दिया जाता है; prefix to the verbs in different meanings-sometimes अ is dropped such as अवगाह्य – वगाह्य]; उपसर्ग के रूप में इसके अर्थ होते हैं–संकल्प; फैलाव; अनादर; थोड़ा होना; आश्रय लेना इत्यादि; determination; diffusion; disrespect; littleness; resting upon etc.

अवकरः धूल; dust.

अवकाशः अवसर; छुट्टी; स्थान; कमरा; occasion; holiday, leave; space; room.

अवकीर्णिन् (अवकीर्णी) जिसने ब्रह्मचर्य व्रत को तोड़ा हो; who has broken his vow of chastity.

अवकृष्ट नीचे खींचा गया; दूर हटाया गया; घटिया; pulled down; taken away; inferior.

अवकेशिन् (अवकेशी) फलहीन; बंजर; unfruitful; barren.

अवगण्ड: गाल पर फोड़ा-फुंसी; a boil or pimple on cheeks.

अवगति: *f.*, **अवगम:**, **-गमनम्** ज्ञान; knowledge.

अवगाढ *pp.* डूबा हुआ; धंसा हुआ; जमा हुआ; plunged into; entered into; congealed.

अवगाह:, **-हनम्** जल में प्रवेश करना; bathing, plunging.

अवगुण: दोष; बुराई; defect; demerit.

अवगुण्ठनम् घूंघट; veil for the face of women.

अवग्रह: सूखा; रोक; माथा; पूर्वरूप होने पर अ का चिन्ह 'ऽ'; समास का विश्लेषण; drought; restraint; forehead; a sign 'ऽ' of अ after dissolution into other previous letter; analysis of a compound.

अवचनीय *adj.* जो कहा न जा सके; भद्दी भाषा; not to be spoken; indecent language.

अवचय:, **-चाय:** संचय (फल-फूल आदि का); gathering (of flowers, etc.).

अवचूड:, **-ल:** झुमका; चिह्न; the pendant; a sign.

अवच्छद:, **-छाद:** ढक्कन; a cover.

अवच्छिन्न अलग किया हुआ; separated.

अवच्छेद: अलग करना; separating.

अवच्छेदक: अलग करने वाली विशेषता; separating quality.

अवज्ञानम् अनादर; disrespect. *f.***अवज्ञा**. *pp.adj.*अवज्ञात जिसका अनादर किया गया; disrespected.

अवट: गड्ढा; मदारी; a pit; a juggler.

अवटीट चपटी नाक वाला; flat-nosed.

अवतंस: हार; कान का आभूषण; मुकुट; शिरोभूषण; अंगूठी के आकार का आभूषण; a garland; an ear-ring; crest; ornament worn on the head; a ringlike ornament.

अवतरणम् उतरना; पानी में उतरना; अनुवाद करना; उद्धरण; descending; descending into water; translating; quotation.

अवतरणिका *f.* प्रस्तावना; preface or introduction.

अवतार: उतरना; भगवान् का किसी रूप में मृत्युलोक में जन्म; coming down; incarnation of God in any form in this mortal world. *pp.***अवतीर्ण**.

अवदात पवित्र; सफेद; pure; white.

अवदानम् पराक्रम; heroic deed.

अवदारणम् फाड़ना; tearing or rending.

अवद्य निन्दनीय; blamable.

अवधानम् ध्यान; भक्ति; attention; devotion.

अवधारणम्, **-णा***f.* बहुतों में एक को छाँट लेना; singling out one in many.

अवधि: *f.* सीमा; नियत काल; limit; limited period.

अवधीरणा *f.* तिरस्कार; मनाही; disdain; refusal.

अवधूत संन्यासी; हिलाया हुआ; ascetic; shaken.

अवनम् प्रतिरक्षा; protection.

अवनति: *f.* नीचे गिरना; झुकना; going down; bowing down. *pp.***अवनत**.

अवनद्ध *pp.* बाँधा हुआ; एक में मिलाया हुआ; fastened; put together.

अवनि:, **-नी** *f.* पृथ्वी; earth.

अवनेजनम् धोना; पितृकार्य में जल छिड़कना; washing; sprinkling water in Śrāddha.

अवपात: नीचे गिरना; हाथी पकड़ने के लिये गड्ढा; falling down; a pit for catching elephant.

अवभृथ: यज्ञ समाप्ति पर किया जाने वाला स्नान; मार्जन के लिये जल; bath at the end of a sacrifice; purificatory water.

अवभ्रट् चपटी नाक वाला; flat-nosed.

अवमन् (दिवा. A. अवमन्यते) अनादर करना; to insult. *pp.*अवमत. *n.*अवमान: .

अवमर्द: संकट; distress.

अवमर्श: स्पर्श; touch.

अवयव: अंग; भाग; अंश; a limb; part; portion.

अवर छोटा; महत्त्वहीन; lower; unimportant.

अवरज: छोटा भाई; younger brother. **अवरजा** छोटी बहन; younger sister.

अवरोध: बाधा; जनानखाना; hindrance; harem.

अवरोपणम् उन्मूलन; नीचे ले जाना; uprooting; causing to descend.

अवरोह: उतार; लता; descent; creeper.

अवलग्न: मध्य भाग (स्त्री का); middle part (of a woman).

अवलेप: अभिमान; लेपन; pride; anointing. *pp.*अवलिप्त.

अवलेह: चटनी; chutney. *p.p.*अवलीढ.

अवश विवश; helpless.

अवश्य वश के बाहर; जरूरी; out of control; inevitable. *ind.adv.*अवश्यम् सर्वथा; necessarily.

अवश्याय: ओस; पाला; घमंड; dew; frost; pride.

अवष्टब्ध *pp.* रोका हुआ; आक्रान्त; seized; assailed. *n.*अवष्टम्भ: .

अवसक्त लगा हुआ; संपर्क वाला; in contact with; having touch.

अवसथ: आवास; ग्राम; house; village.

अवसर: मौका; occasion.

अवसर्ग: मुक्त करना; स्वतन्त्रता; letting off; independence.

अवसाद: थकावट; पराजय; fatigue; defeat.

अवसानम् समाप्ति; end. *pp.*अवसित.

अवस्कन्द: धावा; छापा; attack; assault.

अवस्कर: कूड़ा करकट; गुप्त अंग; मलमूत्र; dirt, sweepings; private parts; ordure.

अवस्तार: पर्दा; कनात; चटाई; curtain; covering or screen; mat.

अवस्तु निकम्मी वस्तु; तुच्छ; a worthless thing; mean or trifling.

अवस्था दशा, स्थिति; आयु; state or condition; age. *p.p.*अवस्थित. *n.f.*अवस्थिति. *neu.*अवस्थानम् रहने का स्थान; residence.

अवहार: चोर; 'शार्क' मछली; अस्थायी युद्ध-विराम; आमन्त्रण; धर्म त्याग; वापस लेना; a thief; a shark fish; temporary cessation of hostilities; summoning; apostacy; redeeming.

अवहित सावधान; attentive.

अवहित्थम्, -त्था अपना भाव छिपा लेना; concealment of internal feeling.

अवाच् (अवाक्) नीचे की ओर; दक्षिणी; downward; southern. *syn.*अवाञ्च, अवाचीन.

अवान्तर अन्तर्गत; अधीन; गौण; असम्बद्ध; अतिरिक्त; included; subordinate; secondary; not connected; extra.

अवाप्ति: प्राप्ति; obtaining.

अवि: *m.* बकरा, मेंढा; सूर्य; a he-goat, ram; the sun. *f.*अवि: भेड; रजस्वला स्त्री; a sheep; a woman in her

monthly course.

अविक्रिय विकाररहित; without defect.

अविद्या *f.* अज्ञान; माया; ignorance; illusion.

अविधा *ind.* विस्मयादि बोधक अव्यय जो 'बचाओ, बचाओ' के अर्थ में बोला जाता है; an interjection meaning 'help, help'.

अविनाभाव अनिवार्य साहचर्य; unavoidable coexistence.

अविवक्षित जिसका कहना अभीष्ट न हो; not desired to be spoken.

अविषय न दिखलाई पड़ने वाला; invisible. **अविषयः** पहुंच के बाहर वस्तु; an object beyond the reach.

अवेक्षा *f.* ध्यान से देखना; looking attentively.

अव्यञ्जन चिह्न रहित; lacking signs.

अव्यय जो नाशवान् न हो; शाश्वत; imperishable; eternal. **अव्ययम्** ब्रह्म; जिस शब्द के रूप न चलें; Brahman; indeclinable words.

अव्याजः, **-जम्** बहाने का अभाव; absence of pretext.

अव्याप्तिः नियम का पूरे लक्ष्य में घटित न होना (भारतीय तीन हेतुदोषों में एक); non-covering of whole field of a rule (one of the three defects of argument as accepted in Indian logic).

अश् (क्र्या. P. अश्नाति) खाना; भोग करना; to eat; to enjoy. *pp.*अशित. *n.neu.*अशनम्, अशितम्.

अश् (स्वा. A. अश्नुते) पूरी तरह-भरना; प्राप्त करना; आनन्द लेना; अनुभव प्राप्त करना; to fill completely; to reach; to enjoy; to get experience. *pp.*अशितम्. *n.*अशनम्. *f.*अशना भूख; hunger.

अशनाया खाने की इच्छा; desire to eat.

अशनिः बिजली की चमक; इन्द्र का वज्र; lightning flash; Indra's thunderbolt.

अशरण असहाय; destitute of refuge.

अशीतिः *f.sing.* अस्सी; eighty.

अशोक शोकरहित; without sorrow. *n.*अशोकः लाल फूलों वाला एक वृक्ष; name of a tree (having red flowers).

अश्मन् (*m.* अश्मा) पत्थर; वज्र; छायापथ; बादल; a stone; thunderbolt; firmament; cloud.

अश्मरी पथरी रोग; calculus (a stone disease).

अश्रिः, **-श्री** *f.* किनारा; शस्त्र की तेजधार; corner; sharp side of a weapon.

अश्रु *neu.* आँसू; a tear.

अश्लील गंवारू; भद्दा; गन्दा; vulgar; ugly; obscene.

अश्लेषा *f.* एक नक्षत्र; वियोग; a star; disunion or separation.

अश्वः घोड़ा; a horse. **अश्विन्** (अश्वी) घुड़सवार; a horseman. *du.*अश्विनौ देवताओं के दो वैद्य; two physicians of gods.

अश्वतरः खच्चर; a mule. *f.*अश्वतरी.

अश्वत्थः पीपल का पेड़; the holy fig tree.

अश्वमुखः एक किन्नर जाति जिनका मुख घोड़े जैसा होता है; a Kinnara race having face like that of a horse.

अश्वमेधः एक यज्ञ जिसमें घोड़े की बलि दी जाती है; a horse-sacrifice.

अश्ववृषः घुड़साँड; a stallion.

अश्वस्तन, **-स्तनिक** जो आगामी कल का न हो; आज का; not of tomorrow; of today.

अश्विनी एक नक्षत्र; a star.

अष्टन् (अष्टौ, अष्ट) आठ, eight. **अष्टकम्**, **अष्टतयम्** आठ भागों वाला; consisting of eight parts. [१० से ३९ तक संख्या के

साथ समास में 'अष्टन्' का 'अष्टा' हो जाता है–अष्टादश, अष्टाविंशतिः इत्यादि. ४० से ९९ तक यह आत्व विकल्प से होता है–अष्टचत्वारिंशत्, अष्टाचत्वारिंशत् इत्यादि; In compound with numbers from 10 to 39 अष्टन् becomes अष्टा such as अष्टादश, अष्टाविंशतिः, etc. This change is optional in compound from 40 to 99 such as अष्टचत्वारिंशत्, अष्टाचत्वारिंशत्, etc.].

अष्टदलम् आठ पंखुड़ियों वाला कमल; a lotus having eight petals.

अष्टधा *ind.* आठ प्रकार से; in eight ways.

अष्टम आठवां; eighth. **अष्टमः** आठवां भाग; eighth part.

अष्ठीला गाँठ; गोल-मटोल शरीर वाला; a knot; globular or round body.

अस् I. (अदा. P. अस्ति, आसीत्, अस्तु, स्यात्) होना; to be. II. (दिवा. P. अस्यति) फेंकना; छोड़ना; फैलाना; to throw; to cast; to stretch out.

असकृत् *ind.* अनेक बार; repeatedly.

असञ्ज्ञ बेहोश; unconscious.

असत् जो न हो; बुरा; झूठा; non-existent; bad; false.

असती दुराचारिणी स्त्री; an unchaste woman.

असन्नद्ध तैयार नहीं; हथियारों से युक्त नहीं; चालबाज़ (पण्डितंमन्य); unprepared; unarmed; conceited(pretending to be a scholar).

असन्निकर्ष पदार्थों का दृष्टिगोचर न होना; non-perception of objects.

असमसायकः, असमेषुः कामदेव (जिसके विषम संख्यक ५ बाण हैं); Cupid (who has odd number 5 of arrows).

असम्बाध खुला हुआ, सुगम; जनरहित; विस्तीर्ण; not narrow; not crowded with people; spacious.

असम्भृत अकृत्रिम; not brought out by artificial means.

असाम्प्रतम् *ind.* अनुचित; unbecoming.

असिः *m.* तलवार; a sword.

असिक्नी अन्तःपुर की जवान नौकरानी; a young maid-servant in harem.

असिदंष्ट्र, -दंष्ट्रकः, -दंतः मगरमच्छ; a crocodile.

असुः प्राण; life.

असुरः राक्षस, दैत्य; a demon.

असूया ईर्ष्या; दूसरे के गुणों में दोष निकालना; envy; to find defects in other's virtues.

असृज् (असृक्) रुधिर; मंगल ग्रह; केसर; blood; Mars; saffron.

अस्तः सूर्य का डूबना; सामान्य रूप से किसी ग्रह का डूबना; setting of the sun; setting in general. *comp.* **अस्ताचलः, अस्तगिरिः** पश्चिम का कल्पित पर्वत जहां सूर्य का अस्त होना समझा जाता है; western mountain which is imagined to be the place where the sun sets.

अस्तमनम् सूर्य का अस्त होना; setting of the sun.

अस्त्यानम् झिड़की; कलंक; reproach; blame.

अस्त्रम् फेंक कर चलाया जाने वाला हथियार; missile, arrow, etc.

अस्थान अनुचित पदार्थ या अवसर; an improper place or occasion. *ind.* **अस्थाने** अयोग्य स्थान या वस्तु पर; at a wrong place or on an unworthy object.

अस्थि हड्डी; गुठली; a bone; the kernel.

अस्मद् (अहम्, आवाम्, वयम्) उत्तम पुरुष सर्वनाम का मूल शब्द जिससे उत्तम पुरुष के अनेक रूप बनते हैं; the base word of first person pronoun from which several forms are derived.

con. **अस्मदीय** हमारा; our, ours.

अस्मि *ind.* 'मैं' के अर्थ में कभी-कभी प्रयुक्त होता है; sometimes it is used in the sense of 'I'.

अस्मिता अहंकार; egoism.

अस्र: किनारा; सिर के बाल; a corner; hair of the head.

अस्रम् आँसू; खून; a tear; blood.

अहंयु: अहंकारी; proud.

अहङ्कार: अभिमान; pride.

अहन् (अहः) दिन; day. **अहरह:** रोज़-रोज़; day by day. **अहर्गण:** यज्ञ के दिनों की परम्परा; दिनों का समूह; a series of sacrificial days; group of days. **अहर्निशम्** रात-दिन; day and night. **अहर्मुखम्** प्रातः काल; dawn.

अहमहमिका होड़; competition.

अहम्पूर्विका प्रथम होने की इच्छा; डींग; desire to be first; boast.

अहर्मुखम् उषः काल; dawn.

अहह *ind.* शोक, खेद या आश्चर्य को प्रकट करने वाला अव्यय; an interjection showing shock, regret or wonder.

अहि: साँप; राहु; सूर्य; धोखेबाज; a snake; name of planet Rāhu; the sun; a cheat.

अहित न रक्खा हुआ; अयोग्य; not placed; unfit. **अहित:** शत्रु; enemy. **अहितम्** हानि; damage.

अहिफेन:, **-नम्** अफ़ीम; opium.

अहीन पूर्ण; बड़ा; अधिकार से युक्त; whole; great; possessed of.

अहे *ind.* खेद, भर्त्सना या वियोग को प्रकट करने वाला अव्यय; an interjection showing regret, reproach or separation.

अहो *ind.* आश्चर्य, खेद, प्रशंसा, भर्त्सना, ईर्ष्या इत्यादि को प्रकट करने वाला अव्यय; सम्बोधन में भी प्रयुक्त होता है; an interjection showing surprise, sorrow, praise, reproach, jealousy, etc.; also used for addressing.

अहोरात्रम् रात-दिन; day and night.

अह्नाय *ind.* शीघ्र; at once.

अह्रीक निर्लज्ज; shameless.

आ

आ I.[स्वतन्त्र प्रयोग में] स्वीकृति–'हाँ', दया–'आह', पीड़ा–'हा', प्रत्यस्मरण–'अहो, ओह'; independent use showing acceptance–'yes', compassion–'ah', pain–'alas', recollection–'oh'. II.[उपसर्ग के रूप में–संज्ञा तथा क्रिया के साथ] निकट; की ओर; सब ओर; [as prefix] near; by the side of; all around. III.[जाने लेजाने के अर्थ वाली धातु के साथ] विपरीत अर्थ में जैसे– 'गम्=जाना' 'आगम्=आना'; 'नीत=ले गया' 'आनीत=ले आया'; with the verbs meaning to go, to take आ particle gives opposite meaning such as 'गम् = to go' 'आगम् = to come'; 'नीत = taken' 'आनीत = brought'. IV.[विशेषणों के साथ] अल्प अर्थ देता है जैसे–आपाण्डुर=कुछ सफेद; with adjectives it puts a diminutive force such as आपाण्डुर = a little white. *ind.* **आम्** हाँ; yes.

आकर: खान; आधिक्य; मूल; mine (a rich source of anything); abundance; origin.

आकर्णनम् सुनना; to hear.

आकर्ष:, **-र्षणम्** खिंचाव; कसौटी; फुसलाना; attraction; touch-stone; seduction.

आकलनम् पूछताछ करना; हिसाब लगाना; to enquire; to count.

आकस्मिक अचानक होने वाला; sudden.

आकाङ्क्षा इच्छा; desire.

आकाय: चिता; चिता पर रक्खी आग; a funeral pile; the fire on pyre.

आकार: शक्ल-सूरत; परिमाण; भाव को प्रकाशित करने वाली शक्ल; appearance; limit; outward sign of emotion.

आकारगुप्ति: मन के भावों को छिपाना; suppressing of all outward manifestation of the internal feelings. *syn.*आकारगोपनम्, -गूहनम्.

आकालिक बे-मौसम; असामयिक; not according to season; untimely.

आकाश: आसमान; रिक्त स्थान; sky; space.

आकीर्ण *adj.* बिखरा; ढका; भरा; scattered; covered; filled.

आकुञ्चनम् झुकाना; सिकोड़ना; संकोचन; bending; contraction; compression.

डिम्बः छोटा बच्चा; अंडा; दंगा-फसाद; a young child; an egg; a riot.

डिम्भः छोटा बच्चा (चाहे मनुष्य का हो या किसी अन्य जीव का); a young child (of man or any other animal).

ढ

ढक्का *f.* बड़ा ढोल; a big drum.

ढामल् ढाल; a shield.

ढौक् (भ्वा. A.ढौकते) जाना; पहुँचना; to go; to reach.

त

तक्रम् मट्ठा; butter-milk.

तक्ष् (भ्वा. P. तक्षति; स्वा. P.तक्ष्णोति) चीरना; काटना; लकड़ी की कोई चीज़ बनाना; to chop; to cut; to make something from wood. *sub.*तक्षकः बढ़ई; carpenter. *n.*तक्षन्. *m.*तक्षा बढ़ई; carpenter.

तगरः एकप्रकार का पौधा; a kind of plant.

तटः किनारा; the shore or bank. *neu.*तटम्. *f.*तटी, तटाकः तालाब; a pond. *f.*तटिनीनदी; river.

तड् (चुरा. U. ताडयति,-ते) पीटना; to beat.

तडागः, तटाकः, -कम् तालाब; pond.

तडित् *f.* बिजली; lightning. तडित्वत् (*m.*तडितवान्) बिजली वाला; मेघ; having lightning; cloud.

तण्डुलः चावल; rice.

ततस् (*ind.* ततः) उसके बाद; वहाँ से; after that; from there. *adj.*ततस्त्य वहाँ का; वहाँ से आने वाला; of that; coming thence.

तत्त्वम् वास्तविकता; प्रकृति; यथार्थ सिद्धान्त; reality; primary substance; real and eternal truth. *ind.*तत्त्वतः वास्तव में; in reality.

तत्र *ind.* वहाँ; उस परिस्थिति में; there; in that situation. *adj.*तत्रत्य उस स्थान से सम्बन्धित; belonging to that place. *ind.*तत्रतत्र अनेक विभिन्न स्थानों पर; at several different places.

तथा *ind.* वैसे; इस प्रकार; so; thus. तथात्वम् ऐसी अवस्था; सचाई; such condition; truth.

तथ्य वास्तविक; real. तथ्यम् वास्तविकता, reality.

तद् (*pro. m.*सः; *f.*सा; *neu.*तत्) वह; he, she or it. तदीय उसका; belonging to it.

तदा *ind.* तब; then. *syn.*तदानीम्.

तन् (तना. U.तनोति, तनुते) फैलाना; विस्तार करना; to stretch; to extend. *pp.*तत विस्तारित; extended.

तनयः पुत्र; a son. *f.*तनया पुत्री; daughter.

तनु *adj.* पतला; दुबला; सुकुमार; तुच्छ; thin; lean; delicate; trifling. *f.*तनुः, तनूः शरीर; body.

तन्तिः *f.* रस्सी; डोर; a cord; a string.

तन्तुः धागा; डोर; a thread; a string.

तन्त्र् (चुरा. U. तन्त्रयति, -ते) शासन करना; to rule. **तन्त्रम्** अधीनता; करघा; संस्कार (कर्मपरम्परा); शास्त्र; dependence; loom; ritual; any department of knowledge.

तन्त्रिः, **तन्त्री** डोर; धनुष की डोर; वीणा का तार; string; bow-string; the wire of lute.

तन्द्रा *f.* ऊँघ; sleepiness.

तन्मय तल्लीन; उसके साथ एक रूप; absorbed in it; identical with it.

तन्वी *f.* कोमल तथा कृश शरीर वाली स्त्री; a slender woman.

तप् (भ्वा. P. तपति) दुःखी होना या करना; तपस्या करना; गर्म करना; to suffer pain or torment; to undergo penance; to make warm [कभी कभी इसका प्रयोग आत्मनेपद में भी होता है–तपते, और कुछ लोग इसे दिवादिगण में मानते हैं–तप्यति; sometimes it is used in A.–तपते and sometimes in दिवा.–तप्यति]. *pp.*तप्त. *caus.pp.*तापित. *n.*तप (तपः) गरमी; तपस्या; ग्रीष्म ऋतु; heat; penance; hot season. **तपनः** सूर्य; the sun.

तपनीयम् तपाया शुद्ध सोना; gold purified in fire.

तपस् (*neu.* तपः) ताप; तपस्या; warmth; penance.

तम् (दिवा. P. ताम्यति) थककर चूर हो जाना; श्वासावरोध का अनुभव करना; दुःखी होना; to be exhausted; to feel choking; to be distressed. *pp.*तान्त.

तमस् (*neu.* तमः) अंधेरा; मानसिक अंधेरा; शोक; darkness; ignorance; sorrow.

तमालः एक वृक्ष का नाम; name of a tree.

तमिः, **तमी** *f.* अंधेरी रात; dark night.

तमिस्रं काला; dark. *n.neu.*– अंधेरा; darkness.

तमिस्रा *f.* अंधेरी रात; अन्धकार; dark night; darkness.

तरक्षः, **-क्षुः** लकड़बग्घा; a hyena (also तर्क्षुः).

तरङ्गः लहर; wave.

तरण नाव; बेड़ा; स्वर्ग; boat; raft; heaven. **तरणम्** पार करना; जीतना; डाँड; crossing over; conquering; an oar.

तरणिः सूर्य; the sun.

तरल चंचल; अस्थिर; द्रव; चमकीला; कामी; fickle; unsteady; liquid; glittering; lustful.

तरस् (*neu.* तरः) तेज़ी; velocity. *adv.*तरसा एकदम; at once. *adj.*तरस्विन् (तरस्वी, तरस्विनी, तरस्वि) वेगवान्; swift.

तरिः, **-री** *f.* नाव; boat.

तरुः *m.* पेड़; a tree.

तरुण जवान; नई उमर वाला; youthful; on a new developing stage.

तर्क् (चुरा. U. तर्कयति, -ते) कल्पना करना; अनुमान लगाना; to guess; to infer. *pp.*तर्कित. *n.* **तर्कः** कल्पना; अन्दाज; supposition; conjecture.

तर्ज् (भ्वा. P. तर्जति; चुरा. P. तर्जयति) डाँटना; धमकाना; to threaten; to scold. *n.*तर्जनम्. *f.*तर्जना. *pp.*तर्जित.

तर्जनी *f.* अंगूठे के पास की उंगली; forefinger.

तर्द् (भ्वा. P. तर्दति) क्षति पहुँचाना; to hurt.

तर्पणम् see तृप्.

तर्षः प्यास; इच्छा; thirst; desire.

तर्हि *ind.* तो फिर; तब; in that case; then.

तलः, **-लम्** सतह; नीचे का भाग; आधार; a surface; the lower part; base.

तल्पः , तल्पम् बिस्तर; सेज; bed; couch.

तल्लजः प्रशंसनीयता; excellency [यह शब्द प्रायः समास के अन्त में आता है और किसी भी शब्द के बाद रहता पुंल्लिङ्ग ही है; it is generally used as a last word of a compound and irrespective of the gender of first word it always remains masculine, such as कुमारीतल्लजः = an excellent maiden].

तल्लिका ताली, कुंजी; key.

तल्ली *f.* तरुणी; a youthful woman.

तस्करः चोर; लुटेरा; thief; robber.

ताटङ्क कान का आभूषण; an ornament of the ear.

ताटस्थ्यम् उदासीनता; पक्षपातशून्यता; indifference; neutrality.

ताडः प्रहार; a blow. *sub.*ताडकः. *neu.*ताडनम्. *w.d.*ताड्य.

ताण्डवः , -वम् उद्धत नृत्य (अधिकतर शिव का उग्र नृत्य); violent dance (specially that of Śiva).

तातः पिता; प्रिय व्यक्ति [सम्बोधन में छोटों के लिये प्यार अर्थ में और बड़ों के लिये प्यार मिश्रित आदर के अर्थ में]; father; dear one [in address it is used in the sense of 'my dear' for youngers and showing respect along with love for elders].

तात्पर्यम् अभिप्राय; true meaning.

तादात्म्यम् वही होना; identity.

तादृश् *adj.* (तादृक्) वैसा; such-like. *syn.*तादृक्ष, तादृश. *f.*तादृशी.

तानः तन्तु; एक प्रकार का विलम्बित स्वर; thread, fibre; a protracted tone in music. तानम् विस्तार; expanse.

तान्त्रिक तन्त्रशास्त्री; follower of the Tantraśāstra or spells.

तापः गर्मी; चमकदमक; heat; glow.

तापसः तपस्वी; devout.

तापिच्छः तमाल वृक्ष का फूल; a flower of Tamala tree.

तामरसम् कमल; सोना; lotus; gold.

तामिस्रः कृष्णपक्ष; एक नरक; dark half of the moon; name of a hell.

ताम्बूलम् पान; betel-leaf.

ताम्र ताँबे के रंग का; dark red. ताम्रम् तांबा; copper.

ताय् (भ्वा. A. तायते) फैलाना; विस्तार करना; to spread; to extend.

तार ऊँचा; साफ सुथरा; high; loud and clear. तारः , तारम् पुतली; pupil of the eye. *f.*तारा पुतली; नक्षत्र; pupil of the eye; star. *syn.*तारकम्, तारका. *f.*तारिका.

तारणः नाव; boat. तारणम् पार उतारना; मुक्त करना; crossing; liberating.

तारिकम् किराया; भाड़ा; fare; freight.

तालः ताड़ का वृक्ष; टेक देना; a palm tree; the measure of time and movement in music.

ताली पहाड़ी ताड़; ताड़ी; एक प्रकार की कुंजी; mountain palm; palm tree; a sort of a key.

तालु दाँतों और कौये की बीच मुख के अन्दर ऊपर का गड्ढा; the palate.

तावत् *ind.* उतना; उतनी देर या दूर; so much; so long or so far. *adj.m.*तावान्. *f.*तावती. *neu.*तावत् उतना बड़ा या बड़ी; so great.

तिक्त तीखा; pungent.

तिग्म पैना; तेज़ गरम; sharp; very hot.

तितउ *neu.* चलनी; sieve.

तितिक्षा *f.* सहनशीलता; endurance. *adj.*तितिक्षुः.

तिथिः दिनांक; day or date.

तिन्तिडः, -डी *f.* इमली का वृक्ष; the tamarind tree.

तिमिः ह्वेल मछली; a kind of whale fish.

तिमिर धुंधला; dark. तिमिरम् अंधेरा; darkness.

तिरश्चीन तिरछा; oblique.

तिरस् (*ind.* तिरः) छिपना; तिरछा होना; अपमान; hidingly; obliquely; insult. [तिरोधान छिपना; hiding. तिरस्कारः अपमान; insult. तिरस्करिणी परदा; घूँघट; screen; veil].

तिर्यक् *ind.* तिरछेपन से; obliquely.

तिर्यञ्च् निम्न जाति का पशु; a lower animal. *adj.*तिर्यक्. *f.*तिरश्ची, तिर्यची.

तिलः तिल; मस्सा; कण; sesamum plant; a mole; a particle.

तिलकः टीका; फूलों का एक वृक्ष-विशेष; a mark of sandalwood etc. on forehead; species of tree of flowers.

तिष्यः पुष्य नक्षत्र; a star generally called as पुष्य.

तीक्ष्ण पैना; गरम; कडुआः sharp; hot; pungent.

तीरम् किनारा; shore.

तीरित सुलझाया हुआ; निर्णीत; settled; decided.

तीर्ण see तृ.

तीर्थम् जलाशय में उतरने के लिये सीढ़ियाँ; घाट; पवित्र स्थान; the stairs descending into river or reservoir; a place fit for bathing in a river; a shrine.

तीव्र तीक्ष्ण; उग्र; शक्तिशाली; त्वरित; sharp; violent; powerful; swift. *adv.*तीव्रम् शीघ्रतापूर्वक; उग्रता के साथ; तीक्ष्णता के साथ; swiftly; sharply; violently.

तु *ind.* तो; अवश्य; किन्तु [यह एक अव्यय है जो वाक्य के प्रारम्भ में नहीं आता; अधिकतर प्रथम शब्द के बाद आता है]; this is a particle meaning 'on the other hand', 'nevertheless', 'but', etc. [it is never used in the beginning of a sentence, but generally after first word].

तुङ्ग ऊँचा; high, elevated.

तुच्छ क्षुद्र; नीच; नगण्य; अल्प; गरीब; trifling; mean; insignificant; a little; poor.

तुण्डम् चेहरा; थूथन; सूंड; face; snout; trunk of an elephant.

तुत्थः अग्नि; अंजन; fire; collyrium.

तुद् (तुदा. P. तुदति) पीड़ा देना; to afflict. *pp.*तुन्न पीडित; afflicted.

तुन्दम् तोंद; corpulent belly, paunch.

तुमुलः कोलाहल करने वाला; noisy. तुमुलः, -लम् हंगामा; tumult.

तुम्बः तूँबी; a kind of gourd. *syn.*तुम्बा, तुम्बिः, तुम्बी.

तुरगः, तुरङ्गः, तुरङ्गम् घोड़ा; a horse.

तुरीः कपड़ा बुनने में तन्तुओं को सुलझाने का ब्रुश; पेंटर का ब्रुश; weaver's brush for setting threads; painter's brush.

तुरीय, तुर्य चौथा भाग; fourth part.

तुल् (भ्वा. P. तोलति; चुरा. U. तोलयति -ते, तुलयति -ते) तोलना; to weigh. *pp.*तुलित, तोलित. *n.*तुलनम्. *f.*तुलना.

तुलसी *f.* एक पवित्र पौधा; a holy basil.

तुला *f.* तराजू; balance.

तुल्य समान; alike.

तुष् (दिवा. P. तुष्यति) प्रसन्न होना; to be pleased. *pp.*तुष्ट. *n.m.*तोषः. *f.*तुष्टिः संतोष; satisfaction.

तुषः भूसी; husk.

तुषार ठंडा; cold. तुषारः पाला; बर्फ; frost; snow.

तुहिन शीतल; cold. तुहिनम् बर्फ; snow, ice.

तूर्ण फुर्तीला; तेज़; quick; rapid. **तूर्णः** फूर्ती; quickness. *ind.*तूर्णम् फुर्ती से; quickly.

तूर्यः, तूर्यम् एक प्रकार का वाद्य यन्त्र; a kind of musical instrument.

तूलः, तूलम् रूई; cotton.

तूलिका *f.* चित्रकार की कूँची; लेखनी; गद्दा-रजाई; painter's brush; writing pen; a mattress filled with cotton.

तूष्णीम् *ind.adv.* चुपचाप; silently.

तृणम् घास की पत्ती; तुच्छता; blades of grass; worthlessness.

तृतीय तीसरा; third.

तृप् (दिवा. P. तृप्यति; स्वा. P. तृप्नोति; तुदा. P. तृपति) सन्तुष्ट होना; प्रसन्न होना; to be satisfied; to be pleased. *pp.*तृप्त. *n.f.*तृप्तिः. *neu.*तर्पणम् तृप्त करना; पितरों को जलदान; satisfying; presenting libation of water to the manes of deceased ancestors.

तृष् (दिवा. P. तृष्यति) प्यासा होना; कामना करना; to be thirsty; to desire. *pp.*तृषित. *n.f.*तृषा, तृष्णा प्यास; thirst.

तॄ (भ्वा. P. तरति) पार करना; तैरना; पूरा करना; बच निकलना; to cross over; to swim; to fulfil; to escape from. *pp.*तीर्ण पार किया हुआ; crossed over.

तेजस् (*neu.* तेजः) प्रकाश; कान्ति; गरमी; पैनी धार; light; brilliance; heat; sharp edge. *adj.*तेजस्विन् गौरवशाली; तेजधारी; noble; brilliant.

तैत्तिरः तीतर; गैंडा; partridge; rhinoceros.

तोयम् जल; water.

तोरणः, -णम् महराबदार बाहर का दरवाज़ा; arched outer doorway.

तोलः, तोलम् तराजू में तोला हुआ भार; १२ माशे का एक वज़न; quantity measured in a balance; a weight of 12 māśās.

त्यज् (भ्वा. P. त्यजति) छोड़ना; उपेक्षा करना; वितरण करना; to leave; to overlook; to distribute. *pp.*त्यक्त. *n.*त्यागः छोड़ना, दान; giving up; donation in charity.

त्रप् (भ्वा. A. त्रपते) शर्माना; to be ashamed. *pp.*त्रपित. *n.f.*त्रपा लज्जा; bashfulness.

त्रस् (भ्वा. P. त्रसति; दिवा. P. त्रस्यति) डरना; to be afraid of. *pp.*त्रस्त. *n.*त्रासः भय; fear.

त्राणम् रक्षा; protection.

त्रासः डर; आतंक; fear; terror,

त्रि *pl.* (*m.*त्रयः; *f.*तिस्रः; *neu.*त्रीणि) तीन; three. **त्रितय** तीन भागों वाला; consisting of three parts. **त्रयम्** तीन का समूह; a group of three. *ind.*त्रिधा: तीन प्रकार से; तीन भागों में; in three ways; in three parts. **त्रिक** तिगुना; triple. **त्रिकम्** तिराहा; तीन हड्डियों के मिलने का स्थान; a place where three roads meet; part of a body where three bones join. **त्रिः** तीन बार; thrice.

त्रिंश तीसवाँ भाग; thirtieth portion. **त्रिंशत्, त्रिंशतिः** तीस; thirty. **त्रिंशत्कम्** तीस का समूह; aggregate of thirty.

त्रुट् (दिवा. P. त्रुट्यति; तुदा. P. त्रुटति) तोड़ना; to break. *n.f.*त्रुटिः गलती; mistake. *pp.*त्रुटित.

त्रेता दूसरा युग; second age.

त्रेधा *adv.* तीन प्रकार से; in three ways.

त्रै (भ्वा. A. त्रायते) रक्षा करना; to protect. *pp.*त्रात. *n.*त्राणम्.

त्वद् मध्यम पुरुष युष्मद् शब्द का समास के आदि में प्रयुक्त होने वाला रूप; the form of युष्मद्, the second person occurring as a first part of a compound. **त्वदीय** तेरा, तुम्हारा; thy, thine; your, yours.

त्वर् (भ्वा. A. त्वरते) शीघ्रता करना; to hurry up. *pp.*त्वरित. *n.f.*त्वरा शीघ्रता; haste.

त्वादृश् (-दृक्), त्वादृश, त्वादृशी *f.* तुम सरीखा; like you.

त्विष् *f.* प्रकाश; light.

द

द (-०) देने वाला; giver.

दंश् (भ्वा. P. दशति) डसना; to bite. *pp.*दष्ट. *n.*दंशः, दंशनम् काटना; biting. *n.f.*दंष्ट्रा दाढ़; a jaw. दंष्ट्रिन् (दंष्ट्री) दाढ़ वाला जीव; साँप; an animal having sharp teeth; a snake.

दक्ष निपुण; expert.

दक्षिण योग्य; ईमानदार; शिष्ट; दाहिनी ओर; दक्षिण दिशा; skilful; honest; courteous; right side; south.

दक्षिणा *f.* यज्ञादि के अन्त में ब्राह्मणों को दी जाने वाली भेंट; उपहार; पारिश्रमिक; a gift for Brāhmaṇas at the end of religious rites; gifts or presents; remuneration.

दघ्न एक प्रत्यय जो संज्ञा शब्दों के अन्त में जुड़कर 'पर्यन्त' अर्थ को प्रकट करता है; a suffix added to nouns to denote the sense of 'upto' [जानुदघ्न = reaching upto knee].

दण्ड् (चुरा. U. दण्डयति, -ते) सज़ा देना; जुर्माना करना; to punish; to fine. *pp.*दण्डित. *n.*दण्डः, -डम् डंडा; राजचिह्न; डंठल; जुर्माना; सज़ा; a stick; the sceptre of a king; stem or a stalk; fine; punishment.

दत् दाँत [प्रथमा के तीनों वचनों और द्वितीया के एक वचन और द्विवचन को छोड़कर अन्यत्र 'दन्त' के स्थान पर विकल्प से इसका प्रयोग होता है]; teeth [It is optionally used in place of दन्त excepting first 5 forms (3 forms of प्रथमा and first two forms of द्वितीया)].

दद् (भ्वा. A. ददते) देना; to give.

दधि *neu.* दही; curd.

दन्तः दाँत; हाथी दाँत; साँप का दाँत; tooth; tusk; fang. दन्तुर बड़े या निकले दाँतों वाला; दाँतेदार; having long or projected teeth; jagged or notched like a saw.

दन्दशूकः साँप; रेंगने वाला जन्तु; a serpent; a reptile.

दभ् (भ्वा P. दभति), दम्भ् (स्वा. P. दभ्नोति). क्षति पहुँचाना; ठगना; to injure; to cheat. *pp.*दब्ध. *n.*दम्भः धोखा; पाखण्ड; deceit; hypocrisy.

दभ्र थोड़ा; a little. दभ्रः समुद्र; sea. *ind.adv.*दभ्रम् थोड़े रूप में; slightly.

दम् (दिवा. P. दाम्यति) वश में करना; to subdue. *pp.*दमित, दान्त. *n.*दमः, दमनम् दबाना; नियन्त्रण; subduing; restraint.

दम्पती *dual.* पति-पत्नी; husband and wife.

दम्भः see दभ्.

दम्भोलिः इन्द्र का वज्र, thunderbolt of Indra.

दय् (भ्वा. A. दयते) दया करना; प्यार करना; to feel pity; to love. *pp.*दयित. *adj.*दयित. *f.*दयिता प्यारी; beloved. *n.*दया तरस; compassion. दयालु दया से भरा हुआ; merciful, kind.

दर फाड़ने वाला; tearing. दरः, -रम् गुफा; a cave. दरः डर; fear. *ind.adv.*दरम् थोड़ा सा; a little.

दरिः, दरी *f.* गुफा; घाटी; a cave; valley.

दरिद्रा (अदा. P. दरिद्राति) निर्धन होना; दीन होना; to be poor; to be miserable. *pp.*दरिद्रित. *adj.*दरिद्र दुर्दशाग्रस्त poor,

afflicted with poverty. *abs.* **दरिद्रता, दारिद्र्य**.

दर्दुर: मेंढक; a frog.

दर्द्रु: दाद; a skin disease with violent itching, ringworm.

दर्प: घमण्ड; धृष्टता; दम्भ; pride; arrogance; vanity. *adj.* **दर्पित**.

दर्पण: मुँह देखने का शीशा; mirror.

दर्भ: कुश घास; a kind of sacred grass.

दर्वी, दर्वि: *f.* कड़छी; चम्मच; a ladle; spoon.

दर्श: अमावस्या; दृश्य; the day of the new moon; scene. *adj.* **दर्शक**. *n.* **दर्शनम्**. *pp.* **दर्शित** see दृश्.

दल् (भ्वा. P. दलति) फट जाना; विकसित होना; to crack; to bloom. *pp.* **दलित**. *n.* **दलः, दलम्** टुकड़ा; पंखुड़ी; अंकुर; राशि; सेना की टुकड़ी; piece; petal; a small shoot; a heap; a body of troops.

दव: वन; जंगली आग; wood; wild fire.

दशन् (दश) दस; ten. **दशक** दस का समूह; a group of ten. **दशतय** दस गुना; tenfold. *ind.* **दशधा** दस प्रकार से; in ten ways. **दशम** दसवाँ; tenth.

दशनः, -नम् दाँत; काटना; tooth; biting.

दशा स्थिति; मन की स्थिति; दीये की बत्ती; ग्रहों की स्थिति; circumstances; mental state; wick of lamp; position of planets.

दस्यु: चोर; डाकू; thief; robber.

दस्र सुन्दर; वीरता का कार्य करने वाला; beautiful; performing heroic deeds. *dual.* **दस्रौ** अश्विनी कुमारों की संज्ञा; epithet of Aśvinī Kumāras.

दह् (भ्वा. P. दहति) जलाना; सताना; to burn; to torment. *pp.* **दग्ध**. *n.* **दाहः** जलन; burning. **दहनम्** आग; fire.

दा (भ्वा. P. यच्छति; जुहो. U. ददाति, दत्ते) देना; to give. *pp.* **दत्त** (किन्तु आ–आत्त). *n.* **दानम्**. *sub.* **दातृ** (दाता) देने वाला; donor.

दाडिम: अनार; pomegranate tree.

दात्यूह: जलपक्षी; चातक; मयूर; water crow; cataka; peacock.

दात्रम् दाँती; चाकू; sickle; knife.

दानव: राक्षस; demon.

दान्त नियम में रहने वाला; जितेन्द्रिय; disciplined; having control over his senses.

दामन् (*neu.* दाम) रस्सी; rope.

दामिनी *f.* बिजली; lightning.

दार: दरार; cleft. *m.pl.* **दारा**: पत्नी; wife.

दाय: उत्तराधिकार; भेंट; inheritance; gift.

दारक टुकड़े-टुकड़े करने वाला; tearing.

दारक: लड़का; a boy, son. *f.* **दारिका** लड़की; daughter.

दारिद्र्य see दरिद्र.

दारु *neu.* लकड़ी; wood [कभी-कभी पुं.; rarely *m.*].

दारुण कठोर; क्रूर; घोर; hard; cruel; violent.

दाव वन; वन की आग; forest; forest fire.

दास: सेवक; शूद्र; a slave; a man of fourth caste. *f.* **दासी**.

दाह: जलन; संताप; burning; distress pain.

दिक्क: बीस वर्ष का हाथी का बच्चा; a young elephant of 20 years of age.

दिगन्त: *m.* दिशाओं का छोर; the end of directions.

दिधिषु: स्त्री का पुनर्विवाह का पति; the second husband of a woman who has entered into second matrimony. *f.* **दिधिषू**: दूसरी बार ब्याही

स्त्री; अविवाहिता बड़ी बहन जिसकी छोटी बहन ब्याही गई हो; a woman married for the second time; elder unmarried sister whose younger sister has been married.

दिधीर्षा *f.* जीवित रहने की इच्छा; सहारा देने की इच्छा; desire to live; desire to support.

दिनम् दिन; day.

दिव् (दिवा. P. दीव्यति) जुआ खेलना; मज़ाक करना; प्रशंसा करना; to gamble; to joke; to praise. (भ्वा. U. देवति; चुरा. U. देवयति, -ते) विलाप करना; to lament. *n.f.* **द्यौ**: आकाश; दिन; स्वर्ग; sky; day; heaven.

दिवा *ind.* दिन में; in day time.

दिश् (तुदा. U. दिशति, -ते) संकेत करना, नियत करना; देना; निर्देश देना; अनुमति देना; to point out; to assign; to give; to direct; to permit. *pp.* **दिष्ट**. *n.f.* **दिक्** दिशा; direction. *syn.ind.* **दिशा**.

दिष्ट संकेतित; वर्णित; निर्देशित; shown; described; directed. *n.neu.* **दिष्टम्** भाग्य; destiny. *n.f.* **दिष्टि**: आदेश, direction.

दिष्ट्या *ind.adv.* भाग्य से; fortunately.

दिह् (अदा. U. देग्धि, दिग्धे) लीपना; सानना; मैला करना; to plaster; to smear; to pollute. *pp.* **दिग्ध**.

दीक्ष् (भ्वा. A. दीक्षते) शिष्य बनाना; आत्मसंयम करना; धार्मिक अनुष्ठान के लिये तैयार करना; to initiate a person as a pupil; to enter into penance; to prepare someone for religious duties. *pp.* **दीक्षित**. *n.f.* **दीक्षा** धर्म-संस्कार; initiation.

दीधिति: *f.* किरण; चमक; ray; lustre.

दीन गरीब; दुःखी; डरा हुआ; poor; distressed; frightened.

दीनार: एक विशेष् प्रकार का सोने का सिक्का; a particular gold coin.

दीप् (दिवा. A. दीप्यते) चमकना; जलना; क्रुद्ध होना; to shine; to blaze; to enrage. *pp.* **दीप्त**. *n.m.* **दीप**: दिया; प्रकाश; a lamp; light. *sub.* **दीपक**: . *f.* **दीपिका**. *n.f.* **दीप्ति**:

दीर्घ लम्बा; लम्बी अवधि का; long; of long duration.

दु (स्वा. P. दुनोति) कष्ट देना; शोक पैदा करना; to afflict; to produce sorrow. *pp.* **दूत**, **दून**.

दुःखम् शोक; रंज; sorrow; grief. *adj.p.p.* **दुःखित**.

दुकूलम् बहुत अच्छे वस्त्र; very fine garment.

दुग्धम् दूध; milk.

दुन्दुभिः *m.f.* नगाड़ा; a large drum.

दुर् *ind.pre.* बुराई या कठिनाई के अर्थ में स्वरादि या घोषादि शब्दों के पहले लगता है; is prefixed before the words beginning with vowels or soft consonants in the sense of bad or difficult [such as दुराग्रह, दुर्गम, etc.].

दुरात्मन् (*m.* दुरात्मा) दुष्ट; rascal.

दुराप दुर्लभ; difficult to be obtained.

दुरुक्तम् बुरा-भला कथन; abuse.

दुरोदरः, **-रम्** पासा; जुआ; playing at dice; gambling.

दुर्गतिः *f.* दुर्दशा; woeful condition. *adj.* **दुर्गत**.

दुर्दम जिसे दबाना कठिन हो; difficult to be subdued.

दुर्दशा *f.* बुरी हालत; bad state.

दुर्धर्ष जिसका अतिक्रमण कठिन हो; unassailable.

दुर्नीतम् दुर्व्यवहार; bad behaviour. *f.* **दुर्नीतिः** बुरा प्रशासन; maladministration.

दुर्बल कमज़ोर; थोड़ा; weak; scanty.

दुर्बुद्धिः बेवकूफ़; foolish.

दुर्भाग्यम् बुरा भाग्य; misfortune.

दुर्विदग्ध अकुशल; नौसिखिया; मूर्खता के कारण अभिमानी; unskilled; raw; foolishly puffed up.

दुर्विनीत अशिष्ट; नटखट; हठीला; wicked; naughty; obstinate.

दुल् (चुरा. U. दोलयति, -ते) हिलना-डुलना; to swing. *pp.* **दोलित**.

दुष् (दिवा. P. दुष्यति) दूषित होना; गलती करना; पाप करना; to be impure; to commit a mistake; to sin. *pp.* **दुष्ट**. *caus.* **दूषयति**. *n.* **दोषः**. *caus.pp.* **दूषित**. *n.* **दूषणम्**. *sub.* **दूषकः**.

दुष्कृतम् पाप; बुरा कार्य; sin; bad deed.

दुस् *pre.* उपसर्ग जो संज्ञा और कभी-कभी क्रिया के पहले बुरा या कठिन अर्थ में लगाया जाता है; a prefix which is added before nouns and sometimes before verbs in the sense of bad or difficult [स्वर या घोष के पहले 'स्' को 'र्' में बदल दिया जाता है–दे. दुर्; before vowels and soft consonants स् is changed to र्–see दुर्].

दुस्तर जिसका पार करना कठिन हो; difficult to be crossed.

दुह (अदा. U. दोग्धि, दुग्धे) दुहना; निचोड़ना; किसी वस्तु से लाभ की वस्तु प्राप्त कर लेना; to milk; to squeeze out; to draw out a thing of profit from something else. *pp.* **दुग्ध**. *n.* **दोहनम्**. *m.* **दोहः** दुहने का कार्य; milking.

दुहितृ (*f.* दुहिता) पुत्री; daughter.

दू (दिवा. A. दूयते) पीड़ित होना; to be afflicted. *pp.* **दून** पीड़ित; afflicted.

दूतः संदेशवाहक; messenger.

दूर दूरी पर स्थित; distant. **दूरम्** दूरी; distance.

दूर्वा *f.* दूब; a kind of green grass.

दृ (तुदा. A. द्रियते – प्रायः 'आ' के साथ; generally with आ = आद्रियते) आदर करना; to respect.

दृढ स्थिर; ठोस; मजबूत; firm; solid; strong.

दृतिः *m.f.* मशक; a leathern bag for holding water.

दृप् (भ्वा. P. दर्पति; चुरा. U. दर्पयति) घमण्ड करना; to be proud. *pp.* **दर्पित**. *n.* **दर्पः** अहंकार; धृष्टता; arrogance; insolence.

दृश् (भ्वा. P. पश्यति) देखना; to see. *pp.* **दृष्ट**. *n.* **दर्शनम्**. *f.* **दृष्टिः** निगाह; विचार; sight; views. *n.* –० (दृक्) देखने वाला; the viewer [such as तत्वदृक्]. *w.d.* **दृश्यम्** जो देखा जाय; scene. **दर्शनीयम्** देखने योग्य; worthy to be seen.

दृश्वन् (–० दृश्वा) देखने वाला; one who sees [such as पारदृश्वा].

दृषद्, दृशद् चट्टान; rock. *adj.* **दृषद्वत्** (दृषद्वान्) पथरीला; stony.

दॄ (दिवा. P. दीर्यति; क्र्या. P. दृणाति) फाड़ना; टुकड़े-टुकड़े करना; to tear; to break into pieces. *pp.* **दीर्ण**.

देदीप्यमान अत्यन्त चमकने वाला; shining intensely.

देव् (भ्वा. A. देवते) खेलना; जुआ खेलना; विलाप करना; to play; to gamble; to mourn. *m.* **देवः**, **देवता** दिव्य पुरुष; god, divine man. *f.* **देवी**. *neu.* **देवनम्** जुआ खेलना; gambling.

देवदारु *m.neu.* पेड़ की एक जाति; a species of pine.

देवरः पति का भाई, देवर या जेठ; husband's brother.

देवल: देव प्रतिमा के सहारे जीविका करने वाला ब्राह्मण; a Brāhmaṇa who lives on idols.

देवायतनम् मन्दिर; a temple.

देश: स्थान; मुल्क; विभाग; a place; a country; a part [such as द्वारदेश:, कण्ठदेश:].

देह:, **देहम्** शरीर; body. *adj.*देहिन् (देही) आत्मा; शरीरधारी; soul; living being.

देहलि:, **-ली** *f.* चौखट; the threshold of a door.

दैत्य: राक्षस; a demon.

दैन्यम् *abs.* दरिद्रावस्था; poverty.

दैव देवताओं से संबन्धित; relating to gods, divine. *n.*दैवम् भाग्य; fortune.

दो (दिवा. P. द्यति) काटना; to cut.

दोग्धृ (दोग्धा) दूध दुहने वाला; a milkman. *f.*दोग्ध्री दुधारु गाय या धाय; a cow or wet-nurse yielding much milk.

दोल:, **दोला** *f.* हिंडोला; पालकी; सन्देह; a swing; a palanquin; doubt.

दोष: त्रुटि; जुर्म; पाप; fault; crime; sin. *ind.*दोषा रात्रि; night. दोस् (*m.neu.*दो:) भुजा; an arm.

दोहद:, **-दम्** गर्भवती की प्रबल इच्छा; longing of a pregnant woman.

दौर्बल्यम् *abs.* कमज़ोरी; weakness.

दौर्मनस्यम् बुरा स्वभाव; विषाद; द्वेष; bad inclination; sorrow; abhorrence, hatred.

दौर्मन्त्र्यम् *abs.* बुरी सलाह; bad counsel.

दौर्हृदयम् मन की बुरी हालत; शत्रुता; evil disposition of mind; enmity.

दौवारिक: द्वारपाल; a door-keeper.

दौहित्र: धेवता; daughter's son.

द्यु *neu.* दिन; आकाश; day; sky [I. प्राय: ० – रूप में प्रयुक्त होता है; generally it is used as ० – {as द्युचर:}. II.स्त्रीलिङ्ग दिव् शब्द से जब व्यञ्जनादि विभक्ति आती है तब उसका यह रूप हो जाता है; *f.*दिव् when followed by consonant suffix it takes this form {as द्युभ्याम्}].

द्युत् (भ्वा. A. द्योतते) चमकना; to shine. *pp.*द्युतित, द्योतित. *f.*द्युति: . *m.*द्योत: प्रकाश; light. *sub.*द्योतक प्रकाश करने वाला; प्रकट करने वाला; shining; manifesting.

द्युम्नम् कान्ति; यश; शक्ति; वैभव; प्रोत्साहन; splendour; glory; energy; wealth; inspiration.

द्यूत:, **द्यूतम्** जुआ; gambling.

द्रव रिसने या टपकने वाला; दौड़ने वाला; पिघला हुआ; dripping; running; melted. **द्रव:** तरल पदार्थ; रस; वेग, गति; खेल; liquid; juice; velocity; sport.

द्रविणम् धन; wealth.

द्रव्यम् दौलत; वस्तु; उपादान; wealth; thing; material substance.

द्रष्टृ (द्रष्टा) *sub.* देखने वाला, दर्शक; a looker on. *m.* – देखने वाला (मानसिक रूप में), ऋषि; न्यायाधीश; (seeing mentally) a seer; judge.

द्रा (अदा. P. द्राति; दिवा. P. द्रायति) दौड़ना, भागना; उड़ना; to run away; to fly away.

द्राक् *ind.* तुरन्त; शीघ्र; at once; immediately.

द्राक्षा *f.* अंगूर की बेल; अंगूर; vine; grape.

द्राव: भगदड़; दौड़ना; पिघलना; flight; running; melting.

द्रु (भ्वा. P. द्रवति) दौड़ना; पिघलना; to run; to melt. *pp.*द्रुत फुर्तीला; पिघला हुआ; घुला हुआ; quick; melted; dissolved. *n.f.*द्रुति पिघलाव; melting.

द्रु *m.neu.* लकड़ी; वृक्ष; wood; a tree.

द्रुह् (दिवा. P. द्रुह्यति) ईर्ष्या, द्वेष करना; हानि पहुँचाने की चेष्टा करना; to bear hatred;

to try to hurt. *pp.*द्रुग्ध. *adj.*द्रुह (ध्रुक्, ध्रुग्, ध्रुट्, ध्रुड्) द्रोह करने वाला; trying to hurt, plotting. *n.*द्रोह: शत्रुता; enmity.

द्रुहिण: ब्रह्मा; अग्नि; Brahmā; fire.

द्रोणि:, **द्रोणी** *f.* घाटी; जलपात्र, बाल्टी इत्यादि; जलाधार; valley; vessel for water; water reservoir.

द्रोह: द्वेष; विरोध; enmity; opposition.

द्वन्द्वम् जोड़ा; झगड़ा; अनिश्चय; a pair or couple; quarrel; uncertainty.

द्वा ['द्वि' का रूप जो दशन्, विंशति, त्रिंशत् से पहले लगता है और चत्वारिंशत्, पञ्चाशत्, षष्टि, सप्तति और नवति से पूर्व 'द्वा' और 'द्वि' दोनों जुड़ते हैं। अशीति से पहले केवल 'द्वि' जुड़ता है; this is a form of द्वि prefixed to दशन्, विंशति and त्रिंशत् and optionally (both द्वा and द्वि) before चत्वारिंशत्, पञ्चाशत्, षष्टि, सप्तति and नवति. Only द्वि is prefixed unchanged before अशीति].

द्वास्थ: *m.f.neu.* द्वारपाल; a doorkeeper. *syn.*द्वास्थित:.

द्वापर:, **-रम्** सत् युग और त्रेता के बाद तीसरा युग; the third Yuga of world after सत् युग and त्रेता.

द्वारम् दरवाज़ा; मार्ग; door; a way.

द्वि (सं. *du.m.*द्वौ; *f.neu.*द्वे) दो; दोनों; two; both. (Also see द्वा). **द्वय** (*f.* द्वयी) दोहरा; दुगुना; two-fold; double. **द्वयम्** जोड़ा; pair. **द्विक** दोहरा; दूसरा; two-fold; second. **द्वितय** दोनों; दुगुना; दो में विभक्त; both; double; divided into two. **द्वितीय** दूसरा; second. **द्विधा** दो प्रकार से; दो रूपों में; in two ways; in two forms. **द्वि:** दो बार; twice. **द्वैधम्** भेदबुद्धि; द्वैधावस्था; conflict in opinion; two-fold nature or state.

द्विज हिन्दुओं के प्रथम तीन वर्ण; first three castes of Hindus. *syn.*द्विजाति:, द्विजन्मन् (द्विजन्मा).

द्विप: हाथी; an elephant.

द्विष् (अदा. U. द्वेष्टि, द्विष्टे) घृणा करना; to hate. **द्विष:** शत्रु; an enemy. *pp.*द्विष्ट. *n.*द्वेष:. *sub.*द्वेष्टृ (द्वेष्टा) द्वेष करने वाला; hater.

द्वीप:, **-द्वीपम्** टापू; an island.

द्वीपिन् (*m.* द्वीपी) शेर; चीता; बाघ; a lion; tiger; leopard; panther.

द्वैतम् भेदवादी दर्शन; philosophy in which duality is accepted.

ध

धत्तूर: धतूरा; a kind of plant (having intoxicating and poisonous effect).

धनम् संपत्ति; wealth. *adj.*धनिक धनवान्; wealthy.

धनिष्ठा *f.* एक नक्षत्र; a star.

धनुस् *neu.* (धनु:) धनुष; a bow.

धन्य धनिक; भाग्यवान्; wealthy; fortunate.

धन्वन् *m.neu.* धनुष; मरुप्रदेश; a bow; a dry soil land.

धन्विन् *m.* (धन्वी) धनुर्धर; an archer.

धम: (–०) फूंकने वाला; blowing [such as अग्निन्धम:].

धमनी नरकुल; शरीर की नाड़ी; गर्दन; a reed pipe; a tube or canal of human body; throat. *syn.*धमनि:.

धम्मल:, **धम्मिल:**, **-ल्ल:** फूलों या मोतियों से अलंकृत जूड़ा या चोटी; woman's braided hair ornamented with flowers or pearls.

धय (–०) पीने या चूसने वाला; drinking or sucking [such as स्तनन्धय:].

धर् (–०) *f.* (धरा, धरी) धारण करने वाला; holding [such as गङ्गाधर]. *n.* **धर:** पहाड़; mountain. *f.* **धरा** पृथ्वी; the earth.

धरणि:, **-णी** *f.* पृथ्वी; the earth.

धरा, **धरित्री** पृथ्वी; the earth.

धर्म: कर्त्तव्य; कानून; मज़हब; विहित आचरण; मूलगुण; duty; law; religion; prescribed course of conduct; an essential and basic quality.

धर्ष:, **धर्षणम्**, **धर्षणा** *f.* अपमान करना; डांटना; सतीत्व हरण; insult; rebuke; rape (of a woman).

धव: कम्पन; पति; trembling; husband.

धवल श्वेत; सुन्दर; white; beautiful.

धा (जुहो. U. दधाति, धत्ते) धारण करना; रखना; to hold; to put. *pp.* **हित**.

धातु: खनिज पदार्थ–लोहा इत्यादि; शरीर के मूलतत्त्व; क्रिया के मूल; mineral substances–iron, etc.; the basic substances of body; the roots of verbs.

धातृ (*m.* धाता) निर्माता; धारण करने वाला; सृष्टि की रचना करने वाला-ब्रह्मा; maker; bearer; creator of universe–Brahmā.

धात्री *f.* धाय; पृथ्वी; आंवला; a nurse; the earth; the tree of Amala.

धान्यम् अन्न; grain.

धामन् *neu.* (धाम) घर; स्थान; प्रकाश; abode; site; light.

धारणा *f.* विचार; विश्वास; स्मरणशक्ति; धारण करने की क्रिया; thinking; belief; memory; an act of holding.

धारा *f.* जल की धार; पानी की बौछार; तलवार इत्यादि का पैना किनारा; a stream of water; a shower; sharp edge of sword, etc.

धारिन् (*m.* धारी; *f.* धारिणी) धारण करने वाला; सुरक्षित रखने वाला; one who holds; keeping safe.

धाव् I. (भ्वा. P. धावति) दौड़ना; to run. *pp.* **धावित**. II. (भ्वा. U. धावति, -ते) धोना; to cleanse. *pp.* **धौत**.

धि (–०) आधार; भण्डार; a receptacle; a store [such as जलधि:].

धिक् *ind.* निन्दा, विषाद इत्यादि को प्रकट करने वाला विस्मयादि बोधक अव्यय; an interjection of censure or displeasure.

धिषणम् निवास स्थान; residence. *f.* **धिषणा** बुद्धि; भाषण; intelligence; speech. **धिष्ण्य** हवनकुण्ड; place for sacrificial fire.

धी: *f.* बुद्धि; विचार; intellect; conception. **धीमत्** (धीमान्) बुद्धिमान्; intelligent.

धीर बहादुर; अटल; मजबूत निश्चय वाला; brave; firm; resolute.

धीवर: मछुआ; a fisherman.

धु (स्वा. U. धुनोति, धुनुते) हिलाना; to shake. *pp.* **धुत**.

धुक्ष् (भ्वा. A. धुक्षते) प्रज्वलित करना; उत्तेजित होना; to kindle; to inflame. *pp.* **धुक्षित**.

धुनि: *f.* नदी; river.

धुर् (धू:) बैलों के कन्धों पर रक्खा जाने वाला; पहिये की नाभि; a yoke; nave or axle of the wheel.

धू (तुदा. P. धुवति; भ्वा. U. धवति, -ते; स्वा. U. धुनोति, धुनुते; क्र्या. U. धुनाति, धुनीते; चुरा. U. धूनयति, -ते) हिलाना; क्षुब्ध करना; हिलाकर अलग करना; to shake; to agitate; to remove by shaking.

धूप् (भ्वा. P. धूपयति) धूनी देना; सुगन्धित करना; to fumigate; to make fragrant. *n.* **धूप:** धूप; incense.

धूम: धुआँ; smoke.

धूर्जटि: शिव का एक नाम; a name of Siva.

धूर्त चालाक; दुष्ट; cunning; a rogue.

धूलि:, -ली *f.* धूल; dust.

धूसर धूल के रंग का या मटमैला; of a dusty or grey colour.

धृ I. (तुदा. A. ध्रियते) जीवित रहना; to continue to live. II. (भ्वा. U. धरति, -ते; चुरा. U. धारयति, -ते) थामना; संभालना; धारण करना; to hold; to maintain; to bear. *pp.* **धृत**, **धारित**.

धृष्णु साहसी; बहादुर; bold; brave.

धे (भ्वा. P. धयति) चूसना; चूमना; to suck; to kiss. *pp.* **धीत**.

धेनु: दूध देने वाली गाय; a milch cow.

धैर्यम् हिम्मत; दृढ़ता; दिलेरी; courage; firmness; boldness.

धैवत: भारतीय संगीत के सात स्वरों में एक; one of the seven primary notes in Indian music.

धोरणि, **-णी** *f.* निरन्तर रहने वाली परम्परा; a tradition.

धौरेय: बोझा ढोने वाला पशु; a beast of burden. *f.* **धौरेयी**.

ध्मा (भ्वा. P. धमति) फूंक मारना; धौंकना; to breathe out; to blow. *pp.* **ध्मात**.

ध्यै (भ्वा. P. ध्यायति) सोचना; मनन करना; याद करना; to ponder over; to meditate; to remember. *pp.* **ध्यात**: . *n.* **ध्यानम्**.

ध्रुव स्थिर; दृढ़; निश्चित; स्थायी; stable; firm; fixed; perpetual. **ध्रुव**: एक नक्षत्र जो उत्तर दिशा में स्थिर है–ध्रुव तारा; a polar star.

ध्वंस् (भ्वा. A. ध्वंसते) नष्ट होना; to perish. *pp.* **ध्वस्त**. *n.* **ध्वंस**: , **ध्वंसनम्**.

ध्वज: पताका; चिह्न; a flag; mark.

ध्वन् (भ्वा. P. ध्वनति) शब्द करना; गुनगुनाना; to sound; to buzz. *pp.* **ध्वनित**. *n.neu.* **ध्वननम्**. *m.* **ध्वनि**: .

ध्वाङ्क्ष: कौआ; a crow.

न

न *ind.* न; नहीं; न तो; और न; नहीं तो; no; not; neither; nor; lest. [समास में व्यञ्जन से पहले 'न' का 'अ' हो जाता है जैसे–असुन्दर; स्वर के पहले 'अन्' जुड़ता है जैसे–अनिच्छा; यदि समास न हो तो उसका अर्थ निषेध होता है जिसे प्रसज्य प्रतिषेध कहा जाता है जैसे–'ब्राह्मणं न आनय'; समास में इसका अर्थ 'समान' होता है जैसे–'अब्राह्मणम् आनय' अर्थात् ब्राह्मण भिन्न ब्राह्मण सदृश किसी क्षत्रिय इत्यादि पुरुष को ले आओ. इसे पर्युदास कहा जाता है. 'नञ्' के ६ अर्थ बतलाये गये हैं–सादृश्य, अभाव, भिन्न वस्तु, थोड़ी मात्रा, बुराई, विरोध; विशेषण के साथ इसका अर्थ 'निषेध' होता है; In compound न is changed into अ as असुन्दर; before vowel it becomes अन् as अनिच्छा; it means total negation if there is no compound and it is called प्रसज्य प्रतिषेध such as ब्राह्मणं न आनय. In compound it means-'not that but alike' such as अब्राह्मणम् आनय meaning thereby 'bring some man but not a Brāhmaṇa'. It is called पर्युदास. नञ् is used in 6 meanings–likeness, negation, other than that, smallness, badness, opposite; with adj. it means negation].

नकुल: नेवला; a mongoose.

नक्तम् *ind.* रात; night.

नक्र: घड़ियाल, मगर; a crocodile.

नक्षत्रम् तारा; a star.

नख: , **नखम्** नाखून; a nail.

नग: पहाड़; वृक्ष; a mountain; a tree.

नगरम् कस्बा; शहर; a town; a city. *f.*नगरी.

नग्न नंगा; naked. **नग्नक:** नंगा भिक्षु; nude mendicant.

नट् (भ्वा. P. नटति) नाचना; अभिनय करना; to dance; to act. *pp.*नटित. *n.*नट: नर्तक; अभिनेता; dancer; an actor. *f.*नटी.

नद् (भ्वा. P. नदति) शब्द करना; गरजना; to sound; to thunder, to roar.

नद: विशाल नदी; a great river. *f.*नदी दरिया; river.

ननन्दृ, ननान्दृ (*f.* ननन्दा, ननान्दा) पति की बहन, ननद; husband's sister.

ननु *ind.* निस्सन्देह; बेशक; प्रश्न के प्रारम्भ में; पूर्वपक्ष की स्थापना में; कभी-कभी प्रार्थना या संबोधन में; no doubt; certainly; in the beginning of a question [such as ननु गमिष्यति राम: = Will Rāma go?]; in presenting the opposite view; sometimes it is used in the sense of address or request.

नन्द् (भ्वा. P. नन्दति) प्रसन्न होना; to be glad. *pp.*नन्दित. *sub.*नन्दक.

नन्दन खुश करने वाला; pleasing. **नन्दन:** पुत्र; a son.

नन्दा आनन्द; delight.

नन्दि: *f.* प्रसन्नता; pleasure.

नपात् पोता [प्राय: वेद में]; grandson [usually in the Vedas].

नपुंसक:, -कम् हिजड़ा; नामर्द; कायर; eunuch; impotent; coward.

नप्तृ (*m.* नप्ता) पोता, नाती; a grandson.

नभस् (*neu.* नभ:) आकाश; sky. *m.*नभा: वर्षा ऋतु; श्रावण मास; rainy season; the month of Sravana.

नभस्य: भादौं का महीना; the month of Bhādrapada.

नम् (भ्वा. P. नमति) नमस्कार करना; झुकना; to salute; to bow down. **नमस्** (*ind.* नम:) प्रणाम करना; salutation. [चतुर्थी के साथ; with dative–हरये नम:. किन्तु 'कृ' के साथ द्वितीया; accusative with कृ–नमस्करोति देवान्].

नमेरु: रुद्राक्ष वृक्ष; name of Rudrākṣa tree.

नय् (भ्वा. A. नयते) जाना; रक्षा करना; to go; to protect.

नय: नीति; व्यवहार के सिद्धान्त; शासन के सिद्धान्त; guiding principles; methods of conduct; polity.

नयनम् मार्ग दिखलाना; निकट लाना; आँख; leading; bringing near; the eye.

नर: मनुष्य; नित्य पुरुष; man; the Supreme Spirit. *f.*नारी.

नरक:, -कम् पाप भोगने के लिये कल्पित स्थान; दु:ख; hell; pain.

नर्द् (भ्वा. P. नर्दति) गरजना; to roar. *pp.*नर्दित. *n.*नर्द:, नर्दनम्.

नर्मन् (*neu.* नर्म) हंसी-मज़ाक; काम क्रीड़ा; jest and joke; amorous pastime or sport.

नलकम् कोहनी की हड्डी; शरीर की कोई लम्बी हड्डी; the radius of the arm; any long bone of the body.

नलिन: सारस; a crane. **नलिनम्** कमल; जल; lotus; water. *f.*नलिनी.

नव नया; आधुनिक; new; modern.

नवति: *f.* नब्बे; ninety.

नवन् (*adj.* नव) नौ; nine. **नवाशीति:** नवासी; eightynine. **नवनवति:** निन्यानवे; ninetynine. *ind.*नवकृत्व: नौ गुना; nine times. *ind.*नवधा नौ प्रकार से; in nine ways. *adj.*नवम नवां; ninth. *f.*नवमी. *ind.*नवश: नौ-नौ करके; by nines.

नवीन नया; new.

नश् (दिवा. P. नश्यति) नष्ट होना; भाग जाना;

to vanish; to run away. *adj.* नश्वर नाशवान्; perishable. *pp.* नष्ट. *n.* नाशः विध्वंस; हानि; ruin; loss.

नस् *f.* नाक; [इसका द्वितीया के द्विवचन के बाद नासिका के स्थान पर वैकल्पिक प्रयोग होता है]; nose; [this word is optionally used in place of नासिका after accustive dual].

नस्यम् सुंघनी; sternutatory. *f.* नस्या नकेल; a string through the nose of an animal.

नह् (दिवा. U. नह्यति, -ते) बाँधना; कमर कसना; पहनना; to tie; to be prepared for some bravery; to put on. *pp.* नद्ध.

नहि *ind.* नहीं; no.

नाकः स्वर्ग; आकाशमंडल; heaven; firmament.

नागः सांप; हाथी; a snake; an elephant.

नागर नगर में उत्पन्न; नगर से संबन्धित; नम्र; चतुर; शिष्ट; town-born; relating to town; polite; clever; civil.

नाटकम् सबसे प्रधान रूपक अर्थात् अभिनेय काव्य; a drama. *f.* नाटिका एक उपरूपक; a play of second category. **नाट्यम्** नृत्य; अभिनय; dance; acting.

नाडिः, **नाडी** *f.* नब्ज; पौधे का पोला डंठल; २४ मिनट का समय; the pulse; hollow stalk of a plant; 24 minutes' time.

नाथ् (भ्वा. P. नाथति) याचना करना; परेशान करना; शक्तिशाली होना; आशीर्वाद देना; to beg; to harass; to have power; to bless. [A. नाथते = आशीर्वाद के अर्थ में; in the sense of blessing]. *n.* नाथः स्वामी; पति; master; husband.

नादः ऊँची दहाड़; चीख; loud noise; cry.

नाना *ind.* विविध प्रकार से; in different ways.

नान्तरीयक अनिवार्य रूप से संबन्धित; invariably connected.

नान्दी *f.* धर्मानुष्ठान या नाटक के प्रारम्भ में देवस्तुति; prayer of a deity in the beginning of a religious rite or a drama.

नापितः नाई; a barber. **नापित्यम्** नाई का व्यवसाय; the trade of a barber.

नाभिः *m.f.*, **नाभी** *f.* तूँदी; तूँदी के समान कोई गड्ढा; navel; any cavity like navel. *m.* – पहिये की धुरी; केन्द्र या प्रधान बिन्दु; the navel of a wheel; the centre or the chief point. *f.* – कस्तूरी; musk. *con.* नाभ्य नाभि से संबन्धित; connected with navel.

नाम *ind.* नाम वाला; निश्चय ही; शायद; निराशारूप प्रश्नवाचक के साथ; हो सकता है; जो भी हो; named; indeed; probably; with interrogation indicating hopelessness [such as को नाम तस्य विश्वासं करिष्यति]; in the sense of 'it is possible'; however. अपि के साथ इसका अर्थ होता है 'क्या यह हो सकता है?'; with अपि it is used in the sense 'Is it possible?' [अपि नाम तव दर्शनं भविष्यति]; 'नाम' शब्द का प्रयोग आश्चर्य प्रकट करने के लिये भी होता है; the word नाम is also used in the sense of surprise [मृतोऽपिनाम जीवितो भवति].

नामन् (*neu.* नाम) वैयक्तिक नाम; नाममात्र; personal name [दशरथो नाम राजा बभूव]; mere name [दुष्टस्य नामापि न शिष्यते].

नायकः नेता; प्रधान पुरुष; leader; chief person. *f.* नायिका.

नारः जल; water. **नारम्** जन-समूह; multitude.

नारी *f.* स्त्री; a woman.

नारङ्गः संतरे का पेड़; an orange tree.

नारङ्गम् संतरे का फल; fruit of orange.

नाराचः बाण; an arrow.

नारायणः विष्णु का नाम; an epithet of Viṣṇu.

नारिकेरः, -लः नारियल; coconut.

नालम् पोला डंठल; a hollow stalk.

नालिः, -ली *f.* पोली डंडी (विशेषरूप से कमल की); शरीर के अन्दर की धमनी; a hollow stalk (specially of lotus); vein inside body. *syn.*नालिकः, नालीकः.

नाविकः मल्लाह; जहाज का चालक; a boatman; a sailor or navigator of ship.

नाशः हानि; मृत्यु; आँखों से ओझल हो जाना; ruin; death; disappearance.

नासा *f.* नाक; nose. *syn.*नासिका.

नासीरम् सेना की टुकड़ी जो मुख्य सेना के आगे रहती है; front troops of an army.

नास्तिक ईश्वर को न मानने वाला; an atheist.

नि *ind.* उपसर्ग जो क्रिया या संज्ञा शब्दों के पहले लगकर नीचे की ओर, समूह, तीव्रता, निरन्तरता, निपुणता, नियन्त्रण, निकटता, बुराई, निश्चय, सन्देह आदि अर्थों को प्रकट करता है; a prefix either to verbs or to nouns which indicates the meaning of downward, group, intensity, continuity, skill, control, nearness, badness, certainty, doubt, etc.

निःक्षेपः फेंकना; throwing.

निःश्वासः साँस लेना; आह भरना; breathing; sighing.

निस्सरणम् निकलना; निकालना; घर का निकलने का दरवाजा; going out; turning out; exit, the out-going door of a house.

निःस्रवः बचत; surplus. निःस्रावः व्यय; चावलों का मांड; expenditure; the watery portion of boiled rice.

निकट *adj.* नज़दीक; close. निकटः, -टम् नज़दीकी; proximity.

निकरः ढेर; a heap or pile.

निकषः कसौटी; a touch-stone.

निकषा *ind.* निकट [द्वितीया के साथ]; close by [with accusative –लङ्कां निकषा].

निकाम बहुत अधिक; plentiful. *adv.*निकामम् इच्छा भर; बहुतायत से; to one's satisfaction; abundantly.

निकायः समूह; सत्संग; घर; शरीर; परमात्मा; a heap; congregation of good persons; a house; body; the Supreme Being.

निकारः अनाज फटकना; अनादर; अपराध; ऊपर उठाना; winnowing corn; insult; crime; lifting up.

निकाशः, -सः निकटता; proximity.

निकुञ्चनः एक तौल (लगभग ८ तोला); a measure (near about 8 tolās).

निकुञ्जः लतामण्डप; a bower (a place overgrown with creepers).

निकुरम् झुंड; a flock.

निकृत अपमानित; तिरस्कृत; नीच; insulted; humiliated; vile. *n.*निकृतिः अपमान; गरीबी; अस्वीकृति; insult; poverty; rejection.

निकृष्ट नीच; कमीना; low; vile.

निकेतः घर; a house. *neu.*निकेतनम्.

निकोचनम् सिकुड़न; contraction.

निक्षेपः धरोहर; फेंकना; a deposit; casting away.

निक्षेपणम् धरोहर रखना; the act of depositing.

निखननम् खोदने का काम; the act of digging. *adj.*निखात खोदा हुआ; dug up.

निखिल पूरा; whole.

निगड बेड़ी से बंधा; fettered. निगडः, -डम्

हथकड़ी, बेड़ी; fetters.

निगदः, निगादः गद्यात्मक मन्त्रवाक्य; स्तुतिपाठ; प्रवचन; उल्लेख; Mantra in prose; recitation of prayer; discourse; mention. *adj.*निगदित.

निगमः वैदिक ग्रन्थ और उनके भाष्य, वेदांग; नीतिशास्त्र; मण्डली; मार्ग; नगर; Vedic texts and their explanatory works; the science of politics; caravan; road; city.

निगरणम् निगलना; swallowing. *adj.*निगीर्ण.

निगूढ छिपा हुआ; hidden.

निग्रहः रोकना; रोकथाम; दण्ड; गिरफ़्तारी; तर्क में त्रुटि; suppression; check; punishment; arresting; fallacy in logic.

निघण्टुः वैदिक शब्द कोश; a Vedic dictionary.

निघसः खाना; भोजन करना; food; eating.

निघातः प्रहार; स्वर का दबाव (अनुदात्त स्वर); blow; low tone.

निघ्न आश्रित; आज्ञाकारी; लिङ्ग वचन आदि के विषय में विशेष्य का अनुसरण करने वाला; dependant; obedient; following substantive in the matters of gender, number, etc.

निचयः ढेर; a heap.

निचित ढका हुआ; भरा हुआ; covered; full.

निचुलः एक प्रकार का नरकुल; a kind of reed.

निचोलः पर्दा; चादर; a veil; bedcover.

निज् (जुहो. U. नेनेक्ति, नेनिक्ते) स्वच्छ करना; धोना; to cleanse; to wash.

निज अपना; one's own.

नितम्बः चूतड़; पर्वत का ढलान; ढलवाँ नदी तट; buttocks; slope of mountain; slopy bank of river. **नितम्बिनी** बड़े तथा सुन्दर नितम्बों वाली स्त्री; a woman with large and beautiful buttocks.

नितराम् *ind.* पूर्णरूप से; अत्यधिक; entirely; very much.

नितान्त बहुत अधिक; excessive. *ind.***नितान्तम्** अत्यधिक रूप में; excessively.

नित्य सदा रहने वाला; चिरस्थायी; perpetual; everlasting. *ind.***नित्यम्** प्रतिदिन; हमेशा; daily; always.

निदर्शक बतलाने वाला; संकेत करने वाला; pointing out; indicating. *n.***निदर्शनम्** संकेत; दृष्टान्त; प्रमाण; a gesture; an illustration; a proof.

निदाघः गर्मी; ग्रीष्म ऋतु; heat; summer.

निदानम् प्राथमिक कारण; अन्त; primary cause; the end.

निदिध्यासः निरन्तर चिन्तन; constant meditation.

निदेशः आज्ञा; हिदायत; order; instruction.

निद्रा *f.* नींद; सुप्तावस्था; sleep; sleepiness. *adj.***निद्रित**.

निधनम् मृत्यु; death.

निधानम् रखना; जमा करना; खजाना; putting; depositing; treasure. *m.* **निधिः**

निधुवनम् संभोग; मैथुन; कांपना; sexual enjoyment; sexual intercourse; trembling.

निध्यानम् दर्शन; दृष्टि; seeing; sight.

निनङ्क्षु मरने की इच्छा करने वाला; भाग जाने की इच्छा करने वाला; wishing to die; wishing to escape.

निनदः शोर; भिनभिनाहट; noise; humming. *syn.***निनादः**.

निन्द् (भ्वा. P. निन्दति) निन्दा करना; to censure. *n.f.***निन्दा**. *pp.***निन्दित** जिसकी

निन्दा की गई हो; censured.

निपात: पतन; आकस्मिक घटना; व्याकरण में अव्यय; downfall; incidental happening; indeclinable in grammar. **निपातनम्** गिराना; throwing down.

निपुण कुशल; पूर्ण; skilful; complete.

निबन्ध: बन्धन; लेख; अनुदान; नियन्त्रण; binding; composition; grant; restraint.

निबर्हणम्, निवर्हणम् वध; विनाश; समाप्ति; slaughter; destruction; end.

निभ समान; similar.

निभृत जमा; भरा; छिपा; शान्त; स्थिर; बन्द; collected; filled; concealed; still; fixed; closed. *ind.*निभृतम् गुप्तरूप से; निजी तौर पर; secretly; privately.

निमज्जनम् स्नान करना; डुबकी लगाना; bathing; diving.

निमि: आँख झपकना; winking. *syn.* निमिषम्. *m.*निमेष: .

निमित्तम् कारण; बहाना; cause; pretext.

निम्न गहरा; नीचा; deep; low. **निम्नम्** गहराई; depth.

निम्ब: नीम; neem or margosa tree.

निम्लोच: सूर्यास्त; sunset.

नियत निश्चित; नियन्त्रित; definite; restrained.*adv.*नियतम् निश्चितरूप से; positively. **नियति:** किस्मत; destiny.

नियन्तृ (*m.* नियन्ता) अधिकार में रखने वाला; शासक; सारथी; दण्ड देने वाला; a controller; ruler; driver; punisher.

नियम: विधि या कानून; रोक; धार्मिक अनुष्ठान; परम्परागत बन्धन; a rule or law; restraint; religious undertaking or a vow; convention.

नियुक्त लगाया हुआ; appointed. **नियोक्तृ** (*m.* नियोक्ता) नियुक्त करने वाला; one who appoints.

निर् *ind.* 'से मुक्त', 'बिना', 'से दूर' इत्यादि अर्थों को प्रकट करने के लिये स्वरों और घोषवर्णों से पहले लगाया जाने वाला उपसर्ग; a prefix to vowels and soft consonants in the sense of 'out of', 'without', 'away from', etc.

निरत लगा हुआ; भक्त; engaged in; devoted to. *n.f.*निरति: .

निरन्तरम् *adv.* लगातार; continuously.

निरय: नरक; hell.

निरर्थक बेकार; व्यर्थ; useless; vain.

निरस स्वादरहित; tasteless. *n.neu.* निरसनम् दूर हटाना; rejecting. *pp.*निरस्त.

निराकरणम् रद्द करना; निकाल बाहर करना; rejection; turning away. *adj.*निराकृत. *n.f.*निराकृति: .

निराकुल भरा हुआ; ढका हुआ; filled; covered.

निरास: फेंकना; विरोध; ejection; opposition.

निराहार भोजन के बिना रहने वाला; one who lives without food. *n.*निराहार: बिना भोजन का, उपवास; fasting.

निरीक्षणम् ध्यान से देखना; दृष्टि; खोजना; to behold attentively; a look; searching.

निरुक्त कहा हुआ; परिभाषा किया हुआ; expressed; defined. *n.*निरुक्तम् व्याख्या; explanation. *n.f.*निरुक्ति: .

निरूढ परम्परागत; अविवाहित; conventional; unmarried. *n.f.*निरूढि: प्रसिद्धि; fame.

निरूपणम्, -पणा *f.* व्याख्या करना; explanation. *pp.*निरूपित.

निरूह: तर्क; निश्चय; वस्तिकर्म; logic; certainty; enema not oily.

निरोध:, निरोधनम् रोक; नियन्त्रण; कैद में रखना; दण्ड देना; check; restraint;

confinement; punishing.

निर्गम: द्वारमार्ग; निकलना; ओझल होना; door-way; going out; vanishing away. *neu.*निर्गमनम्.

निर्घात: बवंडर; विनाश; हवा का शब्द; whirlwind; destruction; the noise of wind.

निर्घृणता *f.* निर्दयता; निर्लज्जता; mercilessness; shamelessness.

निर्घोष: जोर का शब्द; a loud noise.

निर्जन आबादी-रहित; सुनसान; uninhabited; lonely.

निर्जर: देवता; a deity.

निर्झर: झरना; a spring. *f.*निर्झरिणी नदी; पहाड़ी झरना; a river; mountain torrent.

निर्दय दयारहित; merciless. *ind.*निर्दयम् निष्ठुरता के साथ; with cruelty.

निर्दश दस वर्ष से अधिक उम्र का; more than 10 years' old.

निर्णय: फैसला; निश्चय; उपसंहार; judgement; decision; conclusion. *sub.*निर्णायक.

निर्णिक्त धोकर स्वच्छ किया हुआ; cleansed by washing. *n.f.*निर्णिक्ति: धुलाई; washing.

निर्देश: इशारा; आदेश; उपदेश; बतलाना; pointing out; command; instruction; telling. *adj.*निर्दिष्ट.

निर्धार: , निर्धारणम् बहुतों में एक को अलग करना; निश्चय करना; separating one out of many; settling.

निर्बन्ध: आग्रह; हठ; insistence; persistence.

निर्माणम् किसी वस्तु का बनाना; मकान बनाना; manufacture; building. *adj.*निर्मित बनाया हुआ; created.

निर्माल्यम् शुद्धता; किसी देवता पर चढ़ावे का शेष; purity; remains of offering to a deity.

निर्मूलनम् उखाड़ फेंकना; eradication.

निर्मोक: केंचुली; चमड़ी; मुक्त करना; slough of a snake; a hide or skin; liberating.

निर्याणम् बाहर निकलना; मरण; हाथी की आँख की कोर; पशु बाँधने या बछड़े के पैर बाँधने की रस्सी; exit; death; the outer corner of the elephant's eye; rope to tie cattle or the feet of a calf.

निर्यातनम् लौटाना; कर्ज़ चुकाना; बदला; वध; restoring; pay off debt; retaliation; killing.

निर्यास: गोंद; वृक्षों का बहाव; काढ़ा; gum; exudation of trees; decoction.

निर्लुञ्चनम् उखाड़ना; फाड़ना; छीलना; pulling off; tearing off; peeling.

निर्लेखनम् खुरचना; नोचना; scraping; scratching.

निर्वचनम् व्युत्पत्ति; लोकोक्ति; शब्द सूची; etymology; proverbial expression; vocabulary.

निर्वपणम् पितरों को पिण्डदान; तर्पण; offering morsel to forefathers; offering water to forefathers.

निर्वर्तनम् कार्य पूरा करना; accomplishment. *sub.*निर्वर्तक.

निर्वाण बुझाया हुआ; मरा हुआ; अस्त; extinguished; dead; disappeared.

निर्वाह: निबाहना; यथेष्ट व्यवस्था; accomplishing; sufficient provision.

निर्विण्ण: खिन्न; depressed.

निर्वृति: तृप्ति; satisfaction.

निर्वेद: घृणा; वैराग्य; disgust, loathing; complete indifference to worldly things.

निर्वेश: मज़दूरी; भाड़ा; सेवन; प्रायश्चित्त;

विवाह; wages; hire; enjoyment; expiation; marriage.

निर्व्यूढ पूरा किया गया; छोड़ा हुआ; completed; deserted. *f.*निर्व्यूढि:

निर्व्यूह: कलंगी; दरवाज़ा; खूंटी; काढ़ा; a helmet or crest; gate; peg; decoction.

निर्हार: जड़ से उखाड़ना; शव को जलाने के लिये ले जाना; निजी जमा; मलत्याग; extracting out along with root; carrying out a dead body to be burnt; private hoarding; excretion.

निलय: निवासस्थान; जानवरों का छिपने का स्थान; a dwelling-place; a hiding place or den of animals.

निलीन छिपा हुआ; बन्द; पिघला हुआ; hidden; shut; melted.

निवपनम् बोना; पितृ-श्राद्ध तर्पण; sowing; offering to forefathers.

निवर्तनम् उत्पादन; कार्य की पूर्ति; production; completion of an act.

निवह: समूह; ढेर; multitude; heap.

निवात: वायुरहित; कवच से सुसज्जित; बाधारहित; windless; well armoured; unobstructed.

निवार: दूर रखना; रोकना; keeping off; warding off.

निवास: बसना; घर; रात बिताना; पोशाक; dwelling; an abode; resting in night; garment.

निविड घना; मोटा; स्थूल; दृढ़; thick or dense; stout; bulky; firm, tight.

निवीतम् जनेऊ को माला की भाँति पहनना; wearing sacred thread round the neck like a garland.

निवृत घिरा हुआ; surrounded. *n.f.*निवृति: घेरा; surrounding.

निवृत्त लौटा हुआ; कार्य से अवकाश पाया हुआ; संसार के कार्यों से छुटकारा पाया हुआ; returned; got relief by completion of work; abstained from worldly affairs. *n.f.*निवृत्ति: . *n.neu.* निवर्तनम्.

निवेदनम् बतलाना; अर्पण करना; communicating; offering, dedicating.

निवेश: प्रवेश; पड़ाव; घर; जमा करना; जीवन में स्थिर होना; सैन्य व्यवस्था; entrance; camp; house; depositing; settling in life; military array. *pp.*निवेशित.

निश् रात; हल्दी; [इसका प्रयोग द्वितीया के द्विवचन तक नहीं होता]; night; turmeric; [it has no form or use upto accusative dual]. *syn.*निशा [सभी विभक्तियों में; in all case-endings].

निशमनम् सुनना; देखना; समझना; hearing; looking at; becoming aware of. *syn.*निशामनम्.

निशा see निश्.

निशाचर: राक्षस; रात में घूमने वाले; a demon; roaming in night.

निशात तेज किया हुआ; उज्ज्वल; sharpened; bright.

निशानम् शान पर चढ़ाकर तेज करना; sharpening on whet-stone.

निशान्त शान्तियुक्त; quiet. *n.*निशान्तम् घर; a house.

निशामनम् see निशमनम्.

निशित शान पर तेज किया हुआ; sharpened on whet-stone.

निशीथ: आधी रात; mid-night.

निश्चय: दृढ़ संकल्प; determination. *p.p.* निश्चित. *sub.*निश्चायक: . *n.f.*निश्चिति: .

निश्चल स्थिर; immovable.

निश्श्वास: सांस खींचना; आह भरना; breathing deeply; sighing.

निषङ्ग: तरकस; मेल; आसक्ति; a quiver; union; attachment.

निषण्ण बैठा हुआ; खिन्न; seated; dejected.

निषाद: भारतीय संगीत में सातवां अथवा अन्तिम स्वर; भारत की एक आदिम जाति; the seventh or last note in Hindustani gamut of music; an outcaste aboriginal tribe in India.

निषिद्ध मना किया हुआ; prohibited.

निषूदनम् वध करना; killing.

निषेक: बूँद-बूँद टपकना; छिड़कना; वीर्यपात; किसी को गर्भवती करना; dripping; sprinkling; seminal discharge; impregnating some woman.

निषेवणम् सेवा करना; पूजा; उपभोग करना; serving; worship; enjoying.

निष्क:, **-कम्** एक स्वर्ण मुद्रा जिसके विभिन्न मूल्य होते हैं; a golden coin having different values.

निष्कर्ष: निकलना; सारभूत अर्थ; उपसंहार; extraction; real sense; conclusion.

निष्कास: निकलना; निकास; exit; portico. *adj.pp.*निष्कासित.

निष्कुट: घर का बगीचा; रनिवास; pleasure grove near a house; female apartment or harem of a king.

निष्कुषित फाड़ा हुआ; बाहर निकाला हुआ; torn off; drawn out.

निष्कृत दोषमुक्त; प्रायश्चित्त किया हुआ; pardoned or acquitted; expiated. *n.neu.*निष्कृतम्. *f.*निष्कृति: प्रायश्चित्त; expiation.

निष्कोष:, **-षणम्** खींच कर बाहर निकालना; उखाड़ना; छिलका उतारना; extracting; extirpating; husking or shelling.

निष्क्रमणम् निकलना; going out.

निष्क्रय: छुटकारा; छुटकारे का मूल्य; redemption; ransom.

निष्ठ: (–०) किसी पर स्थिर या आश्रित; resting upon or depending on something. *f.*निष्ठा आस्था; श्रद्धा; स्थिरता; faith; devotion; firmness.

निष्ठुर कठोर; cruel.

निष्ठ्यूत थूका हुआ; फेंका हुआ; spit out; thrown out.

निष्ण, **निष्णात** दक्ष; विशेषज्ञ; skilful; a specialist.

निष्पत्ति: उत्पत्ति; पूर्ति; सिद्धि; birth or production; completion; accomplishment.

निष्फल बेकार; fruitless.

निष्यन्द:, **-स्यन्द:** बहाव; रिसना या झरना; a flow, discharge; dripping or trickling.

निस् *ind.* उपसर्ग जो धातु से पहले लगकर दूर, निश्चय, पूर्णता, पार करना, अतिक्रमण आदि अर्थों को देता है. संज्ञा शब्दों के पहले लगकर अनेक अर्थ देता है [इसका प्रयोग बहुत कुछ 'निर्' के समान होता है]; a prefix preceding roots meaning separation, certainty, completeness, crossing over, transgressing, etc. It also gives several meanings as a prefix of nouns [it resembles निर् to a great extent].

निसर्ग: प्रदान करना; मलत्याग; त्याग; जन्म; granting; excrement; relinquishing; creation or birth. [क्रि. वि. के रूप में निसर्गतः, निसर्गेण, निसर्गसिद्ध, इत्यादि का प्रयोग 'स्वभाव से ही' अर्थ में होता है; as adverb these words are used in the sense of 'naturally'].

निसूदन मारने वाला; नष्ट करने वाला; killing; destroying. **निसूदनम्** वध; हत्या; killing; slaughter.

निसृष्ट दिया गया; छोड़ा गया; अनुमति दिया गया; केन्द्र का मध्यस्थ; given; abandoned; permitted; middleman of centre.

निस्तरणम् बचाना; छुटकारा; rescue; getting rid of. *m.*निस्तार:.

निस्तोद: चुभना; डंक मारना; pricking; sting.

निस्पन्द: कंपकंपी; trembling.

निस्रव: धारा; a stream.

निस्वन: शब्द; शोर; voice; noise.

निहत मारा हुआ; चोट किया हुआ; killed; struck.

निहित रक्खा हुआ; प्रदत्त; placed; bestowed upon.

निह्नव: छिपाना; इंकार करना; concealment; denial.

नी (भ्वा. U. नयति, -ते) ले जाना; नेतृत्व करना; समय बिताना; किसी स्थिति तक पहुँचाना; to carry; to lead; to pass the time; to take to some state or condition. *pp.*नीत. *sub.*नेतृ (नेता) नायक; leader.

नीकाश see निकाश.

नीकास: see निकास:.

नीच अधम; दुष्ट; नीचा; mean; base; low.

नीचै: *ind.* नीचे; झुककर; नीचा [विशेषण के रूप में प्रयुक्त होता है]; below; bowingly, humbly; low [used as an adjective].

नीड: घोंसला; बिस्तर; अन्दर बैठने का स्थान; nest; bed; inside sitting place.

नीति: *f.* ले चलना; राजनैतिक आचार व्यवहार; कार्य करने के नियम; leading; diplomacy; rules for working.

नीध्रम् छत; छत का छोर; roof; edge of roof or thatch.

नीप: कदम्ब वृक्ष; a Kadamba tree.

नीरम् जल; रस; water; juice. **नीरजम्** कमल; lotus. **नीरद:** बादल; cloud.

नीराजना आरती; ceremony of waving of light in worship or showing respect.

नील नीला; गहरा नीला; blue; dark blue. **नीलम्** काला नमक; सुरमा; black-salt; antimony.

नीलिमन् *m.* (नीलिमा) नीला रंग; blue colour.

नीवार: जंगली चावल (धान) जो बिना जोते बोये पैदा होते हैं; wild rice which grow without cultivation.

नीवि:, **-वी** *f.* नाड़ा; कमरबन्द; a tape or cloth worn round a waist and ends tied into a knot; a girdle.

नीहार: कुहरा; धुंध; fog; mist.

नु *ind.* प्रश्न, सन्देह, अनिश्चय, संभावना इत्यादि को प्रकट करने वाला अव्यय; a particle denoting question, doubt, uncertainty, possibility, etc.

नु (अदा. P. नौति) प्रशंसा करना; स्तुति करना; to praise; to extol. *pp.*नुत. *n.f.*नुति:.

नुद् (तुदा. U. नुदति, -ते) प्रेरणा देना; बढ़ाना; हांकना; to instigate; to encourage; to drive on. *pp.*नुन्न. *n.neu.*नोदनम्.

नूतन, **नूत्न** नया; ताज़ा; आधुनिक; new; fresh; modern.

नूनम् *ind.* निश्चितरूप से; अवश्य; certainly; indeed.

नूपुर: पैरों के आभूषण; an ornament for the feet.

नृ *m.* (ना) मनुष्य; man [यह मनुष्य जाति के अर्थ में भी आता है; it is also used in the sense of human race].

नृत् (दिवा. P. नृत्यति) नाचना; अभिनय करना; to dance; to act on the stage. *pp.*नृत्त, **नृत्तम्** अंग संचालन; movement of the body. **नृत्यम्** भावाभिनय; नाचना; pantomime; dancing.

नृप: राजा; a king. *syn.*नृपति:. *abs.*नृपत्व.

नृशंस दुष्ट; कमीना; wicked; mean.

नेजकः धोबी; washerman. **नेजनम्** धोना; साफ़ करना; washing; cleansing.

नेतृ *m.* (नेता) नेता; leader. *f.* नेत्री.

नेत्रम् आँख; रस्सी जो दही बिलोने के काम आती है; वस्ति क्रिया की नली; the eye; rope which is used in churning curd; an enema-pipe.

नेदीयस् (नेदीयः) निकटतर [सर्वाधिक निकट के अर्थ में 'नेदिष्ठ' का प्रयोग होता है]; nearer [नेदिष्ठ is used in the sense of nearest].

नेपथ्यम् शारीरिक सजावट; वेषभूषा धारण करना; नाटक का कक्ष जिसमें पात्र वेषभूषा धारण करते हैं; decoration of body; wearing costumes; green-room for actors.

नेम आधा; half.

नेमिः, नेमी पहिये का घेरा; the circumference of a wheel.

नैक अकेला नहीं; अनेक; not alone; many.

नैकट्यम् समीपता; nearness.

नैगम वेद या पवित्र लेख से संबद्ध; relating to Vedas or holy writings. **नैगमः** व्यापारी; a trader.

नैपुण्यम् दक्षता; skill.

नैमित्तिक किसी विशेष कारण से उत्पन्न; असामान्य घटना; produced by some accidental cause; unusual happening.

नैरन्तर्यम् निरन्तर होना; continuity.

नैराश्यम् आशा का अभाव; hopelessness.

नैर्गुण्यम् गुणों का अभाव;. absence of qualities.

नैर्मल्यम् स्वच्छता; cleanliness.

नैवेद्यम् खाद्य पदार्थ जो देवता पर चढ़ाया जाता है; eatables which are presented to some deity.

नैश रात से संबन्धित; nocturnal. *syn.* **नैशिक**. *f.* **नैशिकी, नैशी**.

नैष्ठिक अन्तिम या उपसंहारात्मक; पूर्ण जानकार; final or concluding; completely familiar with. **नैष्ठिकः** आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत पालन करने वाला छात्र; a student who has taken a vow of celibacy.

नैसर्गिक स्वाभाविक; साथ में उत्पन्न; natural; inborn.

नोचेत् *ind.* अन्यथा; otherwise.

नौः नाव; जहाज़; a boat; ship. **नाविकः** मल्लाह; a boatman.

न्यक् *ind.* 'कृ' और 'भू' के पहले अपमान या दीनता को प्रकट करने वाला अव्यय; an adverb prefixed before कृ and भू to show contempt, degradation, etc. [न्यक्करोति, न्यग्भवति].

न्यक्ष नीच; अधम; दुष्ट; inferior; mean; vile.

न्यग्रोधः बरगद का पेड़; a banyan tree.

न्यङ्कु एक प्रकार का बारहसिंघा; a kind of antelope.

न्यसनम् धरोहर रखना; जमा करना; pledging; depositing.

न्यस्त छोड़ा हुआ; रक्खा हुआ; सुपुर्द किया हुआ; thrown away; put in; consigned.

न्यायः नियम; कानून; राजनीति; नीतिवाक्य; rule; law; policy; a popular maxim. *adj.* **न्याय्य** उचित; just.

न्यासः रखना; धरोहर;. सौंपना; छोड़ना; placing; bailment or pledge; instructing; giving up.

न्यून कम; हीन; less; wanting.

प

प (-०) पीने वाला; रक्षक; शासक [यह समास के अन्त में प्रयुक्त होता है जैसे–क्षीरपः, भूमिपः इत्यादि]; drinking; protecting; ruling [it is used in the end of a compound such as क्षीरपः, भूमिपः, etc.].

पक्तिः *f.* पकाना; पचना; cooking; digesting. पक्तृ (पक्ता) पकाने या पकने वाला; one who cooks or what is cooked.

पक्त्रिम पका हुआ; परिपक्व; cooked; matured.

पक्व (*pp.* of पच्) पका हुआ; पकाया हुआ; ripe; cooked.

पक्षः बाजू; पंख; किसी जानवर का एक पार्श्व; एक भाग; चन्द्रमा के अनुसार १५ दिन का समय; गुट; तर्क का पहलू; सेना; दीवार; a wing; feather; a side of an animal; a part or portion; a fortnight; faction or side; one side in an argument; an army; a wall. पक्षकः चोर दरवाज़ा; साथी; a side-door; an associate. पक्षता एक पक्ष का होना; partisanship. *f.*पक्षतिः पंख; wing.

पक्षिन् *adj.* (पक्षी) तरफदार; a partisan. *n.m.*– पक्षी; bird.

पक्ष्मन् *neu.* (पक्षम) बरौनी; बाजू; an eyelash; a wing.

पक्ष्य पक्ष में होने वाला; अपने पक्ष का; मित्र; occurring in a fortnight; partisan; friend.

पङ्कः, पङ्कम् कीचड़; दलदल; slough; mud. *adj.*पङ्किल कीचड़ से भरा; मैला; muddy; dirty.

पङ्क्तिः *f.* कतार; श्रेणी; भोजन के लिये एक ही प्रकार के लोगों की कतार; a line; range; row of people of same kind sitting for a feast.

पङ्गुः *adj.* लंगड़ा; lame.

पच् (भ्वा. U. पचति, -ते) पकाना; पकना; पचना; to cook; to bake; to digest. *pp.*पक्व पकाया हुआ; cooked. *n.*पचनम्. *adj.*पचेलिम शीघ्र पकने वाला; शीघ्र पचने वाला; cooking or ripening quickly; easily digestive.

पञ्चत्वम् मृत्यु; death.

पञ्चन् (*pl.*पञ्च) पांच; five. पञ्चकम् पांच का समूह; a group of five. *ind.*पञ्चकृत्वः पांच बार; five times. पञ्चचत्वारिंशत् पैंतालीस; fortyfive. -रिंशः पैंतालीसवां; fortyfifth. पञ्चतयम् पांच गुना; five times. पञ्चत्रिंशत्, -शतिः पैंतीस; thirtyfive. पञ्चदशन् पन्द्रह; fifteen. पञ्चधा पांच प्रकार से; in five ways. पञ्चनवतिः पञ्चानवे; ninetyfive. पञ्चम पांचवां; fifth. पञ्चशत पांच सौ; five hundred. पञ्चशतम् एक सौ पांच; one hundred and five. पञ्चाशत् पचास; fifty.

पञ्जरम् पिंजड़ा; a cage.

पटः, पटम् कपड़ा; परदा; garment; screen.

पटच्चरः चोर; thief. पटच्चरम् चिथड़ा; ragged cloth.

पटलम् परदा; ढकना; आँखों का जाला; समूह; छत; a veil; cover; a disease of eyes; heap; roof.

पटहः ढोल; नगाड़ा; a kettledrum; drum.

पटिः, पटी *f.* रंगशाला का परदा; मोटा कपड़ा; कनात; a curtain of stage; canvas cloth; screen surrounding a tent.

पटीरः गेंद; चन्दन की लकड़ी; कामदेव; a ball; sandal wood; Cupid. पटीरम् चलनी; a sieve.

पटु *adj.* निपुण; तेज; समर्थ; clever; sharp or shrill; capable.

पटोलः परमल; a kind of vegetable.

पटोलम् एक प्रकार का कपड़ा; a kind of cloth.

पट्टः , पट्टम् फट्टा; महीन कपड़ा; a board; a fine cloth.

पट्टनम्, -नी शहर; a city.

पठ् (भ्वा. P. पठति) पढ़ना; to read. *pp.*पठित. *n.neu.*पठनम्. *n.m.*पाठः.

पण् (भ्वा. A.पणते) व्यापार करना; खरीदना; दाँव पर लगाना; प्रशंसा करना; to trade; to purchase; to bet; to praise. *pp.*पणित. *n.*पणनम्.

पणः दाँव लगाकर खेला गया खेल; जुआ; दाँव लगी वस्तु; शर्त; मज़दूरी या भाड़ा; पैसा; मूल्य; दूकान; बेचने की वस्तु; game played on a stake; gambling; a thing put on stake; condition of treaty; wages; pice or a particular coin; price; shop; a thing for sale.

पणिः *f.* बाज़ार; market. *m.*– कंजूस; पापी; a miser; sinful man.

पण्डा *f.* बुद्धिमानी; ज्ञान-विज्ञान; wisdom; learning and science. *pp.*पण्डित विद्वान्; a learned man.

पण्य बिक्री के योग्य; saleable. पण्यः बिक्री की वस्तु; व्यवसाय; मूल्य; saleable commodity; trade; price.

पत् (भ्वा. P. पतति) गिरना (भौतिक और भावनात्मक दोनों प्रकार का); to fall down (of both kinds-worldly and mentally). *opp.*उत्पत् उछलना; to fly or jump. *pp.*पतित. *n.*पतनम्, पातः.

पतङ्गः पक्षी; टिड्डा; सूर्य; a bird; moth or locust; the sun. *syn.*पतङ्गमः.

पतत्रम् पंख; wing. *hav.*पतत्रिन् (*m.* पतत्री) पक्षी; bird.

पताका *f.* झंडा; flag.

पतिः *m.* स्वामी; भर्ता; lord or master; husband.

पतिम्वरा *f.* अपना पति चुनने के लिये तत्पर स्त्री; a lady ready to select her own husband.

पत्तनम् नगर; a city.

पत्तिः *m.* पैदल चलने वाला; पैदल सैनिक; a pedestrian; foot-soldier. पत्तिन् (पत्ती) पैदल सैनिक; foot-soldier.

पत्नी *f.* भार्या; wife.

पत्रम् पत्ता; लिखने का कागज़; पत्र; पंख; चाकू इत्यादि का फल; चन्दन इत्यादि से शृंगारिक रचना; सवारी; leaf; writing paper; letter; wing; blade of knife, etc.; decoration of body with sandal etc.; a vehicle (in general). पत्रिका पत्र; a letter.

पत्रिन् *adj.* (पत्री) पंखोंवाला; winged. *n.*– बाण; पक्षी; arrow; bird.

पथिकः यात्री; a traveller.

पथिन् *n.m.* (पन्थाः) मार्ग; सड़क; way; road. *com.* (–०) पथः [जैसे– राजपथः].

पथ्य रोगी के लिये लाभकर; सामान्य तथा अनुकूल; beneficial for a sick person; suitable in general.

पद् (दिवा. A. पद्यते) जाना; चलना; प्राप्त होना ['आ' के साथ–आपद्यते]; to go; to move; to obtain [with आ–आपद्यते]. *pp.*पन्न ['आ' के साथ आपन्न].

पदम् पैर; स्थान; ओहदा; कदम या लम्बाई का परिमाण; step; place; rank of authority; foot as a measure of length.

पदविः , -वी *f.* उपाधि; ओहदा; मार्ग; degree; status; way.

पदातः , पदातिः पैदल योद्धा; पैदल यात्रीः foot-soldier; a pedestrian. *syn.*पदातिन् (पदाती).

पदार्थः अर्थ; कोई भी वस्तु जिसका प्रकथन शब्द के द्वारा किया जा सके; meaning; anything which can be expressed by

power of word.

पद्धतिः, -ती *f.* मार्ग; विधि या कार्य करने का ढंग; a way; method of doing a work.

पद्मम् कमल; lotus. **पद्माकरः** कमलों से भरा सरोवर; (सामान्यतया) सरोवर; a pond full of lotuses; pond (in general).

पद्यम् पद-समूह जो छन्दःशास्त्र का अनुसरण करता है; a group of words following rules of prosody, verse.

पनसः कटहल; a bread fruit or jack tree. **पनसम्** कटहल का फल; a fruit of jack tree.

पन्न गिरा हुआ; fallen. **पन्नगः** साँप; snake. **पन्नगम्** सीसा; lead.

पयस् *neu.* (पयः) जल; दूध; water; milk. *made of* **पयस्य** दूध से बना; made of milk. *adj.* **पयस्वल** अधिक दूध देने वाला; yielding more milk.

पयस्विन् रस से भरा; दूधिया; juicy; milky.

पयोदः मेघ; cloud.

पयोधरः मेघ; स्त्री का स्तन; cloud; lady's breasts.

पयोनिधिः समुद्र; ocean.

पयोमुच् (पयोमुक्) मेघ; cloud.

पयोवाहः मेघ; cloud.

पर अन्य; दूर का; बाद का; बहुत अधिक; शत्रुतापूर्ण; अजनबी; other; distant; subsequent; to a great extent; full of enmity; stranger. **परः** पराया; शत्रु; alien; enemy.

परकीय पराया; alien.

परतः *ind.* दूसरे से; आगे; बाद; अन्यथा; भिन्न रूप में; from another; further; after; otherwise; differently.

परत्र *ind.* दूसरे लोक में; भविष्य में; in another world; in future.

परपुष्ट. कोकिल; Indian cuckoo. *syn.* **परभृतः**, **परपुष्टा**. *f.* **परभृता**.

परम् *ind.adv.* की अपेक्षा अधिक; बाद में; परन्तु; अन्यथा; अत्यधिक; सर्वथा; more than; afterwards; but; otherwise; excessively; at the utmost.

परम अत्यधिक; यथेष्ट; मुख्य; अत्यन्त दूर; exceeding; sufficient; supreme; most distant.

परमम् *ind.* स्वीकृतिसूचक अव्यय [अच्छा, ठीक है]; a particle of assent [well, very well].

परमा *ind.* यह समास के अन्त में लगकर 'अन्तिम सीमा' का अर्थ देता है [जैसे–कामोपभोगपरमा]; when used in the end of a compound it means the 'last limit' [such as कामोपभोगपरमा].

परमात्मन् (*m.* परमात्मा) ब्रह्म; the Supreme God.

परमेश्वरः सर्वशक्तिमान् ईश्वर; विष्णु, शिव, इन्द्र, इत्यादि परम ऐश्वर्यशाली; Almighty God; an epithet of Viṣṇu, Śiva, Indra, etc. who have utmost supremacy.

परमेष्ठिन् (परमेष्ठी) ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गरुड़, अग्नि इत्यादि; कोई आध्यात्मिक गुरु; Brahmā, Viṣṇu, Maheśa, Garuḍa, Agni, etc.; any spiritual teacher.

परम्परा *f.* निरन्तर चलने वाली शृंखला; uninterrupted series.

परशुः कुल्हाडी; एक अस्त्र; an axe; a weapon.

परश्वधः, -स्वधः लड़ने की कुल्हाड़ी, फरसा; a battle axe.

परस् (*ind.* परः) आगे; और आगे; beyond; further. [इसका प्रयोग अधिकतर किसी अन्य शब्द के साथ होता है; it is mostly used with some other word such as परः पुरुषः].

परस्पर *adj.* आपस; mutual [परस्परम्,

परस्परेण, परस्परे इन शब्दों का प्रयोग मुहावरे के रूप में होता है; these words are used in acc., intr. and loc. as idiom in the sense 'mutually'].

परा *ind.* एक उपसर्ग जो क्रिया या संज्ञा के पहले लगकर दूर, एक ओर, पीछे, की ओर इत्यादि अर्थ देता है; it is a prefix to verbs or nouns meaning away, aside, back, towards, etc.

पराक्रमः बहादुरी; विरोधी की ओर अभियान; प्रयत्न; bravery; marching against enemy; enterprise.

परागः धूल; फूलों की रज या केसर; ग्रहण; dust; pollen of flowers; eclipse.

पराच् (पराक्), -श्च, -ची *f.* मुड़ा हुआ; विपरीत; उपेक्षा करने वाला; दूसरी ओर स्थित; turned away; adverse; averse; situated on the other side.

पराजयः हार; defeat. *adj.* पराजित हारा हुआ; defeated.

पराभवः पराजय; अपमान; defeat; humiliation. *f.* पराभूतिः

परामर्शः विचार करना; राय लेना; खींचना; विघ्न; consideration; consultation; drawing; hindrance.

परामृष्ट विचार किया हुआ; पकड़ा गया; दुर्व्यवहार किया गया; considered; seized; misbehaved.

परायण पूर्ण रूप से लगा हुआ; solely devoted to. *n.* **परायणम्** मुख्य उद्देश्य; अन्तिम सहारा; main aim; last resort.

परार्थम्, परार्थे *ind.* दूसरे के लिये; for the sake of another.

परार्धम् दूसरा आधा भाग; सबसे बड़ी संख्या; the second half; the greatest number [१० करोड़ अरब १000,000,000,000,000,000].

परावर्तः पीछे मुड़ना; वापसी; अदल-बदलः turning back; retreat; exchange.

परासुः मरा हुआ; dead.

परास्त हराया हुआ; फेंका या निकाला हुआ; defeated; thrown away or turned out.

पराहत पछाड़ा हुआ; repelled.

परि *pre.* I. [धातुओं और उनसे बने शब्दों के साथ; with verbs and words derived from them] चारों ओर; around (जैसे–परिव्रजति). II. [क्रिया से असंबद्ध केवल संज्ञा शब्दों के साथ; with only nouns not connected with verbs] बहुत अधिक; very much (जैसे–पर्यश्रु). III. [अव्यय पृथक् रूप में कर्म के साथ; indeclinable with acc.] की ओर; towards (जैसे–वृक्षं परि); क्रमशः; successively (जैसे–वृक्षं वृक्षं परि); भाग्य में; in one's lot (जैसे–यन्मां परि). IV. [अपादान के साथ; with ablative] सिवाय; exception (जैसे–परि हरेः); बाद में; after (जैसे–संसारात् परि). V. [अव्ययीभाव समास में पहले लगकर; prefixed in adverbial compound] बिना; के बाहर; except; out of. इस समास में जुआ, शलाका या संख्यावाचक से बाद में लगकर पराजय का अर्थ देता है जैसे– 'एकपरि' = एक से पराजय; at the end of this compound with अक्ष, शलाका or numerals it means defeat such as एकपरि = defeated by one.

परिकथा *f.* साहसिक कार्यों की काल्पनिक कथा; a fabulous story of adventures.

परिकरः अनुचर वर्ग; संग्रह; आरम्भ; कमर का वस्त्र; group of followers or attendants; collection; commencement; waist band.

परिकल्पनम्, -ना *f.* निश्चय करना, कल्पना से नया रूप देना; deciding; giving a new shape by imagination.

परिक्रमः भ्रमण; प्रदक्षिणा करना; roaming

about; a reverential walking around an object of worship.

परिक्षय: ह्रास; बर्बादी; नाश; decay; ruin; destruction.

परिक्षाम दुबला; thin and lean.

परिक्षिप्त बखेरा गया; घेरा हुआ; फैलाया हुआ; छोड़ा हुआ; scattered; surrounded; over spread; abandoned.

परिक्षीण घटाया हुआ; थका हुआ; बर्बाद हुआ; decreased; exhausted; destroyed.

परिखा *f.* खाई; किले के चारों ओर की नाली; trench; moat.

परिखातम् खाई; moat.

परिखेद: थकान; fatigue.

परिगणनम् पूरी गिनती करना; complete enumeration.

परिगत समझा अथवा याद किया हुआ; प्राप्त किया हुआ; घेरा हुआ; फैलाया हुआ; भरा हुआ; understood or remembered; obtained; encircled; spread; filled.

परिग्रह: पकड़ना; घेरना; पहनना; स्वीकार करना; विवाह; पत्नी; seizing; surrounding; putting on; accepting; marriage; wife.

परिघ: दरवाज़े को बन्द करने के लिये लोहे या लकड़ी की छड़ या अर्गला; लोहे की गदा; an iron or wooden bar for locking or shutting a gate; an iron club.

परिचय: जान-पहिचान; एकत्र करना; अभ्यास; acquaintance; heaping up; practice. *f.*परिचिति:. *adj.* **परिचित**.

परिचर: सेवक; servant.

परिचर्चा सामान्य बातचीत; अफवाह; general talk; rumour.

परिचर्या सेवा; पूजा; service; worship.

परिचार: सेवा; टहलना; टहलने का स्थान; service; taking a walk; a place for walking.

परिचारक: सेवक; a servant.

परिचित see परिचय:.

परिच्छद् सामग्री; अनुचर वर्ग; paraphernalia; retinue.

परिच्छद: आवरण; पोशाक; साज सामान; नौकर-चाकर; cover; garments; paraphernalia; attendants.

परिच्छित्ति: *f.* अलग-अलग करना; ठीक परिभाषा; discriminating one thing from the other; accurate definition.

परिच्छिन्न काटा हुआ; किसी नियम के द्वारा सीमित किया हुआ; किसी तत्त्व से युक्त; divided; circumscribed and limited by a rule; endowed with some substance.

परिच्छेद: उचित अनुचित का विभाजन; निश्चय करना; यथार्थ परिभाषा; किसी रचना का अध्याय; dividing right and wrong separately; ascertaining; accurate definition; chapter of a book.

परिजन: नौकर-चाकर; servants.

परिणद्ध बंधा हुआ; विशाल; bound or wrapped; broad.

परिणत बदला हुआ; पका हुआ; पचा हुआ; समाप्ति के निकट; transformed; ripen; digested; nearing the end. *n.f.*परिणति:.

परिणाम:, **परीणाम:** नतीजा; परिवर्तन; result; change.

परिणाह:, **परीणाह:** घेरा; विस्तार; circumference; extent.

परिणीत विवाहित; married.

परिणेतृ (*m.sub.* परिणेता) पति; hus-

band.

परितस् (*ind.* परितः) चारों ओर; all around [यह अधिकतर द्वितीया के साथ आता है; it is generally used with acc.].

परितापः पीड़ा; शोक; जला देने वाली गरमी; pain, agony; sorrow; scorching heat.

परितुष्ट पूर्णरूप से संतुष्ट; completely satisfied. *n.*परितोषः. *f.*परितुष्टिः. *caus.neu.*परितोषणम् संतुष्ट करना; to satisfy.

परित्यक्त छोड़ा हुआ; abandoned.

परित्यागः छोड़ देना; giving up.

परित्राणम् रक्षा करना; protection.

परित्रासः अत्यन्त भय; a great terror.

परिदानम् विनिमय; barter.

परिदाहः जलन; व्यथा; burning; pain.

परिदेवः विलाप करना; wailing. *neu.*परिदेवनम्.

परिधा (परि+धा जुहो. U. परिदधाति, परिधत्ते) पहनना, धारण करना; to put on. *pp.*परिहितम्.

परिधानम्, परीधानम् पहनने के वस्त्र; वस्त्रों का पहिनना; garments; putting on garments.

परिधिः घेरा; मेड़; दीवार; क्षितिज; यज्ञ की समिधायें जो यज्ञकुण्ड के चारों ओर रक्खी जाती हैं; surrounding; fence; wall; horizon; wood pieces placed around a religious sacrifice fire hole.

परिधूसर बिल्कुल भूरे; quite grey.

परिधेयम् नीचे पहनने का वस्त्र; an undergarment.

परिध्वंसः विनाश; बरबादी; disaster; destruction.

परिनिर्वाणम् अन्तिम रूप से बुझ जाना; अन्तिम रूप से मोक्ष प्राप्ति; final extinction; final emancipation.

परिनिष्ठा *f.* पूर्ण ज्ञान; किसी कार्य की पूर्ण रूप से निष्पत्ति; complete knowledge; complete accomplishment of a work. *pp.*परिनिष्ठित भली भाँति निश्चित; well decided.

परिपक्व भलीभाँति पका हुआ; प्रौढ़; quite ripe; fully mature.

परिपन्थिन् *adj.* विरोधी; opposite.

परिपाकः पूरी तरह पकना; पूर्णरूप से पचना; परिणाम; fully ripen; complete digestion; result.

परिपाटिः, -पाटी *f.* ढंग; रीति; व्यवस्था; method; manner; order.

परिपालनम् भलीभाँति भरण पोषण; भलीभाँति आज्ञा का पालन करना; upbringing in a good way; complete obedience.

परिपीडनम् कसकर निचोड़ना; हानि पहुँचाना; कष्ट देना; squeezing by pressing; doing harm; hurting.

परिपूत बिल्कुल साफ़; पूर्ण रूप से भुस से अलग किया हुआ; completely purified; totally freed from chaff.

परिपूर्ण पूर्ण रूप से भरा हुआ; totally full.

परिपृच्छा *f.* पूछताछ; enquiry.

परिपोषणम् भरण-पोषण; nourishing or feeding.

परिप्लवः जलप्लावन; नाव; inundation; boat.

परिप्लुष्ट जला हुआ; burnt.

परिबर्हः, -वर्हः नौकर-चाकर; सजा सजाया घर और उसका सामान; सम्पत्ति; retinue; furnished house and its goods; wealth.

परिबृंहित बढ़ाया हुआ; increased. *n.*परिबृंहणम्.

परिभवः, परीभवः अपमान; प्रतिष्ठानाश; insult; degradation in respect.

परिभाषा *f.* असाधारण विशेषता बतलाने वाली शब्दावली; निन्दा; व्याख्यान; definition; blame; discourse.

परिभुग्न झुका हुआ; bent.

परिभूतिः *f.* तिरस्कार; humiliation.

परिभोगः उपभोग; अवैध उपयोग; enjoyment; illegal use.

परिभ्रंशः गिरना; falling.

परिमर्दः, -मर्दनम् रगड़ना; पीसना; rubbing; grinding.

परिमाणम्, परीमाणम् नाप; measure.

परिमार्जनम् मांजकर साफ़ करना; दोषों को दूर करना; cleaning by rubbing; removing defects.

परिमित सीमित; limited. *n.f.*परिमितिः सीमा; limit.

परिमृष्ट धोकर साफ़ किया हुआ; आलिंगन किया हुआ; फैला हुआ; cleaned by washing; embraced; spread.

परिमेय *w.d.* सीमित; थोड़े; limited; a few.

परिम्लान *pp.* मुर्झाया हुआ; fainted.

परिरम्भः, परीरम्भः आलिंगन; embracing.

परिवर्तः, परीवर्तः घूमना; करवट बदलना; अदला-बदली; दुहराना; revolving; changing of sides; barter; repetition.

परिवर्तनम् बदलाव; इधर-उधर घूमना; change; moving to and fro.

परिवहः वायु का एक मार्ग जिससे सप्तर्षि मण्डल घूमता है; a course of wind by which Saptarsis move.

परिवादः, परीवादः निन्दा; कलंक; blame; scandal; stigma. *sub.*परिवादकः. *adj.*परिवादिन् (परिवादी)

परिवारः, परीवारः म्यान; ढक्कन; खानदान; नौकर-चाकर; sheath; cover; family; retinue.

परिवारित घिरा हुआ; रोका हुआ; surrounded; warded off.

परिवेत्तृ *m.* (परिवेत्ता) बड़े से पहले ब्याहा छोटा भाई; younger brother married before elder. *syn.*परिवेदकः. *n.* **परिवेदनम्** बड़े से पहले छोटे के विवाह का कार्य; act of marriage of younger brother before elder. **परिवित्तिः** बड़ा भाई जिसके पहले छोटे का विवाह हो गया हो; elder brother before whom younger has been married. *f.* **परिवेदिनी, परिवेदनीया** बड़े से पहले ब्याहे छोटे भाई की पत्नी; wife of younger brother who has been married before elder brother.

परिवेषः, परीवेषः, -शः भोजन परोसना; मण्डल; waiting at meals; circle.

परिव्रज्या *f.* संन्यासी होकर इधर-उधर घूमना; wandering from place to place as an ascetic. *sub.*परिव्राजकः.

परिशिष्ट बचा हुआ; remaining. **परिशिष्टम्** बचे अंश का पूरक; supplement.

परिशेषः बचा हुआ; उपसंहार; remainder; conclusion.

परिशोधः, -शोधनम् शुद्ध करना; चुकाना; purifying; clearing or paying off.

परिश्रमः थकावट; लगातार उद्योग करना; fatigue; constant labour.

परिषद् सभा; an assembly.

परिष्कण्ण, -न्न दूसरे द्वारा पालित; fostered by others.

परिष्करः, -कारः संस्कारों द्वारा पवित्र करना; भोजन बनाना; सजाना; purification by rites; cooking; decorating. *adj.*परिष्कृत. *f.*परिष्क्रिया. *syn.*परिस्कारः.

परिष्पन्दः, -स्पन्दः धड़कन; शृंगार; throbbing; decorating.

परिष्वङ्गः भेंटना, embracing.

परिसङ्ख्या *f.* गणना; पूर्ण संख्या; बहुतों में कुछ को सीमित करने का नियम; enumeration; total number; rule of restricting a few among many.

परिसर: पर्यन्त भूमि; पड़ोस; किनारा; environs; neighbourhood; border.

परिसर्प: इधर-उधर घूमना; going or moving about.

परिस्फुरणम् कंपकंपी; कली का खिलना; quivering; budding.

परिस्रुत् *f.* एक प्रकार की मादक शराब; a kind of intoxicating liquor.

परिहरणम् छोड़ना; कतराना; leaving; avoiding.

परिहास:, परीहास: हंसी उड़ाना; joking.

परिहृत टाला हुआ; खण्डन किया हुआ; avoided; refuted.

परीक्षक परीक्षा लेने वाला; examiner. *n.***परीक्षणम्** परीक्षा लेना; examining. *f.***परीक्षा** इम्तहान; examination. *adj.***परीक्षित** जिसकी परीक्षा ली गई हो; who has been examined.

परीत घिरा हुआ; व्यतीत; भरा हुआ; surrounded; seized; filled with.

परुष कठोर; कड़ा; क्रूर; रूखा; hard; severe; cruel; rough.

परे *ind.* बाद में; भविष्य में; उसके पश्चात्; afterwards; in future; thereupon.

परेत मरा हुआ; deceased.

परेण *ind.* आगे; अपेक्षाकृत अधिक; इसके पश्चात्; के बाद; further; more than; afterwards; after.

परोक्ष जो दिखलाई न दे; invisible.

पर्जन्य: मेघ; cloud.

पर्ण् (चुरा. U. पर्णयति, -ते) हराभरा करना; to make green. **पर्णम्** पत्ता; पंख; a leaf; feather.

पर्द् (भ्वा. A. पर्दते) पादना; to break the wind; to fart. *n.***पर्द:** .

पर्यङ्क: पलंग; योग का एक आसन; bed; a posture of Yoga.

पर्यटनम् घूमना; wandering about.

पर्यनुयोग: खण्डन करने के उद्देश्य से पूछताछ; enquiry for refuting.

पर्यन्त तक फैला हुआ; extending upto.

पर्यन्तिका *f.* नैतिक पतन; moral turpitude.

पर्यवसानम् समाप्ति; end. *pp.***पर्यवसित** समाप्त; finished.

पर्यस्त बिखेरा गया; घेरा गया; कम किया हुआ; scattered; surrounded; diminished.

पर्याकुल भयभीत; किसी भावना से भरा हुआ; उद्वेग; अव्यवस्थित; frightened; full of excitement; agitated; disordered.

पर्याणम् जीन, काठी; a saddle.

पर्याप्त काफी; enough.

पर्याय: क्रम; समानार्थक शब्द; बारी; चक्कर लगाना; regular order; synonymn; turn; going round.

पर्यालोचनम्, -ना *f.* समीक्षा; विचार; पहिचानना; criticism; mature thinking; recognition.

पर्युदस्त निकाला हुआ; आपत्ति किया गया; excluded; objected.

पर्युषणम् पूजा; worship.

पर्युषित बासी; stale.

पर्वत: पहाड़; mountain.

पर्वन् *neu.* (पर्व) गांठ; अवयव; उत्सव या त्योहार; पूर्णमासी या अमावस्या; जीने की सीढ़ी; पुस्तक का भाग; a knot; limb; festival; last day of both the fortnights; step of a staircase; part of a book.

पर्षद् सभा; an assembly.

पलम् मांस; एक तौल; समय का एक भाग; flesh; a measure; a particular

measure of time.

पलाण्डु: *n.m.neu.* प्याज; an onion.

पलायित भागा हुआ; fled, retreated.

पलाश: ढाक का पेड़; name of a Ḍhāka tree. पलाशम् ढाक वृक्ष का फूल; flower of Ḍhāka tree.

पलिक्नि, -क्नी सफ़ेद बालों वाली बूढ़ी स्त्री; पहली बार ब्याई गाय; grey haired old woman; a cow with calf in her womb for the first time.

पलित सफ़ेद बालों वाला वृद्ध; an old man with grey hair. पलितम् बुढ़ापे के कारण उत्पन्न हुई बालों की सफ़ेदी; greyness of hair due to old age.

पल्लव:, -वम् अंकुर; कोंपल; sprout; blossom.

पल्वलम् छोटा तालाब; a small pool.

पवन: वायु; air. पवनम् पवित्र करना; कुम्हार का आंवा; चलनी; purification; potter's kiln; sieve. पवनभुक्, पवनाशन: सर्प; a snake. *f.*पवनी झाड़ू; a broom.

पवमान: वायु; air.

पवि: इन्द्र का वज्र: the thunderbolt of Indra.

पवित्र शुद्ध; पाक; sacred; pious.

पशु: जानवर; मवेशी; an animal; cattle.

पश्चात् *ind.* बाद में; पीछे की ओर; afterwards; behind.

पश्चार्ध: पिछला आधा भाग; hinder half-part.

पश्चिमा *f.* पश्चिम दिशा; the west.

पश्यन्ती *f.* वेश्या; मन में ही प्रतीत होने वाली लोक व्यवहार रहित वाणी; a harlot; speech felt in mind only and not utilized in behaviour.

पा (भ्वा. P. पिबति) पीना; to drink. *pp.*पीत. *n.*पानम्. *caus.*पाययति. (अदा. P. पाति) रक्षा करना; to protect. *pp.*पात. *caus.*पालयति.

पा (-०) पीने वाला; रक्षा करने वाला; drinking; protecting [such as सोमपः, भूमिपः].

पांसन:, -शन: (प्रायः -०) कलंकित करने वाला; defiling.

पांसु: धूल; dust. *adj.*पांसुल: धूल से भरा; full of dust. *f.*पांसुला रजस्वला स्त्री; व्यभिचारिणी; menstruous woman; an unchaste woman.

पाक: पकाना; पकना; पचना; परिणाम; cooking; ripening; digesting; result.

पाक्षिक पक्ष से संबद्ध; तर्क से संबद्ध; वैकल्पिक; एक ओर से संबद्ध; belonging to a fortnight; belonging to an argument; subject to an alternative; one-sided.

पाखण्ड: नास्तिक; an heretic.

पागल खराब दिमाग वाला; mad.

पाचक *sub.* पकाने वाला; पचाने वाला; cooking; digestive. *syn.*पाचन.

पाटच्चर: चोर; thief.

पाटनम् नष्ट करना; destroying.

पाटल गुलाबी; of pink colour. *n.*पाटल: गुलाबी रंग; pink colour. पाटलम् गुलाब की जाति का एक फूल; a flower of rose species. *f.*पाटला गुलाब की जाति का एक फूल; दुर्गा का एक नाम; a flower of rose species; an epithet of Durgā. पाटलि: गुलाब का फूल; rose flower.

पाटवम् निपुणता; cleverness.

पाटीर: चन्दन; रांगा; बादल; चलनी; sandal; tin; cloud; sieve.

पाठ: पढ़ना; किसी पुस्तक का मूल; recitation; text. *sub.*पाठक: पढ़ने वाला; पढ़ाने वाला; reader; teacher. *n.neu.*पाठनम् पढ़ाना; teaching.

पाठशाला विद्यालय; school.

पाणि: हाथ; hand.

पाण्डित्यम् विद्वत्ता; चतुराई; scholarship; cleverness.

पाण्डु *adj.* पीला-सफ़ेद; pale-white. पाण्डुः पीला-सफ़ेद रंग; पीलिया; pale-white colour; jaundice. पाण्डुर पीला सफ़ेद; yellow-white.

पात (*pp.* of पा) रक्षित; protected. पातः उड़ना; उतरना; नीचे गिरना; पतन; flying; alighting; falling down; downfall. पातित गिराया गया; cast down.

पातकः, -कम् पाप; sin.

पातालम् पृथ्वी के नीचे का लोक; world below the earth.

पात्रम् बर्तन; पीने का बर्तन-प्याला इत्यादि; किसी वस्तु को प्राप्त करने वाला; प्राप्त करने के लिये योग्य अधिकारी; pot; drinking pot-cup, etc.; recipient; a fit person to get gifts.

पाथस् (*neu.* पाथः) जल; water.

पाथेयम् यात्रा में भोज्य वस्तु; provision of food for journey, viaticum.

पादः पैर; किरण; पाया; चौथाई; पर्वत के नीचे का भाग; foot; ray; leg of an inanimate object; one fourth; foot of a mountain.

पादपः वृक्ष; tree.

पादातिः पैदल सैनिक; a foot-soldier. *syn.* पादातः.

पादुक *adj.* पैदल चलने वाला; a pedestrian. पादुका, -की *f.* खड़ाऊँ; wooden sandal.

पाद्य पैरों से संबन्धित; connected with foot. पाद्यम् पूजा या सत्कार में पैर धोने का जल; water for washing feet in worship or hospitality.

पानम् पीना; शराब पीना; पेय पदार्थ; चुम्बन (जैसे–मुखपान); drinking; to drink liquors; a drink or beverage; kiss.

पानकम् पेय; a drink. पानिकः शराब विक्रेता; vendor of liquor.

पानीयम् पानी; water.

पान्थः यात्री; a traveller.

पाप *adj.* पापी; sinful. पापम् बुरा कर्म; अपराध; sin; crime. पापिन् (*m.* पापी) पाप से युक्त; a sinful person. पापिष्ठ सबसे अधिक बुरा कर्म करने वाला; most sinful. *adj.* पापीयस् (*m.* पापीयान्; *f.* पापीयसी; *neu.* पापीयः) अपेक्षाकृत अधिक पापी; more vile. पाप्मन् (*m.* पाप्मा) पाप; sin.

पामन् (*m.* पामा) खुजली का रोग; a kind of skin disease.

पामर नीच; vile.

पामा see पामन्.

पायस *adj.* दूध या पानी से बना; made of milk or water. पायसः, पायसम् खीर; a sweet dish of rice and milk.

पायुः गुदा; anus.

पारः, पारम् नदी या किसी वस्तु का दूसरा किनारा; अन्तिम सिरा; अन्तिम सीमा; अधिकतम परिमाण; the opposite side of a river or anything else; the last corner; end of something; totality of anything.

पारक्य *adj.* पराया; alien.

पारणम् व्रत के बाद भोजन; to take some food in conclusion of fast.

पारतन्त्र्यम् पराधीनता; subjection.

पारदः पारा; mercury or quicksilver.

पारदारिकः व्यभिचारी पुरुष; an adulterer. *syn.* पारजायिकः.

पारमहंस्य सर्वोत्कृष्ट संन्यास वृत्ति; most sublime asceticism.

पारमित दूसरे किनारे पर गया हुआ; पार गया हुआ; gone to the opposite bank; traversed.

पारमेष्ठ्यम् उच्चतम पद; highest position.

पारम्पर्यम् परम्परा से प्राप्त क्रम; continuous order.

पारलौकिक परलोक से संबन्धित; relating to the other world.

पारावतः कबूतर; a pigeon.

पारावारीण दोनों छोर तक जाने वाला; पूर्णरूप से जानकार; one who goes to both sides; completely conversant.

पारिजातः स्वर्ग का एक वृक्ष; a tree of paradise.

पारिणाय्य विवाह संबन्धी; relating to marriage. **पारिणाय्यम्** विवाह में प्राप्त हुआ स्त्रीधन, दहेज; dowry.

पारिणाह्यम् घर की बर्तन इत्यादि सम्पत्ति; household materials such as utensils, furniture, etc.

पारितोषिकम् पुरस्कार; reward.

पारिपार्श्वम् अनुचर वर्ग; retinue.

पारिपार्श्वकः, पारिपार्श्विकः नाटक में सूत्रधार के सहायक; an assistant of the manager of play.

पारिप्लव डांवाडोल; tremulous. **पारिप्लवः** नाव; boat. **पारिप्लवम्** घबराहट; restlessness.

पारिबर्हः दहेज; dowry.

पारिभद्रः देवदारु या चीड़ का पेड़; नीम का पेड़; a pine tree; margosa tree.

पारिभाव्यम् जमानत; bail.

पारिभाषिक तकनीकी शब्द; technical word.

पारिमाण्डल्यम् अणु; सूर्य किरणों में विद्यमान रजकण; an atom; motes in sunrays.

पारिषद सभा सम्बन्धी; connected with assembly.

पारिषद्यः सभा में विद्यमान व्यक्ति; a person present in a meeting.

पारुष्यम् कठोरता; क्रूरता; hardness; cruelty.

पार्जन्य वर्षा-संबन्धी; connected with rain.

पार्थक्यम् पृथक्ता; separation.

पार्थिव मिट्टी का बना; पृथ्वी संबन्धी; earthen; connected with earth.

पार्यन्तिक अन्तिम; निर्णायक; final; conclusive.

पार्वण पर्व से संबन्धित; connected with Parva. **पार्वणम्** आश्विन मास में सभी पितरों का सामान्य श्राद्ध; general oblation to all manes in the month of Aśvina.

पार्वती *f.* पर्वत-पुत्री; दुर्गा; daughter of Himalaya; an epithet of Durgā.

पार्वतीय पहाड़ी; inhabitant of mountain.

पार्शवः कुठार के हथियार से युक्त योद्धा; a warrior armed with an axe.

पार्श्वः, पार्श्वम् पसबाड़ा; a part of body below armpit. *adv.* पार्श्वम् निकट; near to.

पार्षद् सभा; meeting.

पार्षदः साथी; सभा में उपस्थित; सेवक; a companion; one present in a meeting; a servant.

पार्ष्णिः *m.f.* एड़ी; सेना की पिछाड़ी; पिछला भाग; the heel; rear part of an army; back part.

पालयितृ (*m.* पालयिता) पालन-पोषण करने वाला; guardian. *syn.* पालकः

पालिः, -ली *f.* कान का सिरा; किनारा; सीमा; गोद; नितम्ब; बौद्ध ग्रन्थों की भाषा; the tip of the ear; edge; boundary; lap; buttocks; the language of Buddha canon.

पालित्यम् वृद्धावस्था के कारण बालों की सफ़ेदी; greyness of hair due to old age.

पावकः आग; fire.

पावन शुद्ध करने वाला; पवित्र; purifying;

sacred.

पाशः फंदा; बेड़ी; जाल; पांसा; cord; fetter; snare; a dice.

पाश्चात्य पिछला; पश्चिमी; hinder; western.

पाषण्डः, -खण्डः पाखण्ड; heretic, showiness.

पाषाणः पत्थर; stone.

पिकः कोयल; cuckoo.

पिङ्ग लालिमा लिये भूरे रंग वाला; reddish brown. पिङ्गः लालिमायुक्त भूरा रंग; a tawny colour. पिङ्गल लालिमा लिये भूरे रंग वाला; having reddish-brown colour.

पिचुः रुई; एक तौल जो १ तोले के लगभग होती है; cotton; a weight of near about one tolā.

पिच्छम् मोर की पूँछ; कलंगी; पूँछ का गुच्छा; the tail of a peacock; crest; feather of a tail.

पिच्छल चिपचिपा; पूँछ वाला; slimy; having a tail.

पिच्छिल फिसलन वाला; slippery.

पिञ्जर सुनहरा; gold-coloured. *n.neu.*पिञ्जरम् सोना; अस्थिपंजर; पिंजड़ा; gold; skeleton; cage.

पिटः संदूक; टोकरी; box; basket. पिटम् घर; house.

पिटकः, -कम् संदूक; टोकरी; छोटा फोड़ा; कैंसर; box; basket; small boil; ulcer.

पिण्ड ठोस; solid. पिण्डः, -डम् पिंडी; कौर; श्राद्ध में पितरों को दी जाने वाली चावलों की पिंडी; शरीर; मकान का छज्जा; हाथी का मस्तक; जोड़; प्रारम्भिक अवस्था में गर्भ; round mass; morsel; a round lump of rice offered to manes in Śrāddha; body; a shed in front of a house; forehead of an elephant; sum; foetus in first stage.

पिण्डकः, -का लौंदा; ग्रास; टांग की पिंडली; गाजर; लोबान; a lump; morsel; calf of the leg; carrot; incense.

पिण्डिः, पिण्डी गोला; टांग की पिंडली; पहिये की नाभि; ताड़ वृक्ष की एक किस्म; a ball; calf of the leg; nave of a wheel; a species of palm tree.

पितामहः बाबा; ब्रह्मा; grand-father; an epithet of Brahmā.

पितृ *m.* (पिता) पिता; माता-पिता; father; parent. *pl.*पितरः पूर्वज; forefathers. पितृक कुलक्रम से प्राप्त हुआ; ancestral. पितृव्यः चाचा; paternal uncle. पित्र्य पैतृक; paternal.

पित्तम् शरीर का एक तत्त्व; bile.

पिधानम् ढक्कन; म्यान; चादर; covering; sheath; wrapper.

पिधायक ढकने वाला; covering.

पिनद्ध ढका हुआ; जकड़ा हुआ; छिपाया हुआ; छिदा हुआ; covered; fastened; concealed; pierced.

पिनाकः, -कम् शिव का धनुष; the bow of Śiva. पिनाकिन् *m.* (पिनाकी) शिव; Śiva.

पिपासा प्यास; thirst. *pp.adj.*पिपासित प्यासा; thirsty. *adj.*पिपासु पीने की इच्छा करने वाला; wishing to drink.

पिपीलकः चींटा; a large black ant. *f.*पिपीलिका चींटी; an ant.

पिश् (तुदा. U. पिशति, -ते) सजाना; चमकाना; रंगना; to adorn; to brighten; to paint.

पिशङ्ग ललाई लिये भूरे रंग का; reddish brown.

पिशाचः एक प्रकार का राक्षस; a kind of devil, goblin.

पिशितम् मांस; flesh.

पिशुन सूचक; चुगलखोर; दुष्ट; indicating; backbiting; wicked.

पिष् (रुधा. P. पिनष्टि) पीसना; कुचलना; to grind, to crush.

पिष्ट (*pp.* of पिष्) पिसा हुआ; कुचला हुआ; ground; crushed. पिष्टक: , -कम् बाटी या रोटी; cake made of flour.

पिष्टिक: चावलों के आटे की टिकिया; cake made of rice flour.

पिहित ढका हुआ; covered.

पी (दिवा. A. पीयते) पीना; to drink. *pp.*पीतम्.

पीठम् आसन; वेदी; seat; an altar. *f.*पीठिका आधार; पुस्तक का खण्ड; आसन; base; a part of a book; seat.

पीड् (चुरा. U. पीडयति, -ते) सताना; दबाना; to harass; to press. *sub.*पीडक: पीड़ित करने वाला; an oppressor. *n.neu.*पीडनम् पीड़ित करना; oppressing. *n.f.*पीडा कष्ट; pain, trouble.

पीत (*pp.* of पा) पीया हुआ; पीला; drunk; yellow. पीतम् सोना; gold.

पीतकम् पीतल; केसर; अगर; चन्दन; brass; saffron; aloe wood; sandal wood.

पीन मोटा; अधिक; fat; excessive.

पीनस: जुकाम से उत्पन्न नाक का एक रोग; chronic rhinitis.

पीयूष: , -षम् अमृत; nectar.

पुंस् *m.* (पुमान्) पुरुष; a male. *f.*पुंश्चली व्यभिचारिणी स्त्री; unchaste woman. पुंस्त्वम् मर्दानगी; virility. पुंनाग: आदरणीय पुरुष; सफ़ेद हाथी; सफ़ेद कमल; नागकेसर; respected man; white elephant; white lotus; name of a tree called Nāgakesara. पुंसवनम् एक संस्कार जो गर्भ के तीसरे महीने में पुरुष सन्तान उत्पन्न करने के लिये किया जाता है; a purification which is performed in 3rd month of pregnancy to get a male issue.

पुच्छ: , पुच्छम् पूँछ; tail.

पुञ्ज: ढेर; a heap.

पुटकम् तह; प्याला; दोना; a fold; a cup; bowl made of leaf.

पुण्डरीकम् श्वेत कमल; white lotus.

पुण्ड्र: एक प्रकार का गन्ना, पौंडा; कमल; a kind of sugarcane; lotus.

पुण्य पवित्र; अच्छा; कल्याणकारी; sacred; good; lucky. पुण्यम् अच्छा कार्य; pious deed.

पुत्र: बेटा; son.

पुनर् *ind.* (पुन:) फिर; again.

पुप्फुस: फेफड़ा; the lungs.

पुर् *f.* (पू:) नगर; दुर्ग; city; fortress.

पुरम् नगर; दुर्ग; city, town; fortress.

पुरतस् *ind.* (पुरत:) सामने; आगे; in front of; in the presence of.

पुरन्दर: इन्द्र; an epithet of Indra.

पुरन्ध्रि: , -ध्री प्रौढ़ विवाहिता स्त्री; an elderly married woman.

पुरस् *ind.* (पुर:) सामने; in the presence of.

पुरस्कार: सामने रखना; प्राथमिकता; इनाम; placing before; preference; reward.

पुरस्तात् *ind.* सामने; पहले; in front of; before hand.

पुरा *ind.* पूर्वकाल में; थोड़े समय में; formerly; in a short time.

पुराण पुराना; क्षीण; पुरानी घटना; ancient; decayed; legend. पुराणम् पुराण-ग्रन्थ; the Purāṇas.

पुरातन पुराना; प्राचीन; old; ancient.

पुरि: नगर; town.

पुरिशय: शरीर में विश्राम करने वाला; आत्मा; reposing in the body; soul.

पुरी शहर; city.

पुरीतत् हृदय के निकट की एक विशेष नाड़ी; a vein near heart.

पुरीषम् विष्ठा; excrement.

पुरुषः, पूरुषः मनुष्य; आत्मा; man; soul. *f.***पुरुषता, पुरुषत्वम्** मर्दानगी; manhood. **पुरुषायितम्** स्त्री का पुरुषवत् आचरण करना; an act of woman as a man.

पुरोडाशः यज्ञ की चावलों से बनी आहुति; a sacrificial oblation of rice.

पुरोधानम् सामने रखना; placing in front.

पुरोधिका *f.* सबसे अधिक प्यारी पत्नी; most favourite wife.

पुरोभागः अनधिकृत प्रवेश; ईर्ष्या; दोष दर्शन; सामने का हिस्सा; intrusion; jealousy; fault finding; front portion.

पुरोहितः सामने रक्खा; कुल में नियुक्त व्यक्ति जो धार्मिक कार्यों का संचालन करता है; placed in front of; a man deputed in family for discharging religious duties.

पुलकः रोंगटे खड़े होना; bristling of hairs of the body. *pp.*पुलकित.

पुलिनः, -नम् किनारा; a bank.

पुष् (भ्वा. P. पोषति; दिवा. P. पुष्यति; क्र्या. P. पुष्णाति) पोषण करना; सहारा देना; खिलना; to nurture; to support; to unfold.

पुष्करम् नीला कमल; कमल; हाथी की सूंड का अग्रभाग; blue lotus; lotus; tip of an elephant's trunk. **पुष्करः** तालाब; मृदंग; pond; a drum.

पुष्कल अधिक; abundant.

पुष्ट (*pp.* of पुष्) पाला-पोसा हुआ; मोटा ताजा; nourished; fat. *n.f.*पुष्टिः. *n.neu.***पोषणम्**.

पुष्प् (दिवा. P. पुष्प्यति) खिलना; to bloom. *pp.*पुष्पित.

पुष्पम् फूल; a flower.

पुष्पिका *f.* पुस्तक में अध्याय की समाप्ति का निर्देशक वाक्य; a sentence indicating the conclusion of a chapter in a book [such as इति श्रीमहाभारते.... etc.].

पुष्पित खिला हुआ; flowered.

पुष्यः एक नक्षत्र; a star.

पुस्तम् मिट्टी या काठ का शिल्प कार्य (जैसे– खिलौने इत्यादि बनाना); पलस्तर करना; मिट्टी की बनी कोई वस्तु; working in a clay or wood (such as making of toys, etc.); to plaster; anything made of clay.

पुस्तकम् पोथी; a book.

पू (भ्वा. A. पवते; क्र्या. U. पुनाति, पुनीते) पवित्र करना; छानना; to purify; to cleanse or sieve.

पूगः ढेर; सुपारी; a heap; betel nut.

पूज् (चुरा. U. पूजयति, -ते) पूजा करना; सम्मान करना; to worship; to respect. *pp.*पूजित. *n.f.*पूजा. *n.neu.*पूजनम्.

पूज्य सम्मान के योग्य; worthy of respect.

पूत पवित्र किया हुआ; purified.

पूति *adj.* सड़ा हुआ; दुर्गन्धयुक्त; rotten; foul smelling.

पूपः पुआ; a sort of bread cooked in ghee.

पूयः, पूयम् पीव; pus.

पूर् (दिवा. A. पूर्यते) भरना; प्रसन्न करना; to fill; to please. *pp.*पूरित.

पूरः भरना; प्रवाह; नदी का चढ़ना; filling up; a stream; rising of a river. *adj.*पूरक.

पूरणम् ऊपर तक भरना; fulfilling. *f.* **पूरणी**. *adj.*पूरित भरा हुआ; filled.

पूरुषः see पुरुषः.

पूर्ण भरा हुआ; संपूर्ण; समाप्त; filled; whole; ended.

पूर्णिमा, पूर्णमासी *f.* पूरे चन्द्रमा वाला दिन; the day of full moon.

पूर्त पूरा; full. *n.*पूर्तम् पूर्णता; परोपकार के

कार्य [जैसे–कुआँ बनवाना इत्यादि]; fulfilment; pious act of liberality [such as providing well, etc.]. *f.*पूर्ति: पूर्णता; completion.

पूर्व पहला; अगला; प्राचीन; पूर्व दिशा की ओर; first; foremost; ancient; eastern. *f.*पूर्वा पूर्व दिशा; the east.

पूर्वक (–०) को पूर्ववर्ती बनाते हुये; preceded by.

पूर्वत्र *ind.* पहले; previously.

पूर्वतः *ind.* पूर्व में; पहले; in the east; beforehand.

पूर्वत्र *ind.* पहले; previously.

पूर्वार्धम्, पूर्वार्द्धम् पहला आधा; first half.

पूर्वेद्युस् *ind.* (पूर्वेद्युः) गत दिवस; on the former day, yesterday.

पूषन् *m.* (पूषा) सूर्य; the sun.

पृ (तुदा. A. प्रियते) काम में लगाना; व्यस्त होना [यह अधिकतर 'व्या' के साथ आता है जैसे–व्याप्रियते]; to engage into work; to be busy [it is generally used with व्या].

पृक्त मिश्रित; mixed.

पृक्थम् धन; wealth.

पृच्छकः पूछताछ करने वाला; inquirer. *n.f.*पृच्छा पूछना; questioning.

पृतना सेना; an army.

पृथ् (चुरा. U. प्रथयति,-ते) विस्तार करना; फेंकना; भेजना; to spread; to throw; to send.

पृथक् *ind.* अलग; छोड़कर [कर्म, करण या अपा. के साथ]; separately; excepting [used with acc., intr. or ablative].

पृथिवी भूमि; the earth.

पृथु *adj.* विशाल; broad.

पृथुकः बच्चा; a child.

पृथुल विशाल; broad.

पृथ्वी भूमि; the earth.

पृदाकुः बिच्छू; सांप; बाघ; चीता; वृक्ष; हाथी; a scorpion; serpent; tiger; panther; tree; an elephant.

पृश्नि छोटा; कोमल; small; tender. **प्रश्निः** प्रकाश की किरण; पृथ्वी; नक्षत्रों से भरा आकाश; ray of light; the earth; sky full of stars [it is also written as पृष्णिः].

पृषत् बूंद; a drop.

पृषतः चित्तीदार हिरण; पानी की बूंद; धब्बा; वायु; spotted antelope; a drop of water; mark; air.

पृषत्कः बाण; an arrow.

पृषोदरः वायु; air.

पृष्ट पूछा हुआ; asked.

पृष्टिः पूछताछ; enquiry.

पृष्ठम् पीठ; पुस्तक का पन्ना; the back; page of a book.

पृष्णिः *f.* एड़ी; the heel.

पेटकः, -कम् पेटी; सन्दूक; a basket; a box. *f.*पेटिका, **पेटी** छोटा थैला; टोकरी; a small bag; a basket.

पेलव कोमल; क्षीण; delicate; lean.

पेशल, -षल, -सल कोमल; soft.

पेय पीने योग्य; drinkable. **पेयम्** पीने का कोई पदार्थ; मद्य; a drink; beverage.

पेशिः, -शी *f.* मांस-पिण्ड; muscle.

पेषणम् पीसना; सिलबट्टा या पीसने का कोई साधन; grinding; stone and muller or grinder.

पैतृक पिता-संबन्धी; पिता से प्राप्त; relating to father; obtained from father.

पैशाच पिशाच या राक्षस संबन्धी; demoniacal. *syn.***पैशाचिक**, *f.***पैशाचिकी**.

पोगण्ड जो वयस्क न हुआ हो; a young, not adult. **पोगण्डः** ५ से १५ साल तक की आयु वाला; a boy from 5 to 15 years of age.

पोटक: नौकर; servant.

पोटा मरदानी स्त्री; a masculine woman having beard or other features of man.

पोत: किसी जानवर का बच्चा; जहाज; the young of an animal; a ship.

पोत्रम् सुअर की थूथन; नाव; जहाज; the snout of a boar; a boat; ship.

पोष: पोषण; nourishment. *syn.* **पोषणम्**.

पोष्य पोषण करने योग्य; to be nourished.

पौंश्चल्यम् वेश्यापन; harlotry. **पौंश्चलीयम्** वेश्याओं से संबन्धित; related to harlots.

पौंस्न मर्दाना; manly. **पौंस्नम्** मर्दानगी; manhood.

पौगण्डम् बचपन (५ से १६ तक की आयु); childhood (age between 5 and 16 years).

पौण्ड्र: पौंडा; a kind of sugarcane. *syn.*पौण्ड्रक: , पौण्ड्रिक: .

पौत्र: पोता; a grandson (son's son.).

पौनरुक्त्य आवृत्ति या कही बात का अनावश्यक रूप में दुबारा कहना; useless repetition.

पौनर्भव: पुनर्विवाहित विधवा का पुत्र; son of a remarried widow.

पौर किसी नगर से संबन्ध रखने वाला; connected with some city. **पौर:** शहरी; citizen.

पौरस्त्य पूर्वी; प्रमुख; पहला; eastern; foremost; first.

पौराण पुराण से संबन्धित; related with Purāṇas. *syn.*पौराणिक.

पौरुषम् वीरता; प्रयत्न; virility; effort.

पौरोभाग्यम् दोष-दर्शन; ईर्ष्या; fault-finding; jealousy.

पौरोहित्य कुल पुरोहित का पद; the office of a family priest.

पौर्वापर्यम् पहले और बाद का संबन्ध; उचित क्रम; the relation of prior and posterior; proper order.

पौष: एक चान्द्रमास जो जनवरी के आसपास पड़ता है; a lunar month which falls near about January.

पौष्टिक पोषण करने वाला; शक्तिवर्धक; nutritious; invigorating.

प्याय् (भ्वा. A. प्यायते) फूलना; बढ़ना; to grow; to swell. *pp.*प्यायित.

प्यै (भ्वा. A. प्यायते) बढ़ना; समृद्ध होना; to grow; to become exuberant. *n.*प्यायनम्. *pp.*प्यायित.

प्र pre. I.[धातुओं से लगकर; with verbal roots] आगे; आगे का; दूर; forward; in front; away. II.[विशेषणों के साथ; with adjectives] अत्यन्त; very much. III.[संज्ञा के साथ; with nouns] आरम्भ = beginning (प्रयाण); शक्ति = power (प्रभु); तीव्रता = intensity (प्रवाद); स्रोत = source (प्रभव); पूर्ति = completion (प्रभुक्तम्); वियोग = separation (प्रोषिता); श्रेष्ठता = excellence (प्राचार्य:); पवित्रता = purity (प्रसन्नं जलम्); अभिलाषा = desire (प्रार्थना); सम्मान = respect (प्राञ्जलि:) प्रमुखता = prominence (प्रवाल).

प्रकट जाहिर; evident. *ind.*प्रकटम् साफ़तौर से; clearly. *n.*प्रकटनम्. *p.p.* प्रकटित.

प्रकम्प: कांपना; trembling. *neu.* प्रकम्पनम्.

प्रकर: ढेर; a heap.

प्रकरणम् विषय; पाठ; प्रस्तावना; subject; chapter; prologue.

प्रकरी एक छोटा कथानक जो नाटक में मुख्य कथा के साथ प्रासंगिक रूप में आता है; a small interlude in drama which helps the main theme to proceed further.

प्रकर्ष: श्रेष्ठता; अधिकता; विस्तार; excellence; intensity; extension.

प्रकर्षणम् खींचना; खेत जोतना; लम्बाई; श्रेष्ठता; act of drawing; ploughing; extension; excellence.

प्रकल्पनम् निश्चय करना; कल्पना करना; settling; devising. *f.*प्रकल्पना. (*pp.* of कृल्प) **प्रकल्पित**.

प्रकाण्ड श्रेष्ठ; best. *n.m.*प्रकाण्ड:. *n.neu.*प्रकाण्डम् तना; शाखा; trunk; a branch.

प्रकामम् *adv.* पूरी तरह; to one's satisfaction.

प्रकार: तरीका; variety.

प्रकाश: रोशनी; light. *adj.*– उज्ज्वल; brilliant. *adv.*प्रकाशम् सार्वजनिक रूप में; publicly. *sub.*प्रकाशक प्रकाशित करनेवाला; the publisher. *n.*प्रकाशनम् प्रकाशित करना; publication. (*pp.* of काश्) **प्रकाशित** छापा गया; published.

प्रकृतम् चर्चा का मुख्य विषय; main topic of discussion.

प्रकृतिः *f.* स्वाभाविक स्थिति; जड जगत्; स्वभाव; मूल स्रोत; मूल शब्द या धातु जिससे प्रत्यय किया जाये; जननेन्द्रिय; प्रजा; राज्य के अंग; natural condition; inanimate world; temper; primary source; the word or root which is enjoined with a suffix; genetic organ; the subjects of a king; the constituents of a kingdom.

प्रकृष्ट खींचा हुआ; श्रेष्ठ; मुख्य; drawn forth; superior; chief.

प्रकोष्ठ: कलाई; फाटक के निकट का कमरा; आंगन; fore-arm; a room near the gate; courtyard.

प्रक्रम: कदम; प्रस्तुत बात; प्रारम्भ; क्रम; a step; the case in question; commencement; order. *adj.*प्रक्रान्त प्रारम्भ किया गया; begun.

प्रक्रिया रीति; संस्कार; अध्याय का एक भाग; conduct; rite; a section of a chapter.

प्रक्लिन्न गीला; wet.

प्रक्षरणम् धीरे-धीरे टपकना; trickling out.

प्रक्षालनम् धोना; washing.

प्रक्षिप्त बीच में डाला गया; interpolated.

प्रक्षीण मुर्झाया हुआ; decayed.

प्रक्षेपणम् फेंकना; casting. *m.*प्रक्षेप:.

प्रक्ष्वेडन हल्ला-गुल्ला; hubbub. *adj.* **प्रक्ष्वेडित**.

प्रखर तेज; कठोर; रूखा; अत्यन्त गरम; sharp; hard; rough; very hot.

प्रख्य (-०) स्पष्ट; clear. *n.*प्रख्या यश; fame. *adj.*प्रख्यात प्रसिद्ध; celebrated.

प्रगल्भ बोलने में निपुण; साहसी; हाजिर जवाब; eloquent; bold; prompt.

प्रगाढ दृढ़; अत्यधिक; तीव्र; डुबोया हुआ; firm; excessive; intense; dipped.

प्रगुण खरा; ईमानदार; अधिक गुणों वाला; योग्य; upright; honest; having excellent qualities; worthy.

प्रगृहीत ग्रहण किया हुआ या पकड़ा हुआ; प्राप्त; held forth; received.

प्रगृह्यम् व्याकरण में संधि के नियमों से मुक्त; not liable to the rules of 'Sandhis' in grammar.

प्रगे *ind.* प्रातः काल होते ही; early in the morning.

प्रग्रह: रास या लगाम; ग्रहण लगना; पकड़ना; रोकथाम; कैदी; a rein or bridle; the beginning of an eclipse; holding out; restraint; prisoner.

प्रघण:, **प्रघाण**: देहली; दरवाजे के बाहर की ड्योढ़ी; threshold; portico.

प्रघस पेटू; voracious. **प्रघस**: राक्षस; खाऊपन; demon; voracity.

प्रघुण: मेहमान; guest. *f.*प्राघुणिका.

प्रचण्ड उग्र; क्रुद्ध; मज़बूत; असह्य; violent; furious; strong; intolerable.

प्रचय:, **प्रचाय:** संग्रह करना; वृद्धि; collecting; growth. *adj.*प्रचित.

प्रचार: किसी बात का फैलाना; विचरण करना; to spread something; wandering about.

प्रचुर अधिक; abundant.

प्रचेतस् (प्रचेता:) जल के देवता वरुण; an epithet of Varuṇa, the deity of water.

प्रच्छ् (तुदा. P. पृच्छति) पूछना; to ask. *pp.*पृष्ट.

प्रच्छद: आवरण; चादर; a wrapper; bedcover.

प्रच्छन्न ढका हुआ; गुप्त; covered; hidden.

प्रच्छायम् सघन छाया वाला स्थान; a place with dense shade.

प्रच्युत गिरा हुआ; भटका हुआ; fallen off; strayed.

प्रजननम् गर्भाधान; प्रसव; जननेन्द्रिय; वीर्य; conception in the womb; delivery; male or female organ of generation; semen.

प्रजा सन्तान; राज्य की जनता; offspring; subjects.

प्रजागर: निद्रा का अभाव; sleeplessness.

प्रज्ञ अधिक ज्ञान वाला; learned. *n.*प्रज्ञा बुद्धि; विवेक; intellect; wisdom.

प्रणति: प्रणाम; अभिवादन; bow; salutation. *adj.*प्रणत.

प्रणय: प्रेम; अभिलाषा; कृपा; प्रार्थना; love; longing; favour; request.

प्रणयनम् लाना; पालन करना; लिखना या रचना करना; दण्ड का आदेश देना; bringing; carrying out; writing or composing; sentencing.

प्रणव: ओंकार; a sacred syllable of 'Om'.

प्रणाम: झुकना; नमस्कार करना; to bow; to salute.

प्रणिधानम् नियुक्त करना; धार्मिक मनन; महान प्रयत्न; चिन्तन; employing; religious meditation; great effort; contemplation.

प्रणिधि: गुप्तचर; अनुचर; निवेदन; गुप्तचर भेजना; a spy; an attendant; solicitation; sending out a spy.

प्रणिपतनम् पैरों पर गिरना; विनती; falling at one's feet; obeisance.

प्रणिहित फैलाया हुआ; सन्देशवाहक के रूप में नियुक्त; स्थापित; stretched forth; appointed as a messenger; laid on.

प्रणीत रचित; प्रस्तुत; लाया गया; भेजा गया; composed or brought to existence; presented; brought; sent.

प्रणुन्न भगाया हुआ; driven out.

प्रणेतृ (प्रणेता) नेता; निर्माता; पुस्तक का रचयिता; a leader; a creator; writer of a book.

प्रणेय शिक्षा दिये जाने योग्य; worthy to be guided.

प्रतनु *adj.* दुबला; सुकुमार; बहुत थोड़ा; नगण्य; thin; tender; very small; trifling.

प्रतान: अंकुर; भूमि पर फैलने वाला पौधा; टहनियां; विस्तार; a shoot; a creeper; branches; expanse.

प्रताप: अत्यन्त गर्मी; शान; यश; वीरता; a great heat; dignity; glory; valour.

प्रतारणम् धोखा देना; deceiving. *f.*प्रतारणा. *sub.*प्रतारक. *pp.*प्रतारित.

प्रति *ind.pre.* [धातु के साथ; with verbs] की ओर; के विरुद्ध; तुलना में; वापस; towards; against; in comparison with; back. [कृदन्त-भिन्न संज्ञाओं के साथ;

with nouns other than कृदन्त] समानता; स्पर्धा; likeness; rivalry. [स्वतन्त्ररूप में; as an independent word] की ओर; विरुद्ध; तुलना में; निकट; प्रत्येक में; विषय में; बदले में; थोड़ा भी; के लिये; towards; against; in comparison with; near; in each; with regard to; in exchange; even a little; for the sake of, etc.

प्रतिकारः, **प्रतीकारः** बदला; रोकथाम; विरोध; return or counter action; prevention; opposition.

प्रतिकाशः, **प्रतीकाशः** [प्रायः समास के अन्त में; generally in the end of a compound] के समान; in resemblance.

प्रतिकूल विरोधी; adverse.

प्रतिकृतिः *f.* बदला; प्रतिबिम्ब; मूर्ति; चित्र; revenge; reflection; statue; picture.

प्रतिक्रिया *f.* बदला; retaliation.

प्रतिगृहीत स्वीकार किया; विवाह किया; accepted and assented; married.

प्रतिग्रहः दान ग्रहण करना; भेंट; विवाह; सेना का सुरक्षित भाग; स्वागत; accepting a donation; a gift; marriage; reserve of an army; welcome.

प्रतिघातः, **प्रतीघातः** जवाबी आघात; counter blow.

प्रतिच्छन्न ढका हुआ; जड़ा हुआ; covered; beset.

प्रतिज्ञा *f.* व्रत; दृढ़ निश्चय का वचन; वायदा; a vow; solemn declaration; promise.

प्रतिज्ञात दृढ़तापूर्वक कहा हुआ; माना हुआ; declared with firmness; agreed. **प्रतिज्ञानम्** करार; मानना; agreement; admission.

प्रतिदानम् वापिस देना; बदले में देना; giving back; exchange.

प्रतिध्वनिः गूँज; an echo.

प्रतिनिधिः एवजी; substitute; representative.

प्रतिपत्तिः *f.* प्राप्ति; आज्ञा को स्वीकृत करना; कार्यवाही; ज्ञान; gain; acceptance for compliance; commencement of an action; knowledge. *adj.*प्रतिपन्न स्वीकृत किया गया; accepted.

प्रतिपद् *f.* पक्ष का पहला दिन; first day of black or white fortnight. *syn.*प्रतिपदा.

प्रतिपादक प्रमाणित करने वाला; तर्क के साथ किसी तत्त्व की व्याख्या करने वाला; supporting; explaining with argument. *n.*प्रतिपादनम्. *pp.*प्रतिपादित.

प्रतिपालकः अभिभावक या पालन-पोषण करने वाला; a guardian.

प्रतिप्रश्नः प्रश्न पर उत्तर देने के रूप में पूछा गया प्रश्न; a question asked as an answer of some other question.

प्रतिप्रसवः अपवाद का अपवाद; exception to an exception.

प्रतिफलः प्रतिबिम्ब; पारिश्रमिक; प्रतिशोध; an image; remuneration; retaliation. *neu.*प्रतिफलनम्.

प्रतिबन्धः रुकावट; obstruction. *adj.p.p.*प्रतिबद्ध. *sub.*प्रतिबन्धकः

प्रतिबोधः जागना; जगाना; ज्ञान देना; waking; to rouse one from sleep; instruction. *adj.p.p.*प्रतिबोधित.

प्रतिभा *f.* कल्पना शक्ति; प्रखर बुद्धि; genius; sharp intellect.

प्रतिभानम् प्रकाश; बुद्धि; हाजिर जवाबी; splendour; intellect; wit.

प्रतिमा प्रतिबिम्ब; आकृति; मूर्ति; an image; figure; an idol.

प्रतिरोधः रुकावट; विपक्षी; चोरी या डकैती; impediment; an opponent; theft or robbery.

प्रतिलम्भः हासिल करना; खरी-खोटी सुनाना; obtaining; reviling.

प्रतिवादः खण्डन करना; discarding.

प्रतिविधानम् विरोध में काम करना; counteracting.

प्रतिवेशः पड़ोसी; पड़ोसी का घर; neighbour; the house of a neighbour.

प्रतिश्यायः जुकाम; सर्दी; a catarrh; cold.

प्रतिश्रुत वादा किया हुआ; promised.

प्रतिषिद्ध मना किया हुआ; prohibited. *n.*प्रतिषेधः मना करना; prohibition.

प्रतिष्ठा *f.* स्थिरता; ख्याति; आधार; stability; glory; support.

प्रतिष्ठानम् आधार; ठिकाना; basis; site.

प्रतिसन्धानम् पुनर्मिलन; मिलाना; कोई उपाय; reunion; uniting; a remedy.

प्रतिसरः, -रम् सेना का पिछला भाग; कलाई का सूत्र या कड़ा; विवाह कंकण; सेवक; rear of an army; cord or bracelet worn round the wrist; marriage string; a servant.

प्रतिसर्गः गौण रचना; प्रलय; secondary creation; dissolution.

प्रतिहत पछाड़ा हुआ; रोका हुआ; घृणित; repelled; obstructed; hated.

प्रतिहारः, **प्रतीहारः** दरबान; दरवाज़ा; a door keeper; gate.

प्रतीक विपरीत; contrary. **प्रतीकः** अवयव; a portion. **प्रतीकम्** किसी वस्तु का अग्रभाग; किसी श्लोक या गद्य भाग का पहला शब्द जो समस्त वस्तु का निर्देश करे; the front of anything; first word of a verse or prose portion indicative of the whole.

प्रतीक्षणम् इंतज़ारी; अपेक्षा; waiting for; regard. *pp.*प्रतीक्षित जिसका इंतज़ार किया गया हो; waited for. *w.d.*प्रतीक्ष्य इंतज़ारी योग्य; worthy to be waited for.

प्रतीच्य पश्चिमी; western.

प्रतीत विश्वस्त; ज्ञात; प्रसिद्ध; trusted; known; famous.

प्रतीप उल्टा; अप्रिय; आज्ञा का उल्लंघन करने वाला; adverse; disagreeable; disobedient.

प्रतोदः लम्बा चाबुक; अंकुश; a long whip; goad.

प्रतोली मुख्य मार्ग; गली; street; lane.

प्रत्त (*pp.* of दा) दिया हुआ; given.

प्रत्यक् विपरीत दिशा में; पश्चिम; in an opposite direction; westward.

प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर; इन्द्रियों द्वारा ग्रहण करने योग्य; visible; cognizable by any organ of sense.

प्रत्यग्र ताजा; नया; fresh; new.

प्रत्यञ्च् (*f.* प्रतीची) पश्चिम; पाश्चात्य; भावी या बाद का; west side; western; subsequent.

प्रत्यभिज्ञा पहचान; recognition. *neu.*प्रत्यभिज्ञानम्.

प्रत्यभियोगः बदले में दोषारोपण; countercharge.

प्रत्ययः धारणा; विश्वास; शब्द या धातुओं के आगे लगने वाला शब्द खण्ड; conviction; trust; a suffix.

प्रत्यर्थिन् *adj.* (प्रत्यर्थी) शत्रु; enemy.

प्रत्यर्पणम् लौटाना; restoring back.

प्रत्यवसान भोजन करना; eating. *adj.p.p.*प्रत्यवसित खाया हुआ; eaten.

प्रत्यवस्कन्द वादी के आरोप का उत्तर [वादी के दोषारोपण को इस रूप में स्वीकार करना कि वह दोष न रह जाय]; an answer to an accusation [admitting the accusation in such a way that it may loose its nature of accusation].

प्रत्यवाय बाधा; obstacle.

प्रत्यवेक्षणम् ध्यान रखना; taking care of.

प्रत्यहम् रोज़-रोज़; daily.

प्रत्याख्यात खण्ड किया हुआ; refuted. *n.*प्रत्याख्यानम् खण्डन; refutation.

प्रत्यादिष्ट छोड़ा हुआ; सूचित किया गया; left out; informed. *n.*प्रत्यादेशः त्याग; आज्ञा; सूचना; rejection; order; information.

प्रत्यावर्तनम् लौटाना; returning.

प्रत्यासन्न निकट; proximate. *n.f.*प्रत्यासत्तिः निकटता; proximity.

प्रत्याहारः पीछे खींचना; समेटना; प्रलय; व्याकरण में आदि और हलन्त अन्तिम वर्ण से मध्य के सभी वर्णों का बोध; drawing back; wrapping together; dissolution of the world; in grammar the first and the last हलन्त letter together meaning thereby all the letters coming in between (as अच्, अक्, हल्, etc.).

प्रत्युक्तिः उत्तर; answer. *adj.*प्रत्युक्त.

प्रत्युज्जीवनम् पुनः जीवित हो जाना; restoration of life.

प्रत्युत *ind.* इसके विपरीत (बल्कि); on the other hand (rather).

प्रत्युत्तरम् उत्तर का उत्तर; answer for an answer.

प्रत्युत्थानम् आगन्तुक का उठकर स्वागत करना; युद्ध की तैयारी; rising from seat to welcome a visitor; preparation for war.

प्रत्युत्पन्न फिर से उत्पन्न; फुर्तीला; reproduced; prompt, quick. *adj.* **प्रत्युत्पन्नमति** जिसकी बुद्धि एकदम कार्य करने लगे; who has a ready intellect.

प्रत्युदाहरणम् विरोधी उदाहरण; counter example.

प्रत्युद्वतिः *f.* अतिथि सत्कार के लिये आसन से उठकर बाहर आना; to come out to greet a guest.

प्रत्युपकारः किसी की कृपा का बदला चुकाना; returning a kindness.

प्रत्युप्त बोया हुआ; दृढ़तापूर्वक जमाया हुआ; sown; implanted firmly.

प्रत्यूषः, -षम् सवेरा; the day break, morning.

प्रत्यूहः विघ्न; obstacle.

प्रथ् I. (भ्वा. A. प्रथते) विख्यात होना; फैलाना; प्रकाश में आना; to become famous; to spread; to come into light. II. (चुरा. U. प्रथयति, -ते) प्रकट करना; सूचित करना; बढ़ाना; to manifest; to proclaim; to enlarge. *pp.*प्रथित. *n.f.*प्रथा प्रसिद्धि; fame.

प्रथनम् प्रसिद्ध करना; spreading.

प्रथम पहला; प्रमुख; पूर्वकालीन; first; foremost; previous. *adv.*प्रथमम् पहले; previously.

प्रथिमन् *m.* (प्रथिमा) चौड़ाई; विस्तार; width; extension.

प्रथु *adj.* दूर-दूर तक फैला; spread far and wide.

प्रथुकः चिउड़ा; rice parched and flattened.

प्रदक्षिणम्, प्रदक्षिणाः, प्रदक्षिणा *f.* दाईं ओर को घूमना जिससे सम्मानित व्यक्ति की परिक्रमा हो जाती है; turning from left to right as a sign of worship of respected one.

प्रदरः फाड़ना; स्त्रियों का एक रोग; rending; a disease of women.

प्रदर्शनम् दिखलाना; show. *f.*प्रदर्शनी नुमायश; exhibition.

प्रदानम् दान करना; giving.

प्रदिग्ध पोता हुआ; मालिश किया हुआ; besmeared; anointed.

प्रदिष्ट दिखलाया हुआ; आदेश दिया हुआ; स्थिर किया हुआ; shown; directed; fixed upon.

प्रदीप: दीपक; a lamp.

प्रदीप्त जलाया हुआ; प्रकाशित किया हुआ; उत्तेजित; विस्तारित: kindled; illuminated; excited; expanded.

प्रदेय *w.d.* दिये जाने योग्य; worthy to be given.

प्रदेश: मुल्क; प्रान्त; दीवार; country; province; wall.

प्रदेशिनी *f.* तर्जनी अंगुली; fore-finger.

प्रदोष: सायंकाल; अधिक बुराई; the beginning of night; great sin.

प्रधनम् युद्ध; battle.

प्रधर्ष: आक्रमण; बलात्कार; assaulting; outrage.

प्रधान मुख्य; chief.

प्रधी *adj.* कुशाग्रबुद्धि; highly intelligent. *n.f.*– बड़ी बुद्धि; great intelligence.

प्रध्वंस: सर्वथा विनाश; utter destruction.

प्रपञ्च: विस्तार; अधिकता; माया; प्रदर्शन; विविधता; amplification; abundance; illusion; display; diversity.

प्रपदम् पैर का अगला भाग; fore-part of the foot. *adj.***प्रपदीन** पैर के अग्रभाग तक विस्तृत या उससे संबन्धित; extended upto fore-part of the feet or connected with it.

प्रपन्न पहुँचने वाला; शरणागत; reaching to; seeking protection with.

प्रपा प्याऊ; कुआँ; a shed on roadside containing water for public; well.

प्रपात: झरना; अकस्मात् आक्रमण; waterfall; sudden attack.

प्रपानकम् एक प्रकार का पेय; a kind of drink.

प्रफुल्ल खिला हुआ; मुस्कुराता; प्रसन्न; full blown; smiling; cheerful.

प्रबन्ध: बंधन; निरन्तर चलने वाला; साहित्यिक रचना; bond; uninterrupted succession; literary work. *pp.***प्रबद्ध:**.

प्रबल बहुत शक्तिशाली; very powerful.

प्रबाधनम् पीडित करना; oppressing.

प्रबुद्ध (*pp.* of प्र+बुध्) जागा हुआ; ज्ञाता; पूरा खिला हुआ; awakened; conversant with; full blown. *n.***प्रबोध:** जागना; ज्ञान; awakening; knowledge.

प्रबोधनम् जगाना; उपदेश देना; जागना; awakening; instructing; waking.

प्रभञ्जन: वायु; आँधी; wind; stormy wind.

प्रभव: मूल; स्रोत; जन्म; रचयिता; origin; source; birth; author.

प्रभवितृ (प्रभविता) शासक; ruler.

प्रभविष्णु *adj.* प्रभावशाली; ताकतवर; influential; powerful.

प्रभा *f.* चमक; light.

प्रभाग: टुकड़ा; fraction.

प्रभातम् प्रातः काल; day-break.

प्रभाव: तेज; सामर्थ्य; गौरव; lustre; strength; dignity.

प्रभास: सौन्दर्य; चमक; beauty; splendour.

प्रभिन्न अलग किया हुआ; severed.

प्रभु *adj.* समर्थ; powerful. **प्रभु:** स्वामी; master.

प्रभूत बहुत अधिक; very much.

प्रभूति: मूल; सामर्थ्य; अधिकता; origin; power; sufficiency.

प्रभेद: फाड़ना; प्रकार; splitting; a kind or sort.

प्रभ्रंश: गिरना; fall.

प्रमत्त नशे में चूर; intoxicated.

प्रमथनम् मथना; क्षति पहुँचाना; churning; hurting. *adj.pp.***प्रमथित**.

प्रमद मतवाला; drunk.

प्रमदा *f.* खूबसूरत युवती; a young beauti-

ful woman.

प्रमा *f.* ठीक-ठीक ज्ञान; true knowledge.

प्रमाद: लापरवाही; carelessness.

प्रमित ज्ञात; नापा गया; known; measured. *n.f.*प्रमिति: विशुद्ध ज्ञान; नाप; true knowledge; measurement.

प्रमीत मरा हुआ; dead. *n.f.*प्रमीति: मृत्यु; death.

प्रमुख मुख्य; main. (– ०) [समास के अन्त में; at the end of compound] प्रधान बनाकर; के साथ; having as chief; accompanied with.

प्रमुग्ध: मूर्छित; अत्यन्त प्रिय; unconscious; very lovely.

प्रमेय *w.d.* नापे जाने योग्य; प्रमाणित किये जाने योग्य; measurable; worthy to be proved. *n.*प्रमेयम् सिद्ध तत्त्व; substance proved.

प्रमेह: एक प्रकार का मूत्र-रोग; a urinary disease.

प्रमोद: हर्ष; rejoicing.

प्रयत नियन्त्रित; restrained.

प्रयत्न कोशिश; effort.

प्रयाणम् कूच करना; to march.

प्रयात आगे बढ़ा; मृतक; advanced; dead.

प्रयास: चेष्टा; effort.

प्रयुक्त जोता हुआ; प्रयोग में लाया गया; yoked; used. *n.f.*प्रयुक्ति: . *n.m.* प्रयोग: . *sub.*प्रयोक्तृ (प्रयोक्ता).

प्रयोजनम् ध्येय; लक्ष्य; aim; object. *w.d.*प्रयोज्य काम में लाये जाने योग्य; worthy to be used.

प्ररूढ पूरा बढ़ा हुआ; उत्पन्न हुआ; उगा हुआ; full grown; born; sprung.

प्ररोचनम् किसी बात का रोचक रूप में वर्णन; पसन्दगी के लिये प्रदर्शन; description of a thing in an interesting way; exhibition of something for selection.

प्ररोह: उगना; पौधा; sprouting; a sprout.

प्रलम्ब: लटकती वस्तु; कण्ठहार; anything hanging; a necklace.

प्रलम्भ: प्राप्त करना; obtaining. *adj.pp.*प्रलब्ध.

प्रलय: विनाश; संसार का विनाश; destruction; the destruction of universe.

प्रलाप: बकवाद; रोना-धोना; insensible talk; lamentation.

प्रलीन पिघला हुआ; विनष्ट; melted; annihilated.

प्रवचनम् व्याख्यान; पढ़ाना; speech; teaching.

प्रवण झुका हुआ; संलग्न; inclined, devoted; attached.

प्रवत्स्यत् यात्रा के लिये तैयार; prepared for journey.

प्रवयस् (प्रवया:) बूढ़ा; aged.

प्रवर सर्वोत्तम; best. **प्रवर:** वंश परम्परा; lineage.

प्रवर्तक चालू करने वाला; बढ़ाने वाला; originator; advancing. *n:*प्रवर्तनम्. *adj.p.p.*प्रवर्तित.

प्रवहणम् जहाज; वाहन; पालकी; a ship; conveyance; a covered carriage for women.

प्रवाद: अफ़वाह; लोक-प्रसिद्धि; rumour; popular saying.

प्रवार: चादर; a cover cloth. *syn.* प्रवारणम्.

प्रवास: परदेश निवास; परदेश गमन; residence abroad; going away from home.

प्रवाह: बहाव; धारा; flowing; stream.

प्रविरल बहुत बिखरा हुआ; much scattered.

प्रविष्ट घुसा हुआ; entered into.

प्रवीर: बहादुर व्यक्ति; a brave person.

प्रवृत्त लगा हुआ; जाने के लिये उद्यत; engaged in; bound for. *n.*प्रवृत्ति: प्रारम्भ; झुकाव; लगन; सांसारिक जीवन के विषय में आसक्ति; beginning; inclination; adherence; attachment in worldly life.

प्रवृद्ध: पूरा बढ़ा हुआ; full grown.

प्रवेश: घुसना; दरवाज़ा; entering; door. *neu.*प्रवेशनम्. *pp.*प्रवेशित.

प्रव्रजनम् विदेश जाना; संन्यास लेकर भ्रमणशील हो जाना; going abroad; roaming around after taking vow of a recluse. *adj.pp.*प्रव्रजित. *n.f.*प्रव्रज्या.

प्रशंसा गुणगान करना, तारीफ़; praise.

प्रशम: शान्ति; बुझाना; calmness; extinction. *neu.*प्रशमनम्. *adj.pp.*प्रशमित.

प्रशस्त तारीफ़ के योग्य; praiseworthy.

प्रशस्ति प्रशंसा; प्रशंसा में लिखी गई कविता; praise; a poem written as eulogy. *adj.w.d.*प्रशस्य प्रशंसा योग्य; praiseworthy.

प्रशान्त शान्ति प्राप्त; निश्चल; समाप्त; calmed; still; ended. *n.f.*प्रशान्ति: मन की स्थिरता; बुझाना या शान्त करना; tranquillity; extinction.

प्रश्च्योतनम् झरना; छिड़कना; oozing; sprinkling.

प्रश्न: सवाल; question.

प्रश्रय: आदर; respect.

प्रसक्त लगा हुआ; अत्यन्त आसक्त; सटा हुआ; निरन्तर; attached to; excessively fond; contiguous; constant. *n.f.* प्रसक्ति:. *n.m.*प्रसङ्ग:.

प्रसन्न स्वच्छ; खुश; pure; delighted.

प्रसभ: बल; प्रचण्डता; force; violence. *ind.*प्रसभम् बलपूर्वक; forcibly.

प्रसर: फैलाव; अधिकता; extension; great quantity. *n.neu.*प्रसरणम्.

प्रसव: जन्म; birth.

प्रसह सहनशील; enduring.

प्रसह्य *ind.* जबरदस्ती; forcefully.

प्रसाद: कृपा; शान्ति; स्वच्छता; भगवान् के भोग का शेष भाग; favour; calmness; purity; remnants of food offered to a deity. *adj.*प्रसादक साफ करने वाला; purifying. *n.neu.*प्रसादनम् निर्मल करना; प्रसन्न करना; rendering pure; pleasing.

प्रसाधक सजाने वाला; बनाने वाला; decorating; accomplishing. *n.neu.*प्रसाधनम् सजाना; पूरा करना; the act of decorating; accomplishment. *f.adj.*प्रसाधिका. *adj.pp.*प्रसाधित सजाया गया; बनाया गया; decorated; accomplished.

प्रसार: फैलाव; extension. *neu.* प्रसारणम्.

प्रसित बंधा हुआ; fastened. *n.f.*प्रसिति: जाल; बंधन; net; fetter.

प्रसिद्ध: मशहूर; famous. *n.f.*प्रसिद्धि: मशहूरी; fame.

प्रसुप्त सोया हुआ; slept. *n.f.*प्रसुप्ति: नींद; sleepiness.

प्रसू: जन्म देने वाला; giving birth. *f.*– माता; mother. *adj.*प्रसूत उत्पन्न हुआ; born. *f.*प्रसूता जच्चा; a woman recently delivered. *f.*प्रसूति: जनन; पैदावार; सन्तान; giving birth; production; offspring.

प्रसूनम् फूल; a flower.

प्रसृत फैला हुआ; फुर्तीला; सुशील; stretched out; swift; modest. *n.m.*प्रसृत: खुली गहरी हथेली; palm of hand stretched and hollowed.

*n.f.*प्रसृता टांग; the leg. *n.neu.*प्रसृतम् बिखरी सेना; scattered army.

प्रसृति: *f.* प्रगति; हथेली; एक नाप; progress; palm of hand hollowed; a measurement.

प्रसृष्ट त्यागा हुआ; घायल; laid aside; hurt. *n.f.*प्रसृष्टा फैलाई हुई अँगुली; stretched finger.

प्रसेक: बहना; छिड़कना; उगलना; निकास; flowing; sprinkling; vomitting; discharge.

प्रस्कन्दनम् जुलाब; diarrhoea.

प्रस्कन्न छलांग लगाकर पार किया हुआ; परास्त; sprung forth; defeated.

प्रस्तर: पत्थर; पलंग; बिस्तर; a rock; couch; bed. *neu.*प्रस्तरणम् बिछौना; शय्या; a bed; couch.

प्रस्तार: विस्तार; छन्दः शास्त्र में ह्रस्व दीर्घ वर्णो की तालिका; spreading; a table of long and short vowels in prosody.

प्रस्ताव: भूमिका; अवसर; विचाराधीन विषय; introduction; occasion; a subject for consideration.

प्रस्तावना *f.* प्रशंसा; भूमिका; प्रारम्भ; praise; introduction; beginning. *adj.pp.*प्रस्तावित, प्रस्तुत.

प्रस्थ जाने वाला; going to. प्रस्थ: , प्रस्थम् समतल भूमि; a level expanse. प्रस्थम् एक तौल; a measurement.

प्रस्थानम् कूच करना; प्रणाली या पद्धति; मृत्यु; to march; method or system; death. प्रस्थापनम् भेजना; स्थापित करना; sending away; appointing. *adj.pp.*प्रस्थापित भेजा गया; sent away.

प्रस्थित गया हुआ; started. *n.f.*प्रस्थिति: कूच; starting.

प्रस्न: स्नानपात्र; bathing vessel.

प्रस्नव: बूंद-बूंद गिरना; dripping. *adj.pp.*प्रस्नुत टपकता हुआ [विशेषरूप से स्नेहवश स्त्री की छाती से टपकता दूध]; dropping [specially dripping of milk out of love from the breasts of a woman].

प्रस्फुट खिला हुआ; स्पष्ट; blown; clear.

प्रस्रव: टपकना; trickling. प्रस्रवणम् बहना; flowing.

प्रस्विन्न पसीजा हुआ; पसीने से युक्त; perspired, sweated.

प्रस्वेद: अधिक पसीना; excessive perspiration.

प्रहत पीटा गया; घायल या मारा गया; बजाया गया; beaten; wounded or killed; struck (as a drum, etc.).

प्रहर: पहर; 8th part of a day = 3 hours.

प्रहर्ष: अत्यधिक प्रसन्नता; extreme joy.

प्रहसनम् जोर से हंसी; मज़ाक; व्यंग्य लेख; हंसी का सुखान्त नाटक; loud laughter; ridicule; satire; comedy.

प्रहाणम् त्यागना; abandoning.

प्रहार: वार करना; पीटना; striking; beating.

प्रहास: जोर की हंसी; मज़ाक; व्यंग्य; loud laughter; joke; irony.

प्रहित भेजा हुआ; रक्खा हुआ; sent; placed.

प्रहृष्ट प्रसन्न; delighted.

प्रहेलि: पहेली; a riddle.

प्रह्लाद: अधिक आनन्द; great joy.

प्रह्व झुका हुआ; नम्र; slanting down; bowing down.

प्रांशु *adj.* ऊंचा; लम्बा; tall; long.

प्राक् *ind.* पहले [पञ्चमी के साथ]; पहले से ही; before [with *abl.*]; previously.

प्राकृत स्वाभाविक; क्षुद्र; संस्कार रहित; जन-साधारण की भाषा; मध्यकाल की एक भाषा जिसके महाराष्ट्री, मागधी, शौरसेनी इत्यादि कई भेद होते हैं; natural; insig-

nificant; uncultivated; dialects of common people; a language of the middle age divided in several forms–Mahārāṣṭrī, Māgadhi, Śauraseni, etc.

प्राकृतिक स्वाभाविक; natural.

प्राक्तन पहले का; former.

प्रागल्भ्य दक्षता; अभिमान; निर्भीकता; बोलने में निपुणता; proficiency; pride; fearlessness; eloquence.

प्राघुण: अतिथि; a guest. *syn.*प्राघुणक: , प्राघुणिक: , प्राघूर्णक: , प्राघूर्णिक: .

प्राङ्गणम् आंगन; courtyard.

प्राच्, प्राञ्च् (प्राक्) पूर्व का; पहले का; eastern; prior.

प्राची पूर्व दिशा; the east.

प्राचीन पूर्वकाल का; ancient.

प्राचीरम् चहारदीवारी; boundary wall.

प्राचुर्यम् बहुतायत; abundance.

प्राच्य पूर्व का; पूर्ववर्ती; eastern; previous.

प्राज्ञ विद्वान्; intellectual

प्राज्य अधिक; plentiful.

प्राञ्जल खरा; ईमानदार; straightforward; honest.

प्राड्विवाक: वकील; a lawyer.

प्राण: श्वास; जीवनशक्ति; शक्ति; शरीर के अन्दर रहने वाली ५ प्रकार की वायु; breath; life; strength; vital air inside the body having five subdivisions.

प्रातर् (प्रात:) तड़के; सुबह; dawn; early in the morning.

प्रातिभ बुद्धि से संबन्धित; relating to genius.

प्रातिभासिक प्रतीत होने वाला किन्तु अवास्तविक; appearing so but not real.

प्रातिशाख्यम् सब वेद-शाखाओं के लिये सामान्य वर्णोच्चारण शिक्षा का शास्त्र; a treatise of phonetic precepts common for all Śākhās of the Vedas.

प्रातिस्विक विशिष्ट; निजी; special; one's own.

प्राथमिक प्रारम्भिक; पहले का; primary; previous.

प्रादुस् (प्रादु:) प्रकट रूप से [प्राय: भू, कृ, अस् के साथ प्रयोग]; visibly [generally used with भू, कृ and अस्].

प्रादेशिक स्थानीय; local.

प्राधानिक प्रमुख; प्रधान से संबद्ध या उससे उत्पन्न; pre-eminent; relating to or derived from pradhāna.

प्राधान्यम् प्रमुखता; pre-eminence.

प्राधीत भलीभाँति पढ़ा-लिखा; well-read.

प्रान्त: किनारा; सीमा; edge; border.

प्रान्तरम् लम्बा और सुनसान मार्ग; छायारहित सड़क; a long and solitary path; a road without shade.

प्रापणम् पहुँचना; प्राप्ति; reaching; attainment. *sub.*प्रापक पहुँचाने वाला; conveying. *adj.pp.*प्राप्त. *n.f.*प्राप्ति: .

प्राबल्यम् शक्ति; प्रभुता; might; ascendancy.

प्राबोधक: जगाने वाला गायक; one who sings for waking.

प्राभृतम् उपहार; रिश्वत; a gift; bribe.

प्रामाणिक प्रमाण द्वारा सिद्ध; established by proof. *abs.*– विश्वसनीयता; credibility.

प्रायस् *ind.* (प्राय:) अधिकतर; generally. [उपवेशन के साथ] **प्रायोपवेशन** आमरण अनशन; fast into death. [-० प्राय as in मृतप्राय] लगभग; nearly. *adj.***प्रायिक** सामान्य; usual. *ind.***प्रायेण** अधिकतर; generally.

प्रायश्चित्तम् पाप के फल से बचने के लिये

कार्यवाही; क्षतिपूर्ति; religious act for atonement of sin; indemnity.

प्रारम्भः शुरूआत; beginning. *adj.pp.*प्रारब्ध. *n.f.*प्रारब्धिः.

प्रार्थनम्, -ना याचना; अनुरोध; request; solicitation. *adj.pp.*प्रार्थित.

प्रावरणम् चादर; ऊपरी वस्त्र; a covering cloth; cloak.

प्रावारकः ऊपरी वस्त्र; लबादा; an upper garment; mantle.

प्रावीण्यम् निपुणता; skilfulness.

प्रावृषेण्यम् वर्षा ऋतु से संबंद्ध; connected with rainy season.

प्राशः खाना; स्वाद लेना; eating; tasting. *neu.*प्राशनम् खाना; खिलाना; eating; to make eat. *adj.pp.*प्राशित.

प्राशस्त्यम् श्रेष्ठता; प्रशंसनीयता; excellence; praiseworthiness.

प्रासः फेंकना; बर्छी-भाला; throwing; a dart.

प्रासङ्गिक प्रकरण के अनुकूल; आकस्मिक; according to the occasion; incidental.

प्रासादः ऊंचा महल; lofty mansion.

प्रास्त फेंका; त्यागा; thrown; rejected.

प्रास्ताविक भूमिका विषयक; introductory.

प्रिय प्यारा; सुहावना; dear; pleasing. *f.*प्रिया प्यारी पत्नी; dear mistress or wife. **प्रियतम** सबसे अधिक प्यारा; dearest. **प्रियतर** अपेक्षाकृत अधिक प्यारा; dearer. **प्रेयस्** (प्रेयान्) प्रियतर; dearer. **प्रेयसी** अधिक प्यारी रमणी; dearer mistress. **प्रेष्ठ** सबसे अधिक प्यारा; dearest. *f.*प्रेष्ठा.

प्रियङ्गुः एक लता; a creeper.

प्री (क्र्या. U. प्रीणाति, प्रीणीते) प्रसन्न करना; प्रसन्न होना; to please; to take delight. *adj.*प्रीण. *n.neu.*प्रीणनम्. *pp.*प्रीत. *n.f.*प्रीतिः प्रसन्नता; प्रेम; मित्रता; pleasure; affection; friendship.

प्रुष् I. (भ्वा. P. प्रोषति) जलाना; to burn. II. (क्र्या. P. प्रुष्णाति) तर होना; उंडेलना; भरना; to become wet; to pour out; to fill.

प्रेक्षकः दर्शक; spectator. *n.neu.*प्रेक्षणम् देखना; seeing. *n.f.*प्रेक्षा. *adj.pp.*प्रेक्षित.

प्रेङ्खः, **प्रेङ्खम्** झूला, पैंग; a swing. *f.*प्रेङ्खा. *adj.*प्रेङ्खण.

प्रेत मरा हुआ; dead. *n.m.*प्रेतः मृतात्मा; भूत; the departed spirit; ghost.

प्रेत्य *ind.* इस संसार से जाकर; मरकर; having departed from this world; having been dead.

प्रेप्सा *f.* प्राप्त करने की इच्छा; desire to obtain.

प्रेमन् *neu.* (प्रेम) स्नेह; प्रेम; affection; love.-

प्रेरक निदेशक; उत्तेजक; directing; stimulating. *n.neu.*प्रेरणम् उकसाना; inciting. *f.*प्रेरणा. *adj.pp.*प्रेरित.

प्रेष् (भ्वा. U. प्रेषति, -ते) भेजना; to cause to go. *n.neu.*प्रेषणम्. *adj.pp.*प्रेषित.

प्रेष्य *w.d.* भेजने योग्य; worthy to be sent. **प्रेष्यः** सेवक; a servant. *syn.*प्रैषः, प्रैष्यः.

प्रोक्त कहा हुआ; said.

प्रोक्षणम् छिड़काव; जल के छींटे देकर देवता का अभिमन्त्रण करना; sprinkling; consecration of deities by sprinkling water. *adj.pp.*प्रोक्षित.

प्रोज्झनम् त्यागना; abandoning. *adj.pp.*प्रोज्झित.

प्रोत सिला हुआ; बांधा हुआ; जमाया हुआ; पिरोया हुआ; stitched; tied; set; passed through.

प्रोत्खात खोदा हुआ; dug out.

प्रोत्तुङ्ग बहुत ऊंचा; very lofty.

प्रोत्सारित हटाया गया; removed. *n.neu.*प्रोत्सारणम् हटाना; removal.

प्रोत्साहनम् उकसाना; stimulating.

प्रोषित परदेश में गया हुआ; परदेश में रहने वाला; gone abroad; living abroad. प्रोषिता, प्रोषितपतिका स्त्री जिसका पति परदेश में रहता हो; a woman whose husband lives abroad.

प्रोष्ठः, प्रौष्ठः बैल; आसन; तिपाई; a bull; couch; tripod.

प्रोहः, प्रौहः तर्क; हाथी का पैर; गांठ; जोड़; logic; elephant's foot; knot; joint.

प्रौढ पूरा बढ़ा हुआ; वयस्क; उत्तेजक; full grown; adult; exciting. *n.f.*प्रौढिः पूर्ण विकास; full growth.

प्लक्षः गूलर का पेड़; एक द्वीप का नाम; an Indian fig tree; name of an island.

प्लवः तैरना; छोटी नाव; मछली पकड़ने का जाल; swimming; a small boat; fishing net. *n.neu.*प्लवनम् तैरना; swimming. प्लावनम् बाढ़; flood. *adj.pp.*प्लावित.

प्लवङ्गः बन्दर; a monkey.

प्लीहा तिल्ली; spleen.

प्लु (भ्वा. A. प्लवते) तैरना; नाव से पार करना; to swim; to cross by boat.

प्लुष् (भ्वा. P. प्लोषति; दिवा. P. प्लुष्यति; क्र्या. P. प्लुष्णाति) जलाना; दागना; to burn; to scorch. *pp.*प्लुष्ट जलाया हुआ; burnt.

फ

फक्क् (भ्वा. P. फक्कति) धीरे चलना; बुरा व्यवहार करना; to move slowly; to ill-behave. *f.*फक्किका सिद्ध करने के लिये प्रतिज्ञा; पूर्व-चिन्तित सम्मति; a thesis to be maintained; preconceived opinion.

फणः, फणा साँप का फैलाया हुआ मुख; an expanded hood of a serpent. फणिन् (फणी) साँप; a serpent.

फल् (भ्वा. P. फलति) फल आना; सफल होना; to bear fruit; to be successful. *n.neu.*फलम् वृक्ष का फल; कर्म का परिणा म; पुरस्कार; fruit of tree; recompense of action; reward. फलिनी एक लता; a creeper. फलेग्रहिः फल देने वाला; yielding or bearing fruit.

फलकम् तख्ता; पटल या पट्टी; बोर्ड; plank; tablet; board.

फल्गु सारहीन; अयोग्य; दुर्बल; गया के पास की एक नदी; insignificant; worthless; feeble; a river near Gaya.

फाणितम् सीरा, राब; molasses.

फाण्टः, फाण्टम् एक प्रकार का काढ़ा जो आसानी से बनाया जाता है; a decoction which is prepared easily.

फालः हल का फाल; कुदाल; कुल्हाड़ी; ploughshare; an implement to dig out roots; an axe.

फाल्गुनः एक महीना जो मार्च के आसपास पड़ता है; a month falling near about March.

फुत्कृतिः फूंकने से पैदा होने वाली ध्वनि; a sound produced in blowing. *syn.*फुत्कारः.

फुप्फुसः फेफड़े; lungs.

फुल्ल् (भ्वा. P. फुल्लति) फूलना; to bloom.

फुल्ल खिला हुआ; opened, blown.

फूत्कारः see फुत्कृतिः.

फेनिल झागदार; foamy.

फेरवः गीदड़; धूर्त; a jackal; rogue. *syn.*फेरण्डः, फेरुः.

ब

बंह् (भ्वा. P. बंहते) बढ़ना; to increase.

बंहिष्ठ सर्वाधिक बढ़ा; most abundant.

बंहीयस् अपेक्षाकृत अधिक; more abundant.

बकः बगुला; ठग; an Indian crane; a cheat.

बकुलः मौलसिरी का पेड़; name of a tree.

बटुः बालक; विद्यार्थी; a boy; a student.

बडिशम् मछली पकड़ने का कांटा; a fish-hook.

बत *ind.* शोक, खेद, दया, हर्ष, आश्चर्य, निन्दा को प्रकट करने वाला अव्यय; संबोधन; a particle showing sorrow, regret, pity, joy, wonder and censure; it is also used as vocative sign.

बताहो *ind.* दया, तरस, खेद, संतोष, थकावट को प्रकट करने वाला अव्यय; a particle showing compassion, pity, regret, satisfaction and fatigue. ['अहो बत' भी प्रयुक्त होता है; it is also used as अहो बत].

बदरः बेरी; jujube tree. बदरम् बेर; jujube fruit. *f.*बदरी, बदरिका.

बद्ध बंधा हुआ; बन्दी; कमर कसे हुये; चाहा गया; fastened; confined; girded on; cherished.

बध् (भ्वा. A. इच्छार्थक 'सन्' के साथ; with desiderative सन्–बीभत्सते) घिन करना; to abhor.

बधिर बहरा; a deaf.

बध्य मारने योग्य; deserving to be killed.

बन्दिः, बन्दी कैदी; prisoner.

बन्ध् (क्र्या. P. बध्नाति) बांधना; to bind. *sub.*बन्धकः बांधने वाला; धरोहर, विनिमय; one who binds or catches; pledge; barter. बन्धनम् बांधना; लपेटना; कारागार; fastening; clasping; prison. *pp.*बन्धित.

बन्धुः रिश्तेदार; भाई; relation; brother.

बन्धुकः, बन्धूकः दोपहरिया का पेड़; name of a tree.

बन्धुता *f.* रिश्तेदार; relation. *abs.f.*– रिश्तेदारी; relationship.

बन्धुर ऊंचा-नीचा; झुका हुआ; सुन्दर; uneven; bent or bowed; beautiful.

बन्धुल झुका; सुन्दर; bent; handsome. बन्धुलः परपुरुष से उत्पन्न सन्तान; वेश्या का सेवक; a bastard; an attendant in a harlot's chamber.

बन्ध्य *w.d.* बांधे जाने योग्य; बंजर; व्यर्थ; to be confined; barren; fruitless. *f.*बन्ध्या बांझ स्त्री; a barren woman.

बभ्रु *adj.* गहरा भूरा; खाकी; deep brown; tawny.

बर्बरः असभ्य; मूर्ख; a barbarian; fool.

बर्बुरः एक वृक्ष का नाम; name of a tree.

बर्हः, बर्हम् मोर की पूँछ; peacock's tail.

बर्हणम् पत्ता; a leaf.

बर्हिः आग; fire. *n.*– कुश घास; the Kuśa grass.

बर्हिणः मोर; a peacock. *syn.*बर्हिन्.

बल् (भ्वा. P. बलति) श्वास लेना; अनाज संग्रह करना; to breathe; to hoard grain.

बलम् शक्ति; सेना; power; army. *ind.*बलात् ज़बरदस्ती; forcibly. *adj.*बलवत् (*m.*बलवान्; *f.*बलवती; *neu.*बलवत्) शक्तिशाली; powerful. बलिष्ठ सर्वाधिक शक्तिशाली; most powerful. *com.*बलीयस् (*m.*बलीयान्; *f.*बलीयसी; *neu.*बलीयः) अपेक्षाकृत अधिक शक्ति वाला; comparatively more powerful.

बलक्ष सफ़ेद; white.

बलाकः, -का सारस; a crane.

बलात्कारः ज़बरदस्ती; बलपूर्वक सतीत्व भंग; doing anything by force; rape.

बलाहकः बादल; cloud.

बलि भेंट; पूजा; कर; oblation; worship; tax.

बलिवर्दः, **बलीवर्दः** बैल; सांड; an ox; bull.

बल्लवः ग्वाला; cowherd.

बहल अत्यधिक; घना; कठोर; very much; thick and dense; hard.

बहिस् (*ind.* बहिः) बाहर; outside.

बहु *adj.* अधिक; अनेक; plentiful; many. *f.* **बह्वी**.

बहुतिथ अधिक; अनेक; much; many.

बहुधा *ind.* अनेक प्रकार से; in many ways.

बहुल सघन; विशाल; अनेक; भरापूरा; thick; dense; large; numerous; full of.

बाढम् *ind.* निश्चय ही; हाँ; certainly; oh yes.

बाणः तीर; एक प्रकार का पौधा; an arrow; a kind of plant.

बाध् (भ्वा. A. बाधते) तंग करना; कष्ट देना; बाधा डालना; to harass; to torment; to obstruct. *pp.* **बाधित**.

बाधिर्यम् बहरापन; deafness.

बाणिनी see वाणिनी.

बान्धवः संबन्धी; मित्र; भाई; मातृपक्ष के रिश्तेदार; relations; friend; brother; maternal relations.

बाभ्रवी दुर्गा का नाम; an epithet of Durga.

बाल बच्चा; नया उगा हुआ; अबोध; young; newly arisen; ignorant. **बालः** छोटी उमर का कोई लड़का; बाल; a boy, a minor; hair. *syn.* **बालकः** *f.* **बाला**, **बालिका**.

बालिश बच्चों जैसा अबोध; मूर्ख; childish; foolish.

बालुका रेत; sand.

बाल्यम् लड़कपन; boyhood.

बाष्पः, -ष्पम् आँसू; भाप; tear; vapour.

बाहः घोड़ा; भुजा; horse; arm. *syn.* **बाहा**.

बाहुः भुजा; द्वार की चौखट; arm; door-post.

बाहुलकम् अनेकरूपता; (व्याकरण में) जो नियम सर्वत्र नहीं पर अधिकतर लागू हो; manifoldness; (in Vyākaraṇa) a rule applicable not everywhere but generally.

बाहुल्यम् बहुतायत; सामान्य व्यवस्था; abundance; usual course of common order.

बाह्य बाहरी; outer.

बाह्वृच्यम् ऋग्वेद का परम्परागत अध्ययन; traditional teaching of Rgveda.

बिडालः बिलाव; a cat.

बिन्दुः बूँद; बिन्दी; a drop; a dot.

बिब्बोकः शृंगार की एक चेष्टा जिसमें गर्व के कारण इष्टवस्तु के प्रति अनादर प्रकट किया जाता है; क्रीड़ा के लिये संकेत; showing indifference out of pride towards most desired object in sexual sentiments; playful or amorous gestures.

बिभित्सा बेधने (छेद करने) की इच्छा; desire to pierce. *adj.* **बिभित्सुः** बेधने की इच्छा करने वाला; desirous of piercing.

बिम्बः, **बिम्बम्** छाया या (दर्पण इत्यादि में) झलक; मण्डल जैसे–सूर्यबिम्ब इत्यादि; a shadow or reflection (in mirror

etc.); disc (of the sun and moon) as सूर्यबिम्ब. **बिम्बम्** एक वृक्ष का फल (जो पककर लाल हो जाता है और उससे युवतियों के ओठों की लाली की उपमा दी जाती है); fruit of a tree (which when ripe becomes ruddy and with which lips of youthful women are compared). *adj.pp.* बिम्बित.

बिलम् बिवर; कंदरा; cavity; cave.

बिल्वः बेल नामक वृक्ष; name of a tree.

बिसम् कमल तन्तु; fibre of lotus. **बिसिनी** कमलिनी; lotus plant.

बीजम् अनाज का दाना; जीवाणु; वीर्य; मूल कारण; seed corn; a germ; semen; origin. *hav.* बीजिन् (बीजी).

बीभत्स घिनौना; घृणित; loathsome; disgusting.

बुद्ध जाना हुआ; जागा हुआ; known; awakened.

बुद्धिः समझ; ज्ञान; विचार शक्ति; विश्वास; comprehension; knowledge; intellect; impression.

बुध् (भ्वा. U. बोधति, -ते) जानना; समझना; विचार करना; देखना; to know; to understand; to think; to perceive.

बुध्नः निचला भाग; बर्तन की तली; पेड़ की जड़; the lowest part; the bottom of a vessel; root of a tree.

बुभुक्षा *f.* खाने की इच्छा; भूख; किसी वस्तु के भोग करने की इच्छा; desire for eating; hunger; to enjoy anything. *adj.p.p.* **बुभुक्षित** भूखा; hungry. *adj.* **बुभुक्षः** खाने का इच्छुक; desirous of eating.

बुभूषा होने की इच्छा; wish to be. *adj.* **बुभूषुः** होने का इच्छुक; desirous of becoming.

बुसम् भूसा; कूड़ा; chaff; rubbish.

बृंह् (भ्वा., तुदा. P. बृंहति) बढ़ना; उगना; to increase; to grow. *n.neu.* **बृंहणम्**. *adj.pp.* **बृंहित**.

बृहत् *adj.* विस्तृत; विशाल; मजबूत; large; big; strong. *f.* **बृहती**.

बृहस्पतिः देवों के गुरु; एक ग्रह; the preceptor of gods; a planet.

बैडाल बिलाव से संबन्धित; relating to cat.

बैल्व बेल के वृक्ष या लकड़ी से संबद्ध; relating to or made of bilva tree or wood.

बोधः ज्ञान; जागना; शिक्षा; knowledge; waking up; instruction. *sub.* **बोधकः** बतलाने वाला; जगाने वाला; instructing; waking. *n.neu.* **बोधनम्** पढ़ाना; सूचना देना; जगाना; teaching; informing; waking. *adj.pp.* **बोधित**.

बौद्ध बौद्ध संबन्धी; बुद्ध से संबन्धित; relating to understanding; relating to Buddha.

ब्रह्मण्य ब्रह्म से संबद्ध; connected with Brahman.

ब्रह्मन् *neu.* (ब्रह्म) व्यापक तत्व जिसमें वेदान्त के अनुसार सारी सृष्टि समायी हुई है और जो स्थिति और लय का मूल कारण है; वेद; an all pervading substance in which according to Vedānta the whole universe is engulfed and; which is the original cause of creation, existence and absorption; the Vedas. *m.* **ब्रह्मा** ईश्वर के तीन स्वरूपों–ब्रह्मा, विष्णु, महेश–में प्रथम उत्पादक देवता; first of three forms of Gods–Brahmā, Viṣṇu, Maheśa–whose work is to create the universe.

ब्रह्माणी ब्रह्मा की पत्नी, सरस्वती; the wife of Brahmā, Sarasvatī.

ब्रह्माण्डम् समस्त सृष्टि; the-universe.

ब्राह्म ब्रह्मा से संबद्ध; वैदिक; relating to

Brahmā; relating to Vedas. *n.m.* **ब्राह्मः** एक प्रकार का विवाह जिसमें वर से कुछ नहीं लिया जाता तथा कन्या को जेवरों से सजा कर प्रदान कर दिया जाता है; a kind of marriage in which nothing is taken from bridegroom but bride decorated with ornaments is given away to him.

ब्राह्मणः चार वर्णों में प्रथम वर्ण; यज्ञ व्यवस्था विषयक वेद-भाग; the first of the four castes in Hindu society; Veda portion in which ceremonies of sacrifices are mentioned. *f.* **ब्राह्मणी**.

ब्राह्मी ब्रह्म की मूर्तिमती शक्ति; सरस्वती; दुर्गा; the personified energy of Brahman; goddess of learning; name of Durgā.

ब्रू (अदा. U. ब्रवीति, ब्रूते or आह) कहना; बोलना; to talk; to speak.

भ

भ (*neu.* भम्) नक्षत्र; a star.

भक्त विभाजित; श्रद्धालु; सेवित; उबाल कर पकाये गये चावल; divided; faithful; served; boiled rice. **भक्तः** पूजक; a worshipper.

भक्ष् (चुरा. U. भक्षयति, -ते) खाना; उपभोग करना; नष्ट करना; to eat; to consume; to destroy. *n.m.* **भक्षः** खाना; eating. *sub.* **भक्षकः** खाने वाला; one who eats. *w.d.* **भक्ष्य** खाने योग्य; eatable. **भक्ष्यम्** खाने की वस्तु; food. *n.neu.* **भक्षणम्** खाना; eating.

भगः एक देवता; सौभाग्य; स्वामी; योनि; a particular deity; fortune; lord; vulva.

भगन्दरः गुदा स्थान का व्रण; fistula in anus.

भगवत् श्रद्धेय; venerable. *m.* **भगवान्** ईश्वर; God. *f.* **भगवती**.

भगाङ्कुर योनि की गुटिका; clitoris.

भगिनिका बहन; sister.

भगिनी बहन; कोई स्त्री; sister; a woman in general.

भगिनेयः भानजा; sister's son. *f.* **भागिनेयी**.

भग्न टूटा हुआ; पराजित; broken; defeated.

भङ्गः टूटना; छिन्नभिन्न होना; पतन; हार; निराशा; असफलता; breaking; shattering; downfall; defeat; disappointment; failure.

भङ्गिः , भङ्गी टूट; झुकाव; लहर; टेढ़ा मार्ग; घुमावदार वाणी; बहाना; धोखा; लज्जाशीलता; breach; undulation; wave; winding course; irony; trick; deceit; modesty.

भङ्गुरः टूटने योग्य; नाशवान्; apt to break; perishable, fragile, brittle.

भज् (भ्वा. U. भजति, -ते) सेवा या आराधना करना; स्वीकार करना; प्राप्त करना; बाँटना; भाग लेना; भोगना; to serve or to worship; to accept; to obtain; to distribute; to take share; to enjoy. *sub.* **भजकः**. *n.neu.* **भजनम्**.

भञ्ज् (रुधा. P. भनक्ति) तोड़ना; फाड़ डालना; उजाड़ना; नष्ट करना; to break; to devastate; to vanquish. *pp.* **भग्न**. *n.neu.* **भञ्जनम्**.

भञ्जक *sub.* तोड़ने वाला; breaker. *f.* **भञ्जिका**.

भट् (भ्वा. P. भटति) पोषण करना; भाड़े पर लेना; to nourish; to hire. *n.m.* **भटः** योद्धा; soldier. **भट्टः** स्वामी;

विद्वान्; master; scholar. *adj.* भट्टार पूज्य; revered. भट्टारक श्रद्धेय; venerable. भट्टिनी ऊँचे पद की महिला (नौकरानियाँ अपनी स्वामिनी के लिये प्रयुक्त करती हैं); a lady of high rank (it is used by maid-servants.)

भण् (भ्वा. P. भणति) कहना; बोलना; to say; to speak. *pp.* भणित. *n.neu.* भणनम्. *f.* भणितिः.

भण्डः भांड; jester.

भदन्तः बौद्ध भिक्षु के लिये सम्मानसूचक शब्द; a term of respect for Bauddha Bhikṣu.

भद्र प्यारा; भला; dear; good. भद्रम् कल्याण; प्रसन्नता; good fortune; happiness. भद्राकृ (भद्राकरणम्) मुण्डन; shaving.

भयम् डर; खतरा; fear; risk. *adj.* भयानक डरावना; fearful.

भरः बोझ; burden.

भरणम् पालन-पोषण; वहन करने की क्रिया; act of maintaining or supporting; act of carrying. *adj.p.p.* भरित.

भरणी एक नक्षत्र; a star.

भरुजः सियार; jackal. *f.* भरुजा, -जी.

भर्गः शिव का नाम; ब्रह्मा का नाम; name of Śiva; an epithet of Brahmā. भर्ग्यः शिव का नाम; an epithet of Śiva.

भर्जनम् भूनना; roasting.

भर्तृ (*m.* भर्ता) पति; स्वामी; husband; lord.

भर्त्स् (चुरा. A. भर्त्सयते) धमकाना; झिड़कना; to menace; to reproach. *n.neu.* भर्त्सनम्.

भल् (चुरा. A. भालयते) देखना; to behold. [it is generally used with नि].

भल्लः एक प्रकार का अस्त्र; a kind of weapon. *f.* भल्ली. *neu.* भल्लम्.

भल्लूकः भालू; a bear.

भवः उत्पत्ति; संसार; शिव का नाम; production; the world; name of Śiva.

भवत् वर्तमान; present. *m.* भवान् आप; your honour. *f.* भवन्ती घटित होने वाली; happening. *f.* भवती आप; honourable [pronoun for second person].

भवदीय आपका; yours.

भवनम् होना; अस्तित्व; जन्म; घर; being; existence; birth; dwelling.

भवानी पार्वती; name of Pārvatī.

भवितव्य होने वाला; about to take place [यह अधिकतर कर्म या भाववाच्य क्रिया के रूप में प्रयुक्त होता है, it is generally used as a passive voice verb– 'त्वया गतेन भवितव्यम्']. *n.abs.* भवितव्यता होनी; destiny.

भवितृ *adj.* (*m.* भविता; *f.* भवित्री; *neu.* भवितृ) होने वाला; about to happen.

भविष्णु see भूष्णु.

भविष्य भावी; future. भविष्यत् आगामी समय में होने वाला; to happen in future.

भव्य होने वाला; उत्तम; आनन्ददायक; प्रभावशाली; about to be; excellent; giving pleasure; influential.

भस्त्रा *f.* धौंकनी; मशक; a bellows; leather bag for holding water. *syn.* भस्त्रका. *f.* भस्त्रिः.

भस्मन् (*neu.* भस्म) राख; ashes.

भा (अदा. P. भाति) चमकना; शोभित होना; दिखलाई देना; प्रतीत होना; to shine; to be elegant; to appear; to seem. *n.f.*– प्रकाश; प्रतिबिम्ब; splendour; reflection.

भाक्त दूसरे के आधीन; गौण अर्थ; depen-

dant; secondary meaning.

भाग: हिस्सा; विभाजन; भाग्य; लब्धि; a portion; distribution; fortune; quotient.

भागवत विष्णु का भक्त; devotee of Viṣṇu.

भागिनेय: भांजा; sister's son.

भाग्यम् तक़दीर; fate.

भाज् (चुरा. U. भाजयति) बाँटना; to distribute [अधिकतर 'वि' के साथ; generally with वि].

भाटि: *f.* मज़दूरी; भाड़ा; वेश्या की कमाई; wages; rent; earning of a harlot.

भाण: नाट्य का एक भेद जो केवल एक पात्र प्रयोजित करता है; a kind of dramatic performance which is acted by one person only.

भाण्डम् बर्तन; संगीत की सामग्री; मसखरापन; व्यापार सामग्री; utensil; a musical instrument; buffoonery; merchandise.

भाण्डारम् गोदाम; store-house.

भात चमकीला; brilliant.

भानम् मालूम पड़ना; प्रकाश; appearing; lustre.

भानु: सूर्य; किरण; the sun; rays.

भानुमत् *adj.* चमकीला; मनोहर; luminous; beautiful. *m.* **भानुमान** सूर्य; the sun.

भाम: चमक; बहनोई; brightness; sister's husband.

भामिनी *f.* सुन्दर तथा कामुकी स्त्री; a beautiful and passionate woman.

भार: बोझ; भारी काम; राशि; बोझा ढोने के लिये जुआ; load; heavy burden; heap; yoke for carrying burden.

भारिक: भारवाहक; a porter. **भारिन्** (*m.* भारी) बोझ ले-जाने वाला; bearing a load.

भार्या धर्म पत्नी; a lawful wife.

भालम् मस्तक; the forehead.

भालुक: भालू; a bear.

भाव: होना; पद [जैसे–दास्यभाव, देवीभाव इत्यादि]; दशा; प्रकृति; चित्तवृत्ति; आशय; अर्थ; पदार्थ; नाटकों में सम्मानसूचक संबोधन; भावात्मक विचार; (व्याकरण में) क्रिया व्यापार; being; rank [as in दास्यभाव, देवीभाव, etc.]; true condition; nature; emotion; intention; meaning; substance or thing; honourable address in the dramas; abstract idea; (in grammar) verb depending on action (भाववाच्य क्रिया).

भावक उत्पादन; प्रकाशक; कल्पना करने वाला; सुन्दरता के प्रति रुचि रखने वाला; bringing into existence; one who brings a thing into light; fancying; one who is inclined towards beauty. *syn.* **भावन**. *n.m.* **भावन**: शिव का नाम; name of Śiva.

भावना *f.* उत्प्रेक्षा या किसी वस्तु में किसी अन्य की कल्पना; बार-बार ध्यान करना; सहृदयता; imagining one thing to be another; thinking about one thing again and again; compassion. *adj.p.p.* **भावित**.

भाविन् (*m.* भावी) होने वाला; that which is going to take place or happen.

भावुक सहृदय; होनहार; मंगलमय; compassionate; going to become; prosperous. *n.neu.* **भावुकम्** प्रसन्नता; happiness. *n.m.* **भावुक**: बहनोई; sister's husband.

भाव्य होने वाला; about to happen.

भाष् (भ्वा. A. भाषते) कहना; बोलना; to say; to speak. *n.f.* **भाषा** बोली; वक्तृता; language; speech. *adj.p.p.* **भाषित**. *n.neu.* **भाष्यम्** व्याख्या; commentary.

भास् (भ्वा. A. भासते) प्रकाशित होना; मन में होना; to shine; to come into mind. *n.f.*भास् चमक; brightness. *n.m.*भासः. *adj.*भासक प्रकाशित करने वाला; चमकाने वाला; making intelligible; illuminating. *n.neu.* भासनम् चमकना; shining.

भासुर चमकीला; shining.

भास्कर सूर्य; the sun.

भास्वत् चमकीला; shining. *n.m.*भास्वान् सूर्य; the sun.

भिक्ष् (भ्वा. A. भिक्षते) मांगना; to beg. *n.neu.*भिक्षणम्. *n.f.*भिक्षा भीख मांगना; भीख में प्राप्त वस्तु; mendicancy; alms received in begging. *adj.p.p.* भिक्षित.

भिक्षुः भिखारी; भिक्षा पर निर्वाह करने वाला साधु; a beggar; a sage living on mendicancy. भिक्षुक भिखारी; a beggar.

भित्तम् खण्ड; टुकड़ा; a part; a bit.

भित्तिः *f.* दीवार; आधार जिस पर कोई रचना की जा सके; a wall; a plate on which work is done [such as चित्रभित्तिः].

भिद् (भ्वा. P. भिन्दति; रुधा. U. भिनत्ति, भिन्ते) बाँटना; तोड़ना; फाड़ना; भेद डालना; to divide; to break; to split; to create a rift: *pp.*भिन्न.

भिदा तोड़ना; फाड़ना; वियोग; किस्म; breaking; splitting; separation; kind or species.

भिदुर शीघ्र टूटने वाला; तोड़ने वाला; fragile; breaker.

भिन्दिपालः हाथ से फेंका जाने वाला छोटा भालां; गुलेल या पत्थर फेंकने की गुफनी; a small javelin thrown by hand; a sling for throwing stones.

भिन्न टूटा हुआ; अलग; broken; different

भिषज् (*m.* भिषक्, भिषग्) चिकित्सक; physician.

भी (जुहो. P. बिभेति) डरना; to be afraid of. *pp.*भीत. *n.f.*भीतिः भय; fear.

भी *f.* भय; fear.

भीम भयानक; terrible.

भीरु डरपोक; डरा हुआ; coward; timid.

भीषण डरावना; dreadful. भीषा डराना; frightening. *adj.pp.*भीषित डराया हुआ; frightened.

भीष्म भयानक; frightful.

भुक्त खाया हुआ; भोगा हुआ; eaten; enjoyed. *n.f.*भुक्तिः खाना; भोग करना; eating; enjoying.

भुग्न झुका हुआ; टूटा हुआ; bent; broken.

भुज् I (तुदा. P. भुजति) झुकाना; टेढ़ा करना; to bend; to curve. *pp.*भुग्न. II. (रुधा. U. भुनक्ति, भुङ्क्ते) खाना; भोग करना; to eat; to enjoy. *pp.*भुक्त. *n.f.*भुक्तिः भोज; भोग; a feast; enjoyment.

भुज् (–० भुक्) खाने वाला; भोगने वाला; eating; enjoying [such as ओदनभुक्, राज्यभुक्].

भुजः बाहु; हाथ; सूंड; रेखा (रेखागणित में); an arm; hand; trunk; line (in Geometry). *syn.n.f.*भुजा.

भुजगः सांप; a snake.

भुजङ्गः सांप; उपपति; राजा का लम्पट मित्र; लम्पट (सामान्यरूप से); a snake; paramour; king's dissolute friend; dissolute (in general). *syn.*भुजङ्गमः.

भुजिष्यः नौकर; दास; a servant; slave. *f.*भुजिष्या नौकरानी; दासी; a maid-servant; female slave.

भुवनम् लोक; world.

भुवर्, भुवस् (*ind.* भुवः) अन्तरिक्षः पृथ्वी और स्वर्ग के बीच में एक काल्पनिक लोक; तीन महाव्याहृतियों (भूः भुवः स्वः) में एक; ether; an imaginary world be-

tween earth and heaven; one of the three sacred Mahāvyāhṛtis (भूः भुवः स्वः).

भू (भ्वा. P. भवति) होना; उत्पन्न होना; to be; to be born or produced.

भू (--०) होने वाला; उत्पन्न होने वाला; being; arising [such as आत्मभू].

भूः पृथ्वी; महाव्याहृतियों में पहली; earth; the first among three Mahāvyāhṛtis.

भूत जो हो चुका; अतीत; happened; past. *n.neu.* भूतम् प्राणी; प्रेत; पृथ्वी इत्यादि ५ तत्त्व; भूतकाल; any being–animate or inanimate, human or divine; a ghost; 5 elements–earth, etc.; past tense.

भूतिः *f.* उत्पत्ति; संपत्ति; महिमा; राख; हाथी का रंगों की धारियों से श्रृंगार; हाथी का मद; production; wealth; dignity; ashes; decoration of elephants with coloured stripes; elephant's rut.

भूपतिः, भूपालः, भूभुज् (भूभुक्) राजा; a king.

भूभृत् पहाड़; राजा; mountain; a king.

भूमिः *f.* पृथ्वी; आधार जिस पर कोई रचना की जाती है; अधिकारी [जैसे-विश्वासभूमि]; चरित्र का अभिनय; earth; basis on which something is composed; deserving [such as विश्वासभूमि]; a character in drama.

भूमिका प्रस्तावना; नाटक में चरित्र का अभिनय; अभिनेता की पोशाक; पृथ्वी; an introduction; acting of a character in drama; actor's costumes; earth.

भूयशस् (*ind.* भूयशः) अधिकतर; अत्यधिक; mostly; in a high degree.

भूयस् *adj.* (*m.* भूयान्; *f.* भूयसी; *neu.* भूयः) अधिक; much.

भूयस् (*ind.* भूयः) फिर; अधिक; further; much.

भूयसा *ind.adv.* अत्यधिक रूप में; exceedingly.

भूयिष्ठ सबसे अधिक; most.

भूरि *adj.* अधिक; much.

भूरुहः वृक्ष; tree.

भूर्जः भोजपत्र; birch tree.

भूष् (भ्वा. P. भूषति; चुरा. U. भूषयति, -ते) सजाना; to adorn. *n.f.* भूषा सजावट; decoration. *pp.* भूषित.

भूषणम् गहने; आभूषित करना; ornament; decorating.

भूष्णु होने वाला; समृद्धि का इच्छुक; being; desiring wealth. *syn.* भविष्णु.

भूसुरः ब्राह्मण; Brāhmana.

भृ (भ्वा. U. भरति, -ते; जुहो. U. बिभर्ति, बिभृते) भरना; धारण करना; भरण-पोषण करना; to fill; to bear; to support or nourish. *pp.* भृत.

भृकुटिः भौंह; an eyebrow.

भृङ्गः भौंरा; सोने का कलश; a black bee; golden jar.

भृङ्गारः सोने का कलश; विशेष आकार का घड़ा; a golden jar; a pitcher of particular shape.

भृज् (भ्वा. A. भर्जते) भूनना; तलना; to roast; to fry.

भृत भरा हुआ; धारण किया हुआ; वेतन पर लिया गया; filled; borne; hired. *n.f.* भृतिः मजदूरी; wages.

भृतकः मज़दूरी पर रक्खा हुआ नौकर; a hired servant.

भृत्यः नौकर; दास; a servant; slave.

भृश् (दिवा. P. भृश्यति) नीचे गिरना; to fall down.

भृशम् *ind.* बहुत ज़्यादा; अधिकता के साथ; प्रचण्डता के साथ; बारंबार; अपेक्षाकृत अच्छी

रीति से; very much; exceedingly; violently; repeatedly; in a better way.

भृष्ट भूना हुआ; तला हुआ; roasted; fried. *n.f.*भृष्टि: भूनना; तलना; roasting; frying.

भेक: मेंढक; a frog.

भेड: मेंढा; भेड़; a ram; sheep.

भेद: फूट; टूटना; चीरना; छिद्र; rift; breaking; rending; clift. *adj.*भेदक. *n.neu.*भेदनम्.

भेरि:, **भेरी** ढोल; drum.

भेषजम् दवा; medicine.

भैक्षम् मांगना; भीख; begging; alms. **भैक्ष्यम्** भीख; charity.

भैरव भयानक; terrible. **भैरव:** शिव; an epithet of Śiva.

भैषज्यम् औषधि देना; medical treatment.

भोक्तृ (*m.* भोक्ता) उपभोग करने वाला; one who enjoys.

भोग: उपयोग के विषयों का आनन्द लेना; सांप का मुख; enjoyment of objects by utilisation; hood of a snake. *hav.*भोगिन् सांप; a snake.

भोग्य उपभोग के योग्य; fit for enjoyment

भोजनम् खाना; food. *adj.*भोजनीय खाने योग्य; eatable. *sub.*भोजयितृ (भोजयिता) खिलाने वाला; feeder. *w.d.*भोज्य जो खाया जा सके; that which can be eaten.

भोस् *ind.* (भोः) संबोधन सूचक अव्यय–अरे, हे इत्यादि के समान; a vocative particle used in the sense of अरे, हे, etc.

भौतिक सांसारिक; प्राणियों से संबन्धित; ५ महाभूतों से बना; worldly; belonging to living beings; formed of 5 basic elements.

भौम पृथ्वी से संबन्धित; related to earth, earthly.

भ्रंश् (भ्वा. A. भ्रंशते; दिवा. P. भ्रश्यति) गिरना; वंचित होना; ठीक मार्ग से विचलित होना; to fall down; to be deprived of; to deviate from right path. *pp.*भ्रष्ट.

भ्रंश: पतन; बर्बादी; ओझल हो जाना; fall; destruction; disappearance. *n.neu.*भ्रंशनम्.

भ्रम् (भ्वा. P. भ्रमति; दिवा. P. भ्राम्यति) घूमना; गलती करना; लड़खड़ाना; to go about; to go astray; to totter. *n.m.*भ्रम: गलतफ़हमी; चक्कर खाना; delusion; whirlpool. *n.neu.* भ्रमणम्. *n.f.*भ्रमि:.

भ्रमर: भौंरा; a black-bee.

भ्रस्ज् (तुदा. U. भृज्जति, -ते) भूनना; तलना; to try; to roast. *pp.*भृष्ट.

भ्राज् (भ्वा. A. भ्राजते) चमकना; जगमगाना; to shine; to glitter.

भ्रातृ (*m.* भ्राता) भाई; brother.

भ्रान्त घूमा फिरा; घबराया; गड़बड़ाया; wandered; confused; gone astray.

भ्रामक घुमाने वाला; उलझाने वाला; causing to move; perplexing.

भ्रुकुटि: भौंह; eyebrow.

भ्रू भौंह; brow or eyebrow.

भ्रूण: गर्भ; कलल; an embryo; foetus.

म

मकर: मगरमच्छ; a crocodile.

मकरन्द: फूलों का रस; शहद; juice of flowers; honey.

मकरी *f.* मादा घड़ियाल; a female

crocodile.

मक्षिका मक्खी; मधुमक्खी; a fly; a honey-bee.

मख: यज्ञ; a religious sacrifice.

मग्न डूबा हुआ; लीन; लिप्त; sunk; absorbed; clung.

मघवत् (*m*. मघवा) इन्द्र; उल्लू; name of Indra; an owl. *syn*.मघवन्.

मघा ५ तारों का समूह; a constellation of 5 stars.

मङ्क्षु *ind.* तुरन्त; अत्यन्त; at once; very much.

मङ्गल शुभ; कल्याणकारी; auspicious; faring well. मङ्गलम् सौभाग्य; कुशलक्षेम; good luck; well being. मङ्गलीय शुभ; fortunate. मङ्गल्य सौभाग्यशाली; auspicious.

मज्जनम् डुबकी; sinking.

मज्जा चर्बी; पौधों का रस; marrow; the pith of plants.

मञ्च: ऊंचा आसन; मचान: चारपाई; व्यासपीठ; a raised seat; dais; a platform; a couch; a pulpit.

मञ्जरिः बौर; फूलों का गुच्छा; लता; a sprout; a cluster of blossoms; a creeper.

मञ्जीर: पैर का आभूषण; an ornament of foot.

मञ्जु *adj*. सुन्दर; मनोहर; beautiful; charming.

मञ्जुल सुन्दर; lovely.

मञ्जूषा *f*. संदूक; पेटी; a box; chest.

मठ: संन्यासी की कुटी; देवालय; the hut of an ascetic; a temple.

मठर शराब में मतवाला; intoxicated.

मणि: *m*. रत्न; उत्तम वस्तु; कलाई; भगांकुर; लिंग का अगला भाग; a gem; anything best of its kind; wrist; clitoris; forepart of penis. मणिबन्ध: कलाई; wrist.

मणितम् संभोग काल में स्त्री की सीत्कार; a murmuring sound uttered by women at the time of cohabitation.

मण्ड् (भ्वा. P. मण्डति; चुरा. U. मण्डयति, -ते) सजाना; to adorn or decorate. *pp*.मण्डित सजाया हुआ; decorated.

मण्ड: चावलों का मांड; तरल वस्तु पर जमा गाढ़ा चिकना पदार्थ; the scum of boiled rice; a thick oily substance on liquid.

मण्डनम् सजाने का काम; the act of decorating.

मण्डप: शामियाना; तंबू; an open hall covered by canvas; a tent.

मण्डल गोल; round. मण्डलम् घेरा; सेना का दल; देश; circumference; troop; country.

मण्डूक: मेंढक; a frog.

मण्डूरम् लोहे का जंग; rust of iron.

मतम् विचार; राय; सिद्धान्त; thought; opinion; doctrine.

मतङ्ग: एक अछूत जाति; हाथी; an untouchable caste; elephant.

मति: बुद्धि; इरादा; विचार; intellect; idea; thought.

मत्क मेरा; my; mine.

मत्कुण: खटमल; bed-bug.

